सूर्योदय 6:35 सूर्यास्त 5:35

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 10 न्यू | 21 अधि |
| धर्मशाला | 12 न्यू | 23 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,997.23 |
| निफ्टी | 26,054.22 |

सोना 1,20,628 चांदी 1,46,633

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 30 अक्तूबर 2025 | 15 कार्तिक, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 302, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

श्री लक्ष्मी नारायण एस्ट्रो सैंटर

सोमवार से शुक्रवार : नजदीक रेलवे फाटक ज्वाली

शनिवार व रविवार : नजदीक डॉ. अजय महाजन डलहौजी रोड़, पठानकोट

नजदीक रेलवे फाटक ज्वाली जिला कांगड़ा (हि.प्र.) Mob. 9816484986, 7973840514

भाग्यश्री, अमीषा पटेल, दीपशिखा नागपाल, अदिति गोवित्रिकर, शाज़ान पदमसी, मनीषा लांबा, महक चहल, अमन वर्मा आदि बॉलीवुड हस्तियों से सम्मानित

Pt. VIPIN SHARMA
ASTROLOGER
INTERNATIONAL
GOLD MEDALIST

अध्यक्ष
अखिल भारतीय सरस्वती ज्योतिष युवा मंच (रजि) इकाई हि.प्र.



## न्यूज शॉर्ट्स

### दिल्ली में क्लाउड सीडिंग रोकी, 3 ट्रायल नाकाम

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली में बुधवार को क्लाउड सीडिंग रोक दी गई। एक्सपर्ट के मुताबिक, क्लाउड सीडिंग में तभी सफलता मिलती है जब हवा में करीब 50 प्रतिशत नमी हो, इस समय हवा में नमी 10-15 प्रतिशत के करीब है। दिल्ली सरकार प्रदूषण कम करने के लिए क्लाउड सीडिंग पर करीब 3.2 करोड़ रुपए खर्च कर रही है। दिल्ली पर्यावरण विभाग और आईआईटी-कानपुर के बीच हुए समझौते के अनुसार, एक ट्रायल की कीमत करीब 64 लाख रुपए है। 28 अक्तूबर को दो ट्रायल हुए, जबकि पहला ट्रायल 23 अक्तूबर को हुआ था। तीनों ही ट्रायल सफल नहीं हो पाए। (अनंत ज्ञान)

### आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट से मिली जमानत

**एजेंसी, जोधपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट (जोधपुर) ने नाबालिग से रेप के दोषी आसाराम को 6 महीने की जमानत दी है। कार्यवाहक चीफ जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस संगीता शर्मा की डिवीजन बेंच ने मंगलवार को जमानत याचिका पर सुनवाई की। याचिका मेडिकल आधार पर लगाई गई थी। राजस्थान हाईकोर्ट से उसे पहली बार जमानत मिली है। इससे पहले अंतरिम जमानत खत्म होने के बाद उसने 30 अगस्त को सरेंडर कर दिया था। दरअसल, आसाराम नाबालिग से रेप मामले में अप्रैल 2018 से आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। (अनंत ज्ञान)

### कनाडा में पंजाबी सिंगर चन्नी के घर फायरिंग

**एजेंसी, एटोबा।** कनाडा में लॉरेंस के करीबी गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों ने पंजाबी सिंगर चन्नी नट्टन के घर पर फायरिंग का दावा किया। इसे लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी शेयर की गई है, जिसमें लॉरेंस गैंग ने इस घटना की जिम्मेदारी ली है। गैंग की ओर से पोस्ट में कहा कि फायरिंग की वजह गायक सरदार खैहरा से चन्नी नट्टन की नजदीकियां बढ़ना हैं। जो भी सिंगर सरदार खैहरा के साथ काम करेगा, वह अपने नुकसान के लिए खुद जिम्मेदार होगा। कनाडा में इससे पहले कपिल शर्मा के रेस्टोरेंट पर फायरिंग की घटना सामने आ चुकी है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- अनुराग हमीरपुर में मनाएंगे सरदार पटेल की 150वीं जयंती — पेज 2
- हिमाचल कांग्रेस में अध्यक्ष पद पर सियासी 'खींचातान' बरकरार — पेज 3
- एचआरटीसी बसों में कीजिए मुफ्त और रियायती सफर — पेज 5
- विधायक नीरज नैय्यर ने किया दो संपर्क मार्गों का भूमि पूजन — पेज 7
- सस्ती जैकेट खरीदना चाहते हो तो आएं कुल्लू — पेज 11

# 2 फीसदी बढ़ाई जाए लोन लिमिट

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भेंट कर हिमाचल में हालिया आपदाओं से उत्पन्न परिस्थितियों से उन्हें अवगत कराते हुए राज्य के लिए अतिरिक्त उधार सीमा व आपदा राहत पैकेज के समर्थन की मांग की। सीएम ने वित्त मंत्री से आग्रह किया कि इस वित्त वर्ष की शेष अवधि के लिए लोन लिमिट 2 प्रतिशत तक बढ़ाई जाए। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार अभी जीडीपी का 3.5 प्रतिशत लोन ले पा रही है। सीएम ने इसे पूर्व भाजपा सरकार की तर्ज पर 5 प्रतिशत करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित भागों में हुए व्यापक नुकसान और तत्काल राहत एवं पुनर्वास जरूरतों की जानकारी देते हुए केंद्र से तत्काल वित्तीय सहायता और छूटों की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि सड़कें, पुल, और कृषि भूमि पर हुए नुकसान का अनुमान सरकार जल्दी से तैयार कर केंद्र को भेजेगी, ताकि आवश्यक पैकेज पर निर्णय शीघ्र लिया जा सके। वहीं, वित्त मंत्री ने राज्य की संवेदनशीलता समझते हुए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है।



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से बात करते हुए।

**केंद्रीय मंत्री ने मदद का दिया आश्वासन**

### 150 ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन खोलने का आग्रह

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह से प्रदेश में 150 स्वचालित मौसम केंद्र और किन्नौर में एक डॉप्लर वेदर रडार स्थापित करने का आग्रह किया, ताकि इनके माध्यम से पूरे प्रदेश में एडवांस में चेतावनी प्रणाली विकसित की जा सके। सीएम ने कहा कि राज्य की भौगोलिक परिस्थिति, ग्लोबल वार्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन के कारण प्राकृतिक आपदाओं की संख्या में अप्रत्याशित इजाफा हुआ है। इस कारण राज्य में व्यापक स्तर पर नुकसान हो रहा है। इसे कम करने के लिए डॉप्लर रडार व वेदर स्टेशन स्थापित करना अनिवार्य है।सीएम ने हमीरपुर जिला में मौसम डेटा केंद्र, प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में दो अतिरिक्त वायु निगरानी प्रणालियां और शेडो जोन में कॉम्पैक्ट वेदर रडार स्थापित करने की मांग भी रखी।

# पाकिस्तान ने जिसे पकड़ने का किया था दावा, वह पायलट राष्ट्रपति के साथ दिखीं

## शिवांगी सिंह को बताया था युद्धबंदी, विमान गिराने का किया था दावा

**एजेंसी, अंबाला**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार सुबह अंबाला एयरफोर्स स्टेशन से फाइटर प्लेन राफेल में उड़ान भरी। इस दौरान राष्ट्रपति की स्क्वॉड्रन लीडर शिवांगी सिंह के साथ एक फोटो भी सामने आई। यह वही स्क्वॉड्रन लीडर हैं, जिसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पकड़ने का दावा पाकिस्तान ने किया था।

पाकिस्तान मीडिया की रिपोर्ट में कहा गया था कि शिवांगी युद्धबंदी हैं और उनका लड़ाकू विमान ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मार गिराया गया। पीआईबी ने 10 मई को फैक्ट चेक में पाकिस्तान के दावे को झूठा करार दिया था। शिवांगी यूपी के वाराणसी की रहने वाली हैं। राष्ट्रपति बुधवार सुबह 9.15 बजे विशेष विमान से अंबाला पहुंचीं थीं। एयरफोर्स स्टेशन पर एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने उनका स्वागत किया। फिर राष्ट्रपति को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राष्ट्रपति ने परेड का निरीक्षण करने के बाद जवानों से मुलाकात की। (अनंत ज्ञान)



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ स्क्वॉड्रन लीडर शिवांगी सिंह।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने राफेल में 40 मिनट भरी उड़ान

**राष्ट्रपति** जिस राफेल में बैठी थीं, उसे ग्रुप कैप्टन अमित गेहानी ने उड़ाया। राफेल ने सुबह 11:10 बजे टेक ऑफ किया और 11:50 बजे लैंड किया। राष्ट्रपति के राफेल के पीछे एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने दूसरे एयरक्राफ्ट से उन्हें एस्कॉर्ट किया। राष्ट्रपति मुर्मू भारतीय वायु सेना के 2 फाइटर विमानों में उड़ान भरने वाली भारत की पहली राष्ट्रपति हैं। इससे पहले, 7 अप्रैल 2023 को उन्होंने असम के तेजपुर एयरफोर्स स्टेशन से सुखोई 30 एमकेआई फाइटर जेट में उड़ान भरी थी।

# जंगलों के बीच बसे गांवों को बाहर बसाने पर सरकार से जवाबतलब

**पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने जंगलों के बीच बसे गांवों को जंगलों से बाहर बसाने से जुड़ी जनहित याचिका पर केंद्र और राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। अदालत ने इस मुद्दे पर उपयोगी नीति तैयार करने पर विचार करने के आदेश देते हुए नई जनहित याचिका पंजीकृत करने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने कहा कि यह केवल हिमाचल प्रदेश ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर की समस्या है, जहां निजी जमीन मालिकों ने धीरे-धीरे जंगल की भूमि पर कब्जा कर उसे अपनी सुविधानुसार इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। इससे वन भूमि के रखरखाव पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है और वन विभाग भी प्रबंधन में कठिनाइयों का सामना कर रहा है।

अदालत ने सुझाव दिया कि केंद्र और राज्य स्तर पर ऐसी व्यापक नीति बने, जिसके तहत जंगलों के भीतर स्थित निजी भूमि का आदान-प्रदान किया जा सके और प्रभावित लोगों को अनुमति के साथ जंगल की सीमाओं के बाहर बसाया जा सके, ताकि हरियाली और निजी हितों के बीच संतुलन कायम रहे और भूमि एकीकरण के सिद्धांत को भी ध्यान में रखा जा सके।

# वांगचुक केसः सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र व लद्दाख से मांगा जवाब

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सोनम वांगचुक की पत्नी की याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख प्रशासन से जवाब मांगा है। यह याचिका सोनम वांगचुक की हिरासत को चुनौती देने से संबंधित है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 24 नवंबर को आगे की सुनवाई करेगा। वांगचुक वर्तमान में राजस्थान के जोधपुर स्थित केंद्रीय जेल में बंद हैं। वांगचुक को 26 सितंबर को कड़े राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत हिरासत में लिया गया था। यह घटना केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची का दर्जा देने की मांग को लेकर हुए हिंसक प्रदर्शनों के दो दिन बाद हुई थी। इस हिंसक प्रदर्शन में चार लोगों की मौत हो गई थी और 90 लोग घायल हो गए थे। सरकार ने उन पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया था। (अनंत ज्ञान)

# देश का मैरीटाइम सेक्टर ग्रोथ का नया इंजन : पीएम

## इंडिया मैरीटाइम वीक में कहा-इंडियन पोर्ट्स आज सबसे एफिशिएंट पोर्ट्स में शामिल

**एजेंसी, मुंबई**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को मुंबई में चल रहे इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 में शामिल हुए। पीएम ने मैरीटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव में कहा कि 2016 में शुरू हुआ इंडिया मैरीटाइम वीक आज एक ग्लोबल इवेंट बन गया है।

मैरीटाइम सेक्टर भारत की ग्रोथ को आगे बढ़ा रहा है। मोदी ने कहा कि पिछले एक दशक में इससे ट्रेड और पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा मिला है। भारत का मैरीटाइम सेक्टर बहुत तेजी और एनर्जी के साथ आगे बढ़ रहा है। आज इंडियन पोर्ट्स को डेवलपिंग दुनिया में सबसे एफिशिएंट माना जाता है। कई मामलों में वे और भी बेहतर परफॉर्म कर रहे हैं। उन्होंने ग्लोबल मैरीटाइम सीईओ फोरम की अध्यक्षता की। पीएम मोदी ने शिपिंग सेक्टर से जुड़े 2.2 लाख करोड़ रुपए के कई प्रोजेक्ट्स का शुभारंभ हुआ और 12 लाख करोड़ रुपए के इंवेस्टमेंट एमओयू जारी किए। गौर रहे कि इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 का आयोजन 27 से 31 अक्तूबर तक हो रहा है, जिसकी थीम यूनाइटिंग ओशन्स, वन मैरीटाइम विजन (सागर एक, दृष्टि एक) है। इसमें 85 से अधिक देशों के प्रतिनिधि, 1 लाख से ज्यादा प्रतिभागी, 500 प्रदर्शक, और 350 अंतरराष्ट्रीय वक्ता भाग ले रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



### इंडिया मैरीटाइम वीक?

**इंडिया** मैरीटाइम वीक भारत के समुद्री क्षेत्र को नई दिशा देने और देश को ब्लू इकोनॉमी के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इसमें सतत समुद्री विकास, हरित शिपिंग, मजबूत सप्लाई चेन और ब्लू इकोनॉमी को बढ़ावा देने पर चर्चा होगी। ग्लोबल मैरीटाइम सीईओ फोरम को इंडिया मैरीटाइम वीक का प्रमुख आयोजन माना जा रहा है। इसमें दुनिया भर की प्रमुख शिपिंग कंपनियों के सीईओ निवेशक, नीति निर्माता, तकनीकी नवाचारक और अंतरराष्ट्रीय साझेदार शामिल होंगे।

# भारत में 2031 में 4 .63 लाख होगी प्रति व्यक्ति आय

## वर्ष 2013 में 6 करोड़ परिवार सालाना 10 लाख कमा रहे थे, अब ऐसी 10 करोड़ फैमिली

**एजेंसी, मुंबई**

देश में प्रति व्यक्ति आय, खर्च कर सकने वाली आबादी और शहरीकरण उस मुकाम पर पहुंच रहा है, जहां से खपत तेजी से बढ़ती है। बहुराष्ट्रीय एसेट मैनेजमेंट कंपनी फ्रैंकलिन टेंपलटन की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 2010-2024 के बीच प्रति व्यक्ति आय दोगुनी होकर सालाना 2.41 लाख हो गई। 2031 तक यह 4.63 लाख रुपए हो जाएगी। इससे लोग प्रीमियम सामान, पर्यटन और सेहत पर जरूरतों से ज्यादा खर्च करेंगे।

इसके अलावा, इस साल के आखिर तक भारत में सालाना 10 लाख रुपए कमाने वाले परिवार 10 करोड़ हो जाएंगे। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2013 में ऐसे परिवार 6 करोड़ थे। ये लोग कुल खपत का 40 प्रतिशत हिस्सा संभालेंगे। इससे कार, मकान, एफएमसीजी प्रोडक्ट्स की बिक्री तेजी से बढ़ेगी। रिपोर्ट बताती है कि भारत अब आकांक्षा-प्रेरित अर्थव्यवस्था बन रहा है। इससे जीडीपी तेजी से बढ़ती है।



2024 से 2030 के बीच भारत की नॉमिनल जीडीपी ग्रोथ 11 प्रतिशत सीएजीआर की रफ्तार से बढ़ने का अनुमान है। तब तक भारतीय अर्थव्यवस्था 644 लाख करोड़ रुपए की हो जाएगी। इसमें घरेलू खपत का हिस्सा 60 प्रतिशत है। इससे अगले साल भारत तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार बन सकता है। निजी खपत पहले ही 2024 में 185 लाख करोड़ से ज्यादा है, 2013 में 88 लाख करोड़ थी। यह चीन, अमेरिका, जर्मनी से भी तेजी से बढ़ी है। (अनंत ज्ञान)

# तूफान मोन्था से ओडिशा में दो लोगों की मौत

**एजेंसी, भुवनेश्वर।** चक्रवाती तूफान मोन्था बुधवार सुबह ओडिशा के गंजम पहुंचा। गंजम के समुद्र में ऊंची-ऊंची लहरें उठ रही हैं और हवा की रफ्तार 80-100 किमी प्रति घंटा पहुंच गई। ओडिशा के 8 जिले गंजम, गजपति, रायगढ़ा, कोरापुट, मलकानगिरी, कंधमाल, कालाहांडी और नबरंगपुर में मोन्था के चलते भारी बारिश और आंधी चली। राज्य सरकार ने 11 हजार लोगों को निकाल लिया है। 30 हजार लोगों को सुरक्षित जगह पर पहुंचाने की तैयारी है। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि तूफान मोन्था के कारण राज्य में दो लोगों की मौत हुई। उन्होंने कहा कि एहतियाती उपायों से नुकसान कम हुआ है। वहीं, तूफान के आंध्र प्रदेश से टकराने के बाद तेलंगाना में तेज बारिश हुई। महबूबाबाद जिले के डोरनकल रेलवे स्टेशन पर पानी भर गया। गोलकुंडा और कोणार्क एक्सप्रेस को रोकना पड़ा। (अनंत ज्ञान)

# पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन तेलंगाना सरकार में बनेंगे मंत्री

**एजेंसी, हैदराबाद**

पूर्व क्रिकेटर और एमएलसी मोहम्मद अजहरुद्दीन को तेलंगाना सरकार में मंत्री बनाया जाएगा। वह 31 अक्तूबर को राजभवन में शपथ लेंगे। इसकी वजह राज्य की जुबली हिल्स विधानसभा सीट पर 11 नवंबर को उपचुनाव होने हैं। इस सीट पर मुस्लिम मतदाता 30 प्रतिशत हैं। माना जा रहा है कि अजहरुद्दीन की कैबिनेट में एंट्री से कांग्रेस को फायदा मिलेगा। वह 2023 में इसी सीट से चुनाव हार चुके हैं। वहीं, तेलंगाना की कांग्रेस सरकार में अभी एक भी मुस्लिम मंत्री नहीं है। इस वजह से मुस्लिम समुदाय को कैबिनेट में प्रतिनिधित्व न देने का आरोप लग रहा था। अब अजहरुद्दीन के मंत्री बनने से यह कमी पूरी हो जाएगी। (अनंत ज्ञान)



**कल लेंगे शपथ रेवंत सरकार के पहले मुस्लिम मंत्री होंगे**

# ब्राजील में पुलिस ने ड्रग माफिया के ठिकानों पर किए हवाई हमले

**एजेंसी, रियो डी जेनिरो**

ब्राजील के रियो डि जेनेरियो में पुलिस ने ड्रग माफिया के ठिकानों पर भीषण हवाई हमले किए। ब्राजील के रियो डि जेनेरियो में पुलिस ने ड्रग संगठन व्रेड कमांडज के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन चलाया है। राजधानी रियो डि जनेरियो में 2500 पुलिस कर्मियों ने हेलिकॉप्टर से अपराधियों के इलाकों पर छापा मारा। जैसे ही पुलिस की टीमें आगे बढ़ीं, रेड कमांड गैंग के सदस्यों ने फायरिंग शुरू कर दी।

अधिकारियों के मुताबिक, गैंग ने सड़कों पर जलते हुए बैरिकेड्स लगाए और ड्रोन से बम गिराए, ताकि पुलिस को रोका जा सके। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भारी हथियारों का इस्तेमाल किया। इस भिड़ंत में कम से कम 64 लोग मारे गए, जिनमें 4 पुलिस कर्मी भी शामिल हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक पुलिस इस हमले के लिए 1 साल से प्लानिंग कर रही थी। (अनंत ज्ञान)

**जवाब में ड्रोन से बमबारी; 4 पुलिस अफसरों समेत 64 की मौत**

### पुलिस ने 80 से ज्यादा लोगों को किया अरेस्ट

**पुलिस** ने दिनभर चली मुठभेड़ में 80 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई से आसपास रहने वाले करीब तीन लाख लोगों में दहशत फैल गई। लोग इसे वॉर जोन जैसा माहौल बता रहे हैं। कई आम नागरिक भी गोलीबारी में घायल हुए, जबकि कई सड़कें अभी भी बंद हैं। इलाके में रहने वालों ने बताया कि गोलियों और धमाकों की आवाजें पूरे दिन गूंजती रहीं और लोग घरों से बाहर नहीं निकल पाए।

**देव परंपरा** यहां सदियों से हो रहा अनूठी देव परंपरा कर निर्वहन, इंसानों के साथ-साथ निपटाए जाते हैं देवी-देवताओं के मामले

# विश्व कल्याण के लिए कुल्लू में आज भी बुलाई जाती है देव संसद 'जगती'

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** देवभूमि कुल्लू में एक ऐसी अनूठी देव संसद होती है, जहां पर इंसानों के साथ देवी-देवताओं के मामले भी निपटाए जाते हैं। इसे स्थानीय भाषा में 'जगती' कहते हैं। विश्व कल्याण या किसी अहम मुद्दे के लिए होने वाले इस जगती को धर्म संसद भी कहा जाता है। जब-जब विश्व में प्राकृतिक आपदा आने की संभावना होती है, तब-तब बड़ी और जब देवी-देवता किसी बात को लेकर नाराज होते हैं, तो छोटी जगती होती है। देवी-देवता कुल्लू राज परिवार के प्रमुख को जगती पूछ के आयोजन करने का आदेश देते हैं।

जगती के लिए देवताओं को निमंत्रण के बाद भाग लेना न लेना देवताओं की मर्जी पर होता है, लेकिन नग्गर की देवी त्रिपुरा सुंदरी, कोटकंडी के पंजवीर देवता, देवता जमलू और माता हिडिंबा की जगती में मुख्य भूमिका रहती है। भगवान रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह के अनुसार, जगती देव आदेश पर ही होती है।

अगर जगती नग्गर स्थित जगतीपट्ट में होनी हो, तो उसके लिए माता त्रिपुरा सुंदरी को पूछा जाता है और जब रघुनाथ जी के यहां होनी हो, तो भगवान रघुनाथ जी ही दिन तय करते हैं। देवभूमि कुल्लू में कई बार छोटी व बड़ी जगती का आयोजन किया जा चुका है। इसी कड़ी में इस बार छोटी जगती हो चुकी है, वहीं अब दशहरा उत्सव के दौरान माता हिडिंबा ने बड़ी 'जगती' करवाने के आदेश दिए हैं।



नग्गर का जगतीपट्ट, जहां 31 अक्तूबर को जगती का आयोजन किया जाएगा।

**अनंत ज्ञान विशेष**

### जगती ?

**जगती** को देव संसद कहा जाता है और यह दो तरह की होती है, बड़ी व छोटी जगती। बड़ी जगती नग्गर के जगतीपट्ट में तब होती है, जब सृष्टि के लिए कोई खतरा हो। छोटी जगती तब होती है, जब किसी विशेष आयोजन को लेकर देवी-देवता नाराज होते हैं या अन्य कुछ। यह भगवान रघुनाथ जी के मंदिर में होती है। इस परंपरा को लोकतंत्र का एक बेहतर उदाहरण कहा जा सकता है, जिसमें देव समाज एकजुट होकर संस्कृति, परंपरा के बचाव और विश्व कल्याण बारे बात करता है। जगती शब्द जगत से बना है।

### कुल्लू में कब-कब हुआ जगती का आयोजन

**कुल्लू** में जब भीषण सूखा पड़ा था, तो रघुनाथ के छड़ीबरदार महेश्वर सिंह के दादा-दादा ने जगती बुलाई थी। दूसरी बार उनके पिता राजा महेंद्र सिंह ने 16 फरवरी 1971 में जब घाटी में महामारी फैली थी और तीसरी बार 16 फरवरी 2007 में स्की विलेज पर लोगों के विरोध और सरकार के निर्णय पर फैसला लेने पर जगती को बुलाया गया था। इसके बाद पशु बलि पर रोक लगाने के न्यायालय के फैसले पर निर्णय लेने के लिए 26 सितंबर 2014 को जगती बुलाई गई थी। बड़ी जगती बुलाई और 2019 में दशहरा के बाद और 16 नवंबर 2020 को छोटी जगती हुई थी। अब 31 अक्तूबर को नग्गर में स्थित जगती पट्ट में बड़ी जगती का आयोजन होगा।

> नग्गर के जगतीपट्ट में 31 अक्तूबर को जगती होगी। इसके लिए सभी देवी-देवताओं को निमंत्रण भेज दिया गया है। 30 अक्तूबर तक देवताओं के गुर नग्गर पहुंच जाएंगे। 31 को सुबह करीब 10 बजे देव संसद यानी जगती की औपचारिक शुरुआत होगी। इस दौरान अठारह करडू का धड़च कुल्लू से भेजा जाएगा, जो इस आयोजन की परंपरा का अहम हिस्सा है। कुल्लू सहित अन्य जिलों के देवी देवताओं के निशान व कारदार के भी भाग लेने की उम्मीद है।
>
> **-महेश्वर सिंह, मुख्य छड़ीबरदार, भगवान रघुनाथ जी**

### स्की विलेज तक का फैसला हुआ जगती में

**वर्ष** 2007 में सरकार ने कुल्लू-मनाली में स्की विलेज बनाने का निर्णय लिया था उस दौरान देव संस्कृति और पहाड़ों से छेड़छाड़ के विरोध में लोग आ गए। इसके बाद देव जगती बुलाई गई। जगती में देवताओं में स्की विलेज का विरोध किया और उसके बाद से यह प्रोजेक्ट सिरे नहीं चढ़ा।

## न्यूज ब्रीफ

### मोटरसाइकिल में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत अवाहदेवी के पास पेट्रोल पंप के समीप एक मोटरसाइकिल अचानक आग की लपटों में घिर गई। जानकारी के अनुसार, ठेकेदार राजेश कुमार के अधीन कार्यरत जेसीबी चालक रोहित धीमान निवासी धर्मपुर अपनी मोटरसाइकिल (नंबर एचपी-67-0459) पर कार्यस्थल जा रहे थे। रास्ते में पेट्रोल की गंध आने पर उन्होंने वाहन को मैकेनिक को दिखाने का निर्णय लिया। इसी दौरान अचानक शॉर्ट सर्किट से मोटरसाइकिल में आग लग गई। रोहित धीमान ने समय रहते मोटरसाइकिल से उतरकर अपनी जान बचाई, जिससे कोई हानि नहीं हुई। हालांकि, मोटरसाइकिल पूरी तरह जलकर राख हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस थाना भोरंज की टीम मौके पर पहुंची और निरीक्षण किया। प्राथमिक जांच में किसी भी आपराधिक या संदेहास्पद गतिविधि के प्रमाण नहीं मिले। एसएचओ भोरंज प्रशांत सिंह ठाकुर ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि यह एक आकस्मिक घटना है और किसी प्रकार का मामला पंजीकृत नहीं किया गया।

### रास्ता रोककर की मारपीट, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बड़सर थाना में गलोड़ के गुरयाह गांव के एक व्यक्ति ने उससे रास्ता रोक कर मारपीट करने बारे शिकायत दर्ज करवाई है। एसपी भगत सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि गलोड़ के गुरयाह गांव के मोहित कुमार पुत्र मोहिंद्र पाल ने पुलिस में दी शिकायत में कहा है कि अनिल कुमार ने उसका रास्ता रोक कर उससे बिना वजह मारपीट की। जिस कारण उसे चोटें आई हैं। एसपी ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### रास्ता रोककर मारपीट करने पर क्रॉस एफआईआर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो हमीरपुर।** हमीरपुर थाना में बरोहा गांव की एक महिला ने बेटे और उससे मारपीट करने बारे मामला दर्ज करवाया है। एसपी भगत सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि डुग्घा के बरोहा गांव की अनिशा कुमारी पत्नी संदीप कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि बरोहा गांव के अमित कुमार पुत्र श्याम प्रसाद, श्याम प्रसाद पुत्र भागीरथ, सोहन लाल पुत्र दीपान चंद, रोशनी देवी पत्नी श्याम प्रसाद व बबीता देवी पत्नी अमित ने उसके साथ और उसके बेटे के साथ रास्ता रोक कर गाली-गलौज की। यही नहीं उनके साथ मारपीट भी की, जिस कारण उन्हें चोटें भी आई हैं। वहीं, बरोहा गांव के अमित कुमार पुत्र श्याम प्रसाद ने बरोहा गांव की अनीशा कुमारी पत्नी संदीप कुमार व आकाश पुत्र संदीप कुमार ने उससे व उनके पारिवारिक सदस्यों के साथ रास्ता रोक कर गाली-गलौज व मारपीट की है। एसपी ने बताया कि दोनों की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### गाली-गलौज करने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान बड़सर।** बड़सर पुलिस थाने में बदलोई गांव की एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई है कि सोनिका प्रकाश तथा अनिल कुमार ने शिकायतकर्ता व इसके परिवारजनों को गाली-गलौज की व अनिल कुमार के द्वारा अश्लील इशारे किए। अभियोग में आगामी अन्वेषण जारी है।

### कर्मचारी संगठन की राज्य स्तरीय बैठक एक को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी सभाएं कर्मचारी संगठन की राज्य स्तरीय आम बैठक 1 नवंबर 2025, शुक्रवार को सुबह 11:00 बजे नगरोटा बगवां के ओबीसी भवन में होगी। अध्यक्ष विजय शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संगठन की पिछली गतिविधियों, उपलब्धियों और संगठन को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही सहकारी सभाओं की वर्तमान चुनौतियों और बैंकों की ब्याज दरों पर विचार विमर्श भी होगा। महासचिव रजनीश कुमार गुलेरिया ने अधिक से अधिक उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### नुक्कड़ नाटक व गीत-संगीत से किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड (एसजेवीएनएल) की धौलासिद्ध जल विद्युत परियोजना ने 2 नवंबर तक चल रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत बुधवार को सुजानपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मानव संसाधन विभाग के कनिष्ठ अधिकारी कमरुद्दीन और अन्य अधिकारियों ने इस सप्ताह के महत्व और विषय %सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी% पर लोगों को जानकारी दी। लोक सांस्कृतिक दल नटराज कला मंच ने गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भ्रष्टाचार न करने और इसकी गुप्त सूचना देने का संदेश भी दिया।

### विद्यार्थियों ने पोस्टर, भाषण से जागरूकता फैलाई

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लदरौर, जिला हमीरपुर में प्रधानाचार्य शीला कुमारी की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन, निबंध लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने पोस्टर और नारे बनाकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाई। बायोलॉजी प्रवक्ता अमृत लाल ने स्वच्छता के महत्व पर विस्तार जानकारी दी। भाषण प्रतियोगिता में तनवी ने प्रथम, आँचल ने द्वितीय और खुशबू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य ने विजेताओं को बधाई दी और सभी को ऐसे अभियानों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### प्रतियोगिता में 25 कॉलेजों के 700 छात्र ले रहे भाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** गौतम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में एचपीटीयू स्पोर्ट्स मीट का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि टेक्निकल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार कमल देव सिंह कंवर और विशेष अतिथि अकादमिक डीन डॉ. राजेश कुमार रहे। प्रबंध निदेशक जगदीश गौतम ने अतिथियों का स्वागत किया और छात्रों को खेलों में बढ़-चढ़ कर भाग लेने और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा अपनाने के लिए प्रेरित किया। उद्घाटन समारोह में छात्राओं और छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। तीन दिवसीय स्पोर्ट्स मीट में 25 कॉलेजों के लगभग 700 छात्र भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिताओं में वॉलीबॉल, कबड्डी, टेबल टेनिस, जूडो और शतरंज शामिल हैं। समापन एवं पुरस्कार वितरण 31 अक्टूबर को होगा।

### 4 नवंबर को कामगारों को बांटा जाएगा सामान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड 4 नवंबर को सुबह 10:00 बजे भोरंज के मिनी सचिवालय में जागरूकता एवं सामान वितरण समारोह आयोजित करेगा। इस अवसर पर भोरंज के विधायक सुरेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे और पात्र कामगारों को आवश्यक सामान वितरित करेंगे। समारोह में बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर भी उपस्थित रहेंगे और कामगारों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। श्रम कल्याण अधिकारी रश्मि ठाकुर ने बताया कि लाभार्थियों को इंडक्शन हीटर वितरित किए जाएंगे। लाभार्थी या उनके परिवार का कोई सदस्य बोर्ड की पंजीकरण कॉपी और आधार कार्ड की प्रतिलिपि लेकर सुबह 10:00 बजे आयोजन स्थल पर पहुंचें। टोकन नंबर जमा करवाने पर हीटर प्रदान किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लगेगा। अधिक जानकारी के लिए श्रम कल्याण कार्यालय हमीरपुर से संपर्क किया जा सकता है।

### छात्रवृति योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 तक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 में सभी छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए पात्र विद्यार्थियों से 15 नवंबर तक नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उच्चतर शिक्षा उपनिदेशक डॉ. मोही राम चौहान ने जिला के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं और उच्च पाठशालाओं के प्रधानाचार्यों तथा मुख्याध्यापकों को सभी पात्र विद्यार्थियों के ऑनलाइन आवेदन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। स्कूल स्तर पर सभी आवेदनों की वेरिफिकेशन और त्रुटिपूर्ण आवेदनों की पुनः ऑनलाइन वेरिफिकेशन की प्रक्रिया 25 नवंबर तक पूरी की जानी है। लेकिन, सभी स्कूल प्रमुख इस प्रक्रिया को 18 नवंबर तक पूर्ण कर लें, ताकि अंतिम समय में किसी तरह की समस्या उत्पन्न न हो सके। सभी पात्र विद्यार्थियों के बैंक खाते, आधार कार्ड के साथ सीड होने चाहिए और इनके प्रमाण पत्र 25 नवंबर तक उपनिदेशक कार्यालय में पहुंच जाने चाहिए। उपनिदेशक ने बताया कि अगर स्कूल स्तर पर छात्रवृत्ति का कोई भी मामला लंबित रहता है। सत्यापित या पुनः सत्यापित नहीं होता है अथवा उसमें कोई त्रुटि पाई जाती है, तो स्कूल प्रमुख और छात्रवृत्ति प्रभारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### डॉक्टर रेणुका ने बड़सर अस्पताल में संभाला पदभार

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** मुख्यमंत्री सुक्खू ने बड़सर सिविल अस्पताल में डॉक्टर की नियुक्ति का जो वादा किया था, उसे पूरा करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बड़सर सिविल हॉस्पिटल में डॉक्टर पहुंचना शुरू हो गए हैं, जब मुख्यमंत्री बड़सर विधानसभा के दौरे पर थे, तो उन्होंने खाली पड़े पदों को जल्द भरने का वादा किया था। सिविल अस्पताल बड़सर में डॉक्टर रेणुका पठानिया एमडी मेडिसिन ने पदभार संभाल लिया है। बता दें कि डॉक्टर रेणुका पठानिया किड बड़सर पब्लिक स्कूल बिझड़ी की छात्रा रही है। इसके लिए किड बड़सर पब्लिक स्कूल प्रबंधन ने बधाई दी है। सिविल अस्पताल बड़सर में विशेषज्ञ डॉक्टर की तैनाती पर कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया नशा निवारण बोर्ड चेयरमैन रूबल ठाकुर तथा हिमुडा डायरेक्टर राजेश वत्यारा कांग्रेस नेता नरेश लखनपाल कृष्ण कुमार चौधरी वन निदेशक जिला महासचिव पवन कालिया ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

# तकनीकी विवि : 24 शिक्षण संस्थानों के 750 खिलाड़ी दिखा रहे दमखम

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



एचपीटीयू के रजिस्ट्रार कमल देव सिंह कंवर।

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय की तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता (इंटर कॉलेज) बुधवार को गौतम कॉलेज ऑफ फार्मेसी हमीरपुर में शुरू हुई। खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ में तकनीकी विवि के कुलसचिव कमल देव सिंह कंवर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि अधिष्ठाता शैक्षणिक डॉ. राजेश कुमार विशेष अतिथि रहे।

कुलसचिव ने दीप प्रज्वलित कर खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कुलसचिव ने सभी खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में खेलने का आह्वान किया। साथ ही खेल नियमों की पालन और मैच में के साफ स्पर्धा का परिचय देने के लिए प्रेरित किया। तकनीकी विवि की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में 24 संबंधित शिक्षण संस्थानों के 750 खिलाड़ी ले रहे हैं, जिसमें 530 छात्र और 220 छात्राएं शामिल है। इस वर्ष छात्र व छात्रा वर्ग की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में इस वर्ष कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, जूडो, शतरंज, कैरम बोर्ड, टेबल टेनिस और पिकलबॉल खेल शामिल किए गए हैं। इस मौके पर गौतम कॉलेज ऑफ फार्मेसी हमीरपुर के प्रबंध निदेशक जगदीश गौतम, रजनीश गौतम, प्राचार्य डॉ संजय कुमार, डॉ कपिल सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों की टीम के साथ आए प्राध्यापक मौजूद रहे। खेलकूद प्रतियोगिता के पहले दिन कबड्डी के छात्र वर्ग का पहला मुकाबला विनायका कॉलेज ऑफ फार्मेसी और शहीद भगत सिंह फार्मेसी कॉलेज पालमपुर के बीच खेला गया, जिसमें विनायका ने एकतरफा जीत हासिल कर 49-16 अंक से शहीद भगत सिंह कॉलेज की टीम को पराजित किया। दूसरे मुकाबले में हाइट शाहपुर ने मिनर्वा फार्मेसी कॉलेज इंदौरा को 45-30 अंक से हराया। तीसरे मैच में फार्मेसी कॉलेज रोहड़ू ने नगरोटा बगवां को 48-20 अंक से हराया। इंजीनियरिंग कॉलेज नगरोटा बगवां ने जवाहर लाल नेहरू इंजीनियरिंग कॉलेज सुंदरनगर को 41-31 अंक से हराया और पीजी कॉलेज धर्मशाला ने लॉरिट इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी कथोग को 41-16 अंक से हराया। वहीं, छात्रा वर्ग के वालीबॉल के पहले मुकाबले में इंजीनियरिंग कॉलेज सुंदरनगर और बंदला बिलासपुर के बीच खेला गया, जिसमें बंदला की टीम जीती।

दूसरे मैच में फार्मेसी कॉलेज रोहड़ू ने एलआर सोलन को पराजित किया। कैरम बोर्ड के छात्रा वर्ग (युगल) में गौतम फार्मेसी कॉलेज हमीरपुर ने पीजी धर्मशाला को हराया। कैरम बोर्ड के छात्र वर्ग (एकल) में इंजीनियरिंग कॉलेज नगरोटा बगवां ने एलआर सोलन को हराया। बैडमिंटन छात्र वर्ग (एकल) में गौतम कॉलेज हमीरपुर ने हाइट शाहपुर, पीजी धर्मशाला ने रोहड़ू और फार्मेसी कॉलेज रक्कड़ ने ग्रीन हिल्स सोलन को पराजित किया। टेबल टेनिस में नगरोटा बगवां, एचपीटीयू हमीरपुर और हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला ने अपने-अपने पहले मुकाबले जीते हैं।

# अनुराग ठाकुर हमीरपुर में मनाएंगे सरदार पटेल की 150वीं जयंती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



बड़सर क्षेत्र के विधायक एवं 'रन फॉर यूनिटी' मैराथन के जिला संयोजक इंद्रदत्त लखनपाल ने बताया कि भाजपा पूरे राज्य और देश में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर 'रन फॉर यूनिटी' मैराथन आयोजित कर रही है। लखनपाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उन्हें इस कार्यक्रम का संयोजक नियुक्त किया गया है, जबकि जिला महामंत्री अजय रिंटू, जिला भाजयुमो अध्यक्ष शुभम पठानिया, महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना चौहान, जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष अनिल काकू और एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष राजकुमार सह-संयोजक होंगे।

उन्होंने बताया कि मैराथन में विभिन्न संस्थानों के छात्र, खिलाड़ी, युवा, महिलाएं और सभी आयु वर्ग के नागरिक भाग लेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत डिग्री कॉलेज ग्राउंड, अनु के सिंथेटिक ट्रैक से होगी और टाउन हॉल में समाप्त होगी, जहां प्रतिभागियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई है। इस कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर सांसद अनुराग ठाकुर करेंगे। जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बताया कि 30 अक्तूबर को अनुराग ठाकुर हमीर भवन में जिला दिशा कमेटी की बैठक और दोपहर में लोकल प्रोग्राम में हिस्सा लेंगे। 31 अक्तूबर को सुबह 7:30 बजे डिग्री कॉलेज ग्राउंड में 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद ऊना जाकर प्रेस कॉन्फ्रेंस और झलेरा पुलिस ग्राउंड में मैराथन में भाग लेंगे। लखनपाल ने बड़सर क्षेत्र के दौरे के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा लगाए गए आरोपों का जवाब जनता से मिलने की बात कही। उन्होंने सभी मंडल और मोर्चा अध्यक्षों व पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरी सहभागिता दें।

# अनुशासन लक्ष्य व उपलब्धि के बीच का सेतु : डॉ. सुरेंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो हमीरपुर**

बीड़-बगेहड़ा स्कूल में एनएसएस अधिकारी कृष्ण कुमार की अगुवाई में 7 दिवसीय शिविर शुरू हो गया।

सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रहे इस एनएनएस कैंप के 6वें दिन हमीरपुर मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष और हिमाचल प्रदेश संयुक्त कर्मचारी महासंघ के उपध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने बच्चों को नशे और सामाजिक उत्थान के बारे में जागरूक किया। डॉ. डोगरा ने कहा यह दिवस विभिन्न सामुदायिक सेवा गतिविधियों में एनएसएस स्वयंसेवियों के योगदान, सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने और युवाओं में निस्वार्थ सेवा की भावना को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। एनएसएस का उद्देश्य सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्रों के व्यक्तित्व का विकास करना है, व्यक्तित्व विकास में योगदान सामाजिक और नेतृत्व क्षमता विकास एनएसएस छात्रों को सामुदायिक सेवा गतिविधियों में भाग लेने का अवसर देता है, जिससे वे नेतृत्व कौशल और सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करते हैं। नैतिक मूल्यों का विकास यह कार्यक्रम छात्रों में सहानुभूति, निस्वार्थ सेवा और दूसरों के दृष्टिकोण की सराहना करने जैसे नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देता है।

समुदाय की समझ एनएसएस के माध्यम से, छात्र अपने समुदाय को बेहतर ढंग से समझते हैं और उसकी जरूरतों व समस्याओं की पहचान करना सीखते हैं। समग्र विकास: एनएसएस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक संगठन है, जो छात्रों के समग्र विकास पर जोर देता है, जिससे वे समाज के लिए उपयोगी मानव पूंजी के रूप में उभरते हैं। व्यावहारिक कौशल: छात्र वास्तविक जीवन की समस्याओं को हल करने के लिए अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग करना सीखते हैं, जो उनके करियर के लिए भी फायदेमंद होता है।

# पावरग्रिड कार्पोरेशन ने निकाली सतर्कता जागरूकता रैली

**अनंत ज्ञान, भोटा।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य पर पावरग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया के उपकेंद्र हमीरपुर ने भोटा में एक जागरुकता रैली एवं वॉकथान आयोजित की। पावरग्रिड उपकेंद्र हमीरपुर के वरिष्ठ उप-महाप्रबंधक (प्रभारी) अमित कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में पावरग्रिड उपकेंद्र के मुख्य प्रबंधक देवेंद्र कुमार, सहायक प्रबंधक रमेश चंद और अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर भ्रष्टाचार का उन्मूलन करने और कार्यप्रणाली में ईमानदारी, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने पर व्यापक चर्चा की गई। इसके बाद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोटा से लेकर स्थानीय बाजार और वापस पाठशाला के परिसर तक एक जागरुकता रैली भी निकाली गई, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लिया।

# जिले को मुख्यमंत्री मिला गौरव की बात : रणजीत

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**


विधायक कैप्टन रणजीत सिंह टिककर धरली सड़क का भूमि पूजन करते हुए।

सुजानपुर। विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने बुधवार को बगेहरा पंचायत में बनने जा रही टिककर धरली सड़क का भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

विधायक का कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर स्थानीय लोगों और पंचायत प्रतिनिधियों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। विधायक ने पूजा-अर्चना के बाद सड़क का भूमिपूजन किया और जनता को संबोधित किया। स्थानीय प्रधान रजनी बाला ने कहा कि यह सड़क निर्माण कार्य पिछले 35-40 वर्षों से रुका हुआ था। इस कार्य को शुरू करवाने के लिए पूरे गांव की ओर से विधायक का आभार व्यक्त किया। स्थानीय जनता ने भी पूर्व विधायक पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें सड़क के नाम पर हमेशा ठगा गया, लेकिन विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने अपने वायदे के अनुसार इस कार्य की शुरुआत कर दी। पूर्व प्रधान कर्म चंद ने कहा कि विधायक ने उनसे एक साल का समय मांगा था और उस समयावधि में उन्होंने वायदा पूरा कर दिया। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि लंबे समय से इस सड़क की मांग थी और इसके बनने से 3-4 गांवों को सड़क सुविधा मिलेगी। उनका उद्देश्य क्षेत्रवासियों को हर सुविधा उपलब्ध कराना है, चाहे वह सड़क हो, बिजली या पानी। उन्होंने बगेहरा की नगाड़ी बस्ती को भी सड़क सुविधा से जोड़ने का आश्वासन दिया। विधायक ने पूर्व विधायकों और कुछ संस्था संचालकों पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि गरीबों का मजाक उड़ाना और अपनी मदद का प्रचार करना निंदनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि उन्होंने हमेशा बिना प्रचार के मदद की है और भविष्य में भी विकासात्मक कार्य जारी रहेंगे। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजिंदर वर्मा, बगेहरा वार्ड प्रभारी प्यार चंद, उप प्रधान ओमी सड्याल, पूर्व जिला परिषद गोरा देवी और स्थानीय जनता बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

# महारल ओवरहेड टैंक ओवरफ्लो की समस्या का हुआ समाधान

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** महारल में ओवरहेड टैंक ओवरफ्लो की समस्या का विभाग द्वारा समाधान कर दिया गया है। लेकिन इलाके में पेयजल किल्लत पर विभागीय अधिकारियों का तर्क है कि पानी की कहीं कोई कमी नहीं है बल्कि कम डिमांड के चलते टैंक ओवरफ्लो हो रहा था।

बता दें कि महारल के अलावा बिझड़ी, सोहारी, मंगनोटी तथा आसपास के कई गांव पेयजल की भीषण किल्लत का सामना कर रहे हैं। लेकिन विभागीय अधिकारियों का मानना है कि इस तरह की कोई समस्या नहीं है और हमारे पास कोई शिकायत नहीं पहुंची है। इनका कहना है कि पानी छोड़ने के लिए कोई निश्चित समय तय नहीं किया जा सकता। सोहारी, बिझड़ी,महारल तथा अन्य गांवों के लोग लगातार पेयजल किल्लत की समस्या उठाते आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि 4 से 5 दिनों बाद पेयजल सप्लाई मनमर्जी के समय नाम मात्र दी जाती है। लेकिन विभागीय अधिकारी कह रहे हैं कि हमारे ध्यान में ऐसी कोई समस्या नहीं है। बल्कि पानी की कम डिमांड होने की बात कही जा रही है। सहायक अभियंता रवींद्र राणौत का कहना है कि महारल में ओवरहेड टैंक ओवरफ्लो की समस्या का समाधान कर दिया गया है। पानी की कम डिमांड के चलते टैंक ओवरफ्लो हो रहा था और इलाके में कहीं कोई पेयजल समस्या नहीं है।

# प्रिंसिपल प्रमोशन में सीएम के निर्देश करें लागू : हीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



टीजीटी कला संघ ने मांग की है कि मुख्यमंत्री के शिक्षा विभाग को दिए गए निर्देशों के तहत प्रिंसिपल प्रमोशन की प्रक्रिया जल्दी मुकम्मल की जाए।

संघ के राज्य महासचिव विजय कुमार हीर ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बीती 6 मई को शिक्षा विभाग की उच्च स्तरीय बैठक में निर्देश दिए थे कि प्रवक्ता और हेडमास्टर से प्रिंसिपल प्रमोशन की प्रक्रिया को जल्दी पूरा किया जाए। इसके बावजूद 805 पदों पर होने वाली प्रिंसिपल पदोन्नति सूची आज तक जारी नहीं हुई है। कार्मिक विभाग को यह फाइल अविलंब क्लीयर करने के लिए राजकीय टीजीटी कला संघ ने एक ज्ञापन मुख्यमंत्री और कार्मिक विभाग सचिव को भेजा है। हीर ने बताया कि वर्ष 2023 में 380, वर्ष 2024 में 318 प्रिंसिपल रिटायर हो गए हैं और वर्ष 2025 में 288 प्रिंसिपल दिसम्बर माह तक रिटायर हो जाएंगे। ऐसे में 3 वर्ष में 906 प्रिंसिपल के पद सेवानिवृत्ति से रिक्त हो गए हैं। 27 मई, 2023 को 191 हेडमास्टर और 65 प्रवक्ता और दिसम्बर 2023 में लेफ्ट आउट 37 शिक्षकों को प्रिंसिपल प्रमोशन दी गई थी। तब से अब तक 200 हेडमास्टर और 100 से ज्यादा प्रवक्ता बिना प्रमोशन रिटायर हो गए हैं। वर्ष 2020 में हेडमास्टर बन चुके 200 शिक्षक भी अब तक प्रिंसिपल नहीं बने हैं और वर्ष 1999 में नियुक्त प्रवक्ता भी प्रिंसिपल पदोन्नति की प्रतीक्षा में हैं। पदोन्नति में इतने ज्यादा ठहराव से टीजीटी कैडर के शिक्षक अब रिटायरमेंट तक प्रिंसिपल पदोन्नति भी नहीं पा सकेंगे। जबकि दो दशक पहले वे संयुक्त निदेशक पद तक पदोन्नति पा रहे थे। 18 जून, 2024 को प्रवक्ता से प्रिंसिपल प्रमोशन हेतु बायो डाटा मांगा गया था और 9 दिसम्बर 2024 को 32 हेडमास्टर से प्रिंसिपल प्रमोशन हेतु ए सी आर मांगी गई थी। मगर लोक सेवा आयोग के माध्यम से की जा रही प्रमोशन में कभी पुराने नियमों पर क्लैरिफिकेशन का हवाला मांगते हुए फाइल शिक्षा विभाग और कार्मिक विभाग को भेजी जा रही है तो कभी आपत्तियां लगाकर इसे लौटाया जा रहा है। इसलिए संघ शिक्षा विभाग से अनुरोध कर रहा है कि इस डीपीसी को लोक सेवा आयोग और कार्मिक विभाग से शीघ्र अप्रूव करवाकर क्लीयर करवाए ताकि पात्र शिक्षक सेवानिवृत्ति से पहले प्रिंसिपल प्रमोट हो सकें। संघ ने 270 टीजीटी और प्रमोटी प्रवक्ता से प्रिंसिपल प्रमोशन की फाइल भी शीघ्र जारी करने की अपील प्रदेश सरकार से की है। यह फाइल केवल आदेश हेतु लंबित है और डीपीसी भी हो चुकी है।

# लाइसेंस के बगैर तंबाकू उत्पाद बेचने पर हो सकता है एक लाख रुपए जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** युवाओं और बच्चों को तंबाकू उत्पादों की लत से बचाने के लिए नगर निगम क्षेत्र हमीरपुर में भी इन उत्पादों की बिक्री पर कड़ी नजर रखी जा रही है।



नगर निगम के आयुक्त राकेश शर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में खुली सिगरेट और बीड़ी के विक्रय का प्रतिषेध और सिगरेटों तथा अन्य तंबाकू उत्पादों के खुदरा कारोबार का विनियमन अधिनियम-2016 के विभिन्न प्रावधानों को हमीरपुर में भी सख्ती से लागू किया जाएगा।

उन्होंने नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी कारोबारियों एवं दुकानदारों से अपील की है कि वे लाइसेंस के बगैर तंबाकू उत्पादों की बिक्री न करें। लाइसेंस के बगैर किसी भी तरह का तंबाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानदार को एक लाख रुपये तक जुर्माना और एक वर्ष तक की सजा हो सकती है। खुली सिगरेट, बीड़ी या अन्य तंबाकू पदार्थ बेचने पर 15000 रुपये तक जुर्माना हो सकता है। आयुक्त ने बताया कि शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पूरी तरह निषेध है। 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को तंबाकू उत्पाद बेचना भी अपराध है। इसलिए, सभी कारोबारी एवं दुकानदार इन सभी नियमों की अक्षरश: अनुपालना सुनिश्चित करें। इनका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# गोल्ड मेडल विजेता का टौणी देवी पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** हमीरपुर जिला के सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के टौणी देवी(बमसन) ऊटपूर गांव की बेटी मनीषा ने एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने के बाद आज पहली बार अपने घर पहुंचते समय उनका टौणी देवी में जय माता टौणी देवी बास्केटबॉल कमेटी के अध्यक्ष कैप्टन विजय मलकानिया, मनजीत चौहान,महामंत्री राजेश बहल, सुनील चौहान, संजय चौहान ,सूबेदार टीटूराम, राजेश चौहान, अभिनंदन, कपिल, सिंपल आदि समस्त सदस्यों द्वारा भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। जय माता टौणी देवी बास्केटबॉल कमेटी ने बिटिया मनीषा को 11000 की राशि भी भेंट की। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष अनिल काकू, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अर्चना चौहान, सचिव अलका ठाकुर, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मोहित गायत्री आभूषण के एम डी संसार चंद सोनी, मुख्य व्यवसायी राज वहल आदि गणमान्य व्यक्तियों ने जोरदार स्वागत अभिनंदन किया ।

# शिक्षा से ही खुलते हैं जीवन के सभी द्वार : बालकृष्ण

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान**



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में एनएसएस शिविर के दौरान स्वयंसेवी।

**टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन भी सेवाभाव, जागरूकता और व्यक्तित्व विकास से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया।

स्वयंसेवकों ने दिन की शुरुआत प्रभात फेरी के साथ की, जिसमें उन्होंने शिक्षा, स्वच्छता और समाज सेवा से जुड़े नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। इसके पश्चात विद्यालय परिसर में स्वच्छता और व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु स्वयंसेवकों ने समूहों में विभाजित होकर सफाई अभियान चलाया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस सत्र में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य बालकृष्ण शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में स्वयंसेवकों को संबोधित किया। उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए शिक्षा के महत्व पर विस्तृत चर्चा की और कहा कि शिक्षा ही वह साधन है, जिसके माध्यम से जीवन के सभी द्वार खुलते हैं। शिक्षा व्यक्ति में आत्मविश्वास, विवेक, चरित्र और नेतृत्व क्षमता विकसित करती है। शिक्षित नागरिक ही समाज और राष्ट्र के समग्र विकास में योगदान दे सकता है।

उन्होंने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व, व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र निर्माण की भावना को प्रबल करना है। विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे अनुभवी व्यक्तित्वों का मार्गदर्शन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत मूल्यवान होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज ही एक सशक्त और सुसंस्कृत राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। प्रधानाचार्य ने स्वयंसेवकों से अपेक्षा जताई कि वे शिक्षा को केवल परीक्षा हेतु नहीं, बल्कि जीवन में एक मूल्य के रूप में अपनाएँ। तीसरे दिन का यह सत्र शिविर की मौलिक भावना स्वयं के माध्यम से समाज सेवा को दर्शाता है।

# पीएनबी के अधिकारियों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो हमीरपुर।** 2 नवंबर तक आयोजित किए जा रहे सतर्कता जागरुकता सप्ताह के उपलक्ष्य पर बुधवार को पंजाब नेशनल बैंक के सर्कल कार्यालय हमीरपुर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में बैंक के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा आम लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और मानवता की सेवा हेतु स्वेच्छा से रक्तदान किया। सर्कल कार्यालय के प्रमुख नीरज कुमार आनंद ने शिविर का शुभारंभ किया और स्वयं भी रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है, जो किसी का अनमोल जीवन बचा सकता है। नीरज कुमार आनंद ने कहा कि इस प्रकार के सामाजिक कार्यों से न केवल समाज में जागरुकता बढ़ती है, बल्कि बैंक कर्मचारियों में सेवा, समर्पण और सहयोग की भावना भी सुदृढ़ होती है।

# ताल में भेड़ों की नीलामी 11 नवंबर को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** भेड़ प्रजनन प्रक्षेत्र ताल में छंटनी की गई 25 भेड़ों की नीलामी 11 नवंबर को सुबह 11 बजे प्रजनन प्रक्षेत्र के परिसर में की जाएगी। पशु पालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. सतीश कपूर ने बताया कि नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति को दस हजार रुपये की धरोहर राशि जमा करवानी होगी। सफल बोलीदाता को भेड़ों को छह घंटे के भीतर प्रजनन प्रक्षेत्र के परिसर से बाहर ले जाना होगा। इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस को दोपहर बाद 3 बजे से सायं 5 बजे तक प्रजनन प्रक्षेत्र में आकर भेड़ों का अवलोकन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए उपनिदेशक कार्यालय के दूरभाष नंबर 01972-222476 पर संपर्क किया जा सकता है।

# छात्रों के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर किया संवाद

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सीडीपीओ सुजानपुर कुलदीप सिंह चौहान ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करोट और राजकीय उच्च विद्यालय बालिका में युवा छात्रों के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर संवाद किया। उन्होंने कहा कि छात्र अपने व्यक्तिगत, शैक्षणिक और व्यावसायिक जीवन में तनाव का अनुभव करते हैं और सही ध्यान न देने पर यह मानसिक विकारों का कारण बन सकता है। मानसिक स्वास्थ्य की समझ छात्रों को तनाव और अवसाद जैसी समस्याओं से निपटने में मदद करती है। इस अवसर पर मनोविज्ञानी शीतल वर्मा ने बताया कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य गहराई से जुड़े हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### अभाविप ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया 2,60,112 रुपए का योगदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश ने समाज के प्रति अपनी सेवा भावना प्रदर्शित करते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष में 2,60,112 की राशि प्रदान की है। यह सहयोग प्रदेश में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए दिया गया। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने 'सेवा परमो धर्मः' की भावना से प्रेरित होकर प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाकर यह राशि एकत्रित की। प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने कहा कि विद्यार्थी परिषद हर विपत्ति की घड़ी में समाज के साथ खड़ी रहती है और यह योगदान संगठन की निष्ठा व सेवा भावना का प्रतीक है।

### शिक्षा विभाग की अंडर-14 ताइक्वांडो टीम नागालैंड में दिखाएगी अपना दम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग की अंडर-14 छात्र वर्ग की ताइक्वांडो टीम पहली बार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेगी। यह प्रतियोगिता नागालैंड के दिमापुर में आयोजित की जा रही है। टीम का नेतृत्व जुन्गा क्षेत्र के निवासी और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के शारीरिक शिक्षा शिक्षक (पीईटी) सुखदेव राणा को सौंपा गया है। टीम में प्रदेश के विभिन्न स्कूलों से चयनित दस प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल हैं। विभाग ने यह जिम्मेदारी सुखदेव राणा को उनकी उत्कृष्ट खेल उपलब्धियों और अनुभव को देखते हुए दी है। राणा पिछले छह वर्षों से शिक्षा विभाग में सेवाएं दे रहे हैं और उनके मार्गदर्शन में तैयार छात्र पूर्व में भोपाल में हुए राष्ट्रीय ग्रैपलिंग खेलों में भी हिस्सा ले चुके हैं।

**सुखदेव राणा को सौंपी टीम की कमान**



### विक्रमादित्य सिंह 30 अक्तूबर को शिमला ग्रामीण के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह 30 अक्तूबर को शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान वे प्रातः 11 बजे गड़काहन में नाबार्ड के अंतर्गत गड़काहन-मझिवार-शिल-शारोह सड़क का शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही वे सनाहू से शेल्टी सड़क का उद्घाटन और देवला में पशु चिकित्सालय भवन का शुभारंभ भी करेंगे। मंत्री इसके उपरांत महिला सम्मेलन में भी भाग लेंगे।

### 8वें वेतन आयोग की मंजूरी से केंद्र के कर्मियों पेंशनरों को मिलेगा लाभ : डॉ. सिकंदर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश महामंत्री भाजपा डॉ. सिकंदर कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली केन्द्रीय कैबिनेट ने 8वें वेतन आयोग को मंजूरी दे दी है। यह आयोग अगले 18 महीनों के भीतर अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगा। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से करीब 50 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 69 लाख पेंशनरों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि सातवें वेतन आयोग का लाभ जनवरी 2016 में मिला था, जब फिटमेंट फैक्टर 2.57 था, जबकि आठवें वेतन आयोग में यह लगभग 2.46 रहने की उम्मीद है। डॉ. सिकंदर ने कहा कि जहां केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों के हित में काम कर रही है, वहीं हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार कर्मचारियों और पेंशनरों का शोषण कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कर्मचारियों को 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते के स्थान पर केवल 3 प्रतिशत दिया और अभी तक सातवें वेतन आयोग का एरियर भी नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि पेंशनरों को समय पर पेंशन नहीं मिल रही और सरकार से अपने हक के लिए उन्हें सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। डॉ. सिकंदर ने कांग्रेस सरकार को हिमाचल के इतिहास की सबसे निकम्मी सरकार बताया और कहा कि यह सरकार जनता, कर्मचारियों और किसानों सभी के लिए अभिशाप साबित हुई है।

### एक माह तक बंद रहेगी ओक ओवर से मरीना चौक तक सड़क : जिला दंडाधिकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला दंडाधिकारी अनुपम कश्यप ने मोटर वाहन अधिनियम की धारा 115 और 117 के अंतर्गत अधिकारों का प्रयोग करते हुए ओक ओवर से मरीना चौक तक की सड़क को एक माह के लिए बंद करने के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश 1 नवम्बर से 30 नवम्बर 2025 तक प्रभावी रहेगा। यह निर्णय भूमिगत यूटिलिटी डक्ट कार्य के कारण लिया गया है। आदेश में कहा गया है कि इस अवधि में सील्ड या प्रतिबंधित पास धारकों के वाहन टालैंड, हिमलैंड, केएनएच रोड और शिली चौक होते हुए कार्ट रोड से गुजर सकेंगे। निर्देशों के अनुसार निर्माण कार्य में संलग्न वाहनों की आवाजाही की निगरानी की जाएगी ताकि यातायात में अवरोध न हो। खुदाई का मलबा केवल रात के समय, रात 10 बजे से सुबह 7 बजे तक ही उठाया जाएगा। निर्माण सामग्री चौड़ी और सुरक्षित जगहों पर ही उतारी जाएगी ताकि सड़क मार्ग खुला रहे। शिली चौक से कसुम्पटी तक एचआरटीसी टैक्सी सेवा चलाई जाएगी। जिला प्रशासन ने कार्यकारी एजेंसी को निर्देश दिए हैं कि पैदल चलने वालों, विशेषकर स्कूली बच्चों की सुरक्षा के सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित किए जाएं।

# हिमाचल कांग्रेस में अध्यक्ष पद पर सियासी 'खींचातान' बरकरार

## एक साल बाद भी नहीं बनी सहमति; दिल्ली के चक्कर, फिर भी संगठन की उलझनें बरकरार

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल कांग्रेस में अध्यक्ष पद को लेकर चल रहा सियासी नाटक अब दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गया है। पिछले एक साल से संगठन प्रमुख की कुर्सी खाली है और तमाम बैठकों, चर्चाओं और दिल्ली दौरों के बावजूद कोई नाम तय नहीं हो पा रहा। कभी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू दिल्ली जाते हैं, तो कभी डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री, पर हर बार नतीजा वही 'स्थिति जस की तस'।



मुख्यमंत्री सुक्खू व डिप्टी सीएम अग्निहोत्री नई दिल्ली में हिमाचल कांग्रेस की प्रभारी प्रतिभा पाटिल से मुलाकात करते हुए।

दिल्ली में कांग्रेस हाईकमान, संगठन प्रभारी प्रतिभा पाटिल और वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल से लगातार मुलाकातें हो रही हैं, पर बात आगे नहीं बढ़ पा रही। अफवाहों का दौर थमता नहीं, और कांग्रेस की अंदरुनी राजनीति फिर से सुर्खियों में है।

जानकारी मिली है कि इस पद के लिए अब तक कई नाम उभर चुके हैं। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, विधानसभा के उपाध्यक्ष विनय कुमार और पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौर प्रमुख दावेदारों में गिने जा रहे हैं, लेकिन हर नाम पर विरोध का साया मंडरा रहा है। पार्टी के भीतर गुटबाजी इतनी गहरी हो चुकी है कि कोई भी नाम सबको स्वीकार्य नहीं लग रहा। होली लॉज खेमा अपने पसंदीदा चेहरों को आगे बढ़ाना चाहता है, जबकि मुख्यमंत्री गुट अपने किसी विश्वसनीय नेता पर भरोसा जता रहा है। इस रस्साकशी में संगठन का काम ठप पड़ा है और प्रदेश कांग्रेस असमंजस की स्थिति में है।

कांग्रेस के भीतर आज भी 'होली लॉज' यानी वीरभद्र सिंह का पारिवारिक राजनीतिक केंद्र गहरी पैठ रखता है। मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह की मौजूदगी और प्रभाव से कई निर्णयों पर अनकही पकड़ बनी हुई है। ऐसा कहा जा रहा है कि सुक्खू सरकार चाहती है कि संगठन की बागडोर किसी नए चेहरे के हाथ में आए, जो उनके साथ तालमेल बैठा सके, लेकिन होली लॉज खेमा अपने प्रभाव को घटने नहीं देना चाहता। इसी खींचतान में नई नियुक्ति का रास्ता हर बार दिल्ली में जाकर फिर उलझ जाता है।

**ड्रामा अभी भी जारी और मंजिल भी दूर**

**राजनीतिक** गलियारों में चर्चा है कि अब मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम ने मिलकर फिर से दिल्ली का रुख किया है। दोनों ने कांग्रेस की प्रभारी प्रतिभा पाटिल से मुलाकात कर संगठनात्मक मसलों पर चर्चा की है। कहा जा रहा है कि हाईकमान अब जल्द निर्णय ले सकता है, पर पिछले अनुभवों को देखकर यह कहना मुश्किल है कि यह बैठक भी किसी नतीजे तक पहुंच पाएगी। एक साल से ज्यादा का वक्त बीत चुका है, और कांग्रेस का यह 'अध्यक्षीय ड्रामा' अब पार्टी कार्यकर्ताओं में भी असंतोष का कारण बनता जा रहा है। सवाल अब यही है, क्या यह रस्साकशी खत्म होगी या संगठन यूं ही नेताओं की महत्वाकांक्षाओं की भेंट चढ़ता रहेगा।

# मुख्य सचिव ने की जनगणना 2027 की तैयारियों की समीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



मुख्य सचिव संजय गुप्ता एवं अन्य अधिकारी।

हिमाचल प्रदेश में जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की पहली बैठक आयोजित हुई। मुख्य सचिव संजय गुप्ता की अध्यक्षता में हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में जनगणना कार्य निदेशालय की निदेशक दीपशिखा शर्मा ने विस्तृत पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से जनगणना के लिए तैयार किए गए डिजिटल रोडमैप, संचालन ढांचे और तकनीकी रणनीति की जानकारी दी। बैठक में सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया और जनगणना कार्य को अधिक पारदर्शी और आधुनिक स्वरूप देने पर विचार-विमर्श किया।

बैठक में बताया गया कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का पूर्व परीक्षण 10 से 30 नवंबर 2025 के बीच आयोजित किया जाएगा। इसके लिए तीन क्षेत्रों को नमूना रूप में चयनित किया गया है, शिमला नगर निगम का इंजनघर वार्ड नंबर 18, शिमला जिले के रामपुर क्षेत्र के 10 चयनित गांव और किन्नौर जिले के सांगला क्षेत्र के 7 चयनित गांव। इस पूर्व परीक्षण के दौरान फील्ड कर्मियों को डिजिटल उपकरणों के माध्यम से डेटा एकत्रित करने और एप्लिकेशन आधारित सर्वेक्षण प्रणाली का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे आगामी मुख्य जनगणना के दौरान आने वाली तकनीकी और व्यवस्थागत चुनौतियों का समाधान पहले से सुनिश्चित किया जा सकेगा।

मुख्य सचिव ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को डिजिटल जनगणना के क्षेत्र में देश में उदाहरण बनना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मानव संसाधन, कनेक्टिविटी, डेटा सुरक्षा और पारदर्शिता पर विशेष ध्यान दिया जाए। गुप्ता ने यह भी निर्देश दिए कि फील्ड कर्मियों के प्रशिक्षण से लेकर आंकड़ा प्रसंस्करण तक हर स्तर पर समन्वय सुनिश्चित किया जाए ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि या विलंब न हो। सभी विभागों ने जनगणना निदेशालय को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया और कहा कि पूर्व परीक्षण के निष्कर्षों को समयबद्ध रूप से लागू किया जाएगा।

# हिमाचल में कानून व्यवस्था पर अभाविप ने उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**अध्यापिका की बर्बरता से घायल हुआ विद्यार्थी, सरकार मौन**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने कहा कि प्रदेश में कानून और शिक्षा व्यवस्था दोनों की स्थिति बेहद चिंताजनक हो चुकी है। हाल में घटी एक शर्मनाक घटना ने इसे और उजागर कर दिया है, जिसमें एक अध्यापिका ने विद्यार्थी को कंटीले पौधे से बेरहमी से पीटा। माफी मांगने और रोने-गिड़गिड़ाने के बावजूद भी जब अध्यापिका नहीं रुकी, तो यह व्यवहार पूरे शिक्षण तंत्र की गरिमा पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।




अभाविप ने इस घटना को हिमाचल की शिक्षा व्यवस्था के पतन का प्रतीक बताया और सरकार के मौन पर नाराजगी जताई है।

परिषद ने मांग की है कि दोषी अध्यापिका पर तुरंत कठोर कार्रवाई हो और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। नैंसी अटल ने कहा कि विद्यार्थी परिषद इस प्रकरण में न्याय सुनिश्चित होने तक संघर्ष जारी रखेगी।

# ठियोग में 3.950 ग्राम हेरोइन समेत तीन युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले के ठियोग में पुलिस ने देर रात नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 3.950 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद की है। जानकारी के अनुसार, ठियोग थाना के एचसी कपिल कामटा गश्त पर थे और जैसे ही वे छैला बाजार के समीप पहुंचे, तो सड़क पर गुजरने वाले वाहनों की जांच के लिए एनएच-705 पर नाकाबंदी कर दी गई। करीब सात-आठ वाहनों की जांच के बाद पुलिस ने एचपी 63ए-6161 नंबर की बोलेरो कैम्पर सफेद रंग को रोका। तलाशी के दौरान वाहन से हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने मौके से तीन युवकों अक्षित कलबोग (30), पारुष कलबोग (30) और विनीत कलबोग (25), तीनों निवासी तहसील कोटखाई, जिला शिमला को गिरफ्तार कर लिया। ठियोग पुलिस ने बताया कि नशे के खिलाफ छेड़ी गई मुहिम में कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# राज्यपाल ने कुल्लू और चंबा के आपदा प्रभावितों के लिए राहत सामग्री की रवाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने राजभवन से दो वाहनों को हरी झंडी दिखाकर कुल्लू और चम्बा जिलों के आपदा प्रभावित परिवारों के लिए राहत सामग्री रवाना की। यह राहत सामग्री हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों में भेजी गई है, ताकि पुनर्वास कार्यों में सहायता मिल सके।



राज्यपाल आपदा प्रभावित परिवारों के लिए राहत सामग्री के वाहन रवाना करते हुए।

राहत सामग्री में 74 किचन सेट, 300 तिरपाल, 280 कंबल, 20 शेल्टर टूल किट और अन्य आवश्यक घरेलू वस्तुएं शामिल हैं। राज्यपाल ने कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी जरूरतमंद लोगों तक समय पर मानवीय सहायता पहुंचाने में सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राहत कार्य लगातार जारी रहेंगे और जिला प्रशासन की आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त सहायता भी भेजी जाएगी। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव सीपी वर्मा और राज्य रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य भी उपस्थित थे।

# फ्लाइंग फेस्टिवल में कम कारोबार से निवेशक और समूह की महिलाएं मायूस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला फ्लाइंग फेस्टिवल और हॉस्पिटैलिटी एक्सपो-2025 जहां आसमान में पैराग्लाइडरों के रोमांचक करतबों से जगमगाता रहा, वहीं जमीन पर निवेशकों और स्वयं सहायता समूहों के चेहरों पर मायूसी छाई रही। देश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रतिभागियों ने अपने-अपने उत्पादों के स्टॉल लगाए, मगर अपेक्षित भीड़ न मिलने से उनका कारोबार ठप रहा। मंदी और स्थानीय व्यस्तता ने इस बार के उत्सव की रौनक फीकी कर दी।



नागपुर से आई 'आशीर्वाद ग्राम उद्योग' की संचालिका ने बताया कि उन्होंने मसाला पापड़ और अन्य उत्पादों का स्टॉल लगाया था, लेकिन चार दिन में केवल एक हजार रुपए की बिक्री हो सकी। इसी तरह 'चिराग स्वयं सहायता समूह' ने पाइन नीडल से तैयार वस्तुएं प्रदर्शित कीं, परंतु एक भी वस्तु नहीं बिक सकी। महाराष्ट्र से आई मालती, जो मूंगफली और चौलाई के उत्पाद लाई थीं, ने भी निराशा जताई।

हालांकि, इस निराशाजनक माहौल में कुछ महिलाओं ने उम्मीद की किरण भी जगाई। 'गौरी मां स्वयं सहायता समूह' ने पारंपरिक पहाड़ी व्यंजन सिड्डू का स्टॉल लगाया, जिसकी अच्छी मांग रही। बसंतपुर की नीन पंचायत से आई महिलाओं को हालांकि, बिक्री कम होने से मायूसी हाथ लगी। यूपी के बरेली से आई शालू सक्सेना ने रेडीमेड कपड़ों का स्टॉल लगाया, जबकि नागपुर के विश्व कुमार बैग बेचने पहुंचे। इन दोनों ने बताया कि उन्हें थोड़ी बहुत बिक्री जरूर हुई, मगर उम्मीदों के मुताबिक नहीं। इसके अलावा अनय कई सहायता समूहों ने भी निराशा ही जताई।

वहीं, एमएसएमई के डीएफओ अशोक गौतम ने बताया कि इतने बड़े उत्सव में निवेशकों और स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का अवसर दिया गया था, ताकि वे व्यापक बाजार से जुड़ सकें, लेकिन इस बार स्थानीय लोगों की व्यस्तता और बाहरी पर्यटकों की कम आमद ने कारोबार पर असर डाला। उधर, फ्लाइंग फेस्टिवल की रंगीन उड़ानों के बीच मायूस बैठे ये निवेशक और महिलाएं इस उम्मीद में हैं कि अगले आयोजन में न सिर्फ भीड़ लौटेगी, बल्कि उनकी मेहनत का सही मोल भी मिलेगा।

# शिमला में 135 साल पुराना भवन जलकर हुआ राख

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के छोटा शिमला क्षेत्र में बुधवार सुबह करीब साढ़े सात बजे एक पुराने दो मंजिला भवन में भीषण आग लग गई। करीब 135 साल पुराने इस भवन में अचानक लगी आग ने देखते ही देखते पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने तुरंत प्रशासन और अग्निशमन विभाग को सूचना दी, जिसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गनीमत यह रही कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

एसपी शिमला संजीव गांधी ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है, हालांकि प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट की संभावना जताई जा रही है। घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था, लेकिन अंदर रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। पुलिस और प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है।



छोटा शिमला में सुबह लगी भीषण आग के बाद मौके पर राहत और बचाव कार्य में जुटी फायर ब्रिगेड की टीम।

# प्रवेश निहालटा और रोशनी शर्मा के गीतों पर झूमे लोग



जुन्गा फ्लाइंग फेस्टिवल में प्रस्तुति देते हुए शिवरंजनी सांस्कृतिक दल के कलाकार।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**फ्लाइंग फेस्टिवल व हॉस्पिटैलिटी एक्सपो 2025 का समापन**

जुन्गा में आयोजित शिमला फ्लाइंग फेस्टिवल और हॉस्पिटैलिटी एक्सपो 2025 के अंतिम दिन का माहौल सांस्कृतिक रंगों में सराबोर रहा। भाषा एवं संस्कृति विभाग, द्वारा प्रायोजित शिवरंजनी सांस्कृतिक दल बलग के कलाकारों ने करीब तीन घंटे तक अपने सुरों और लोकधुनों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समापन समारोह निर्धारित समय से तीन घंटे देरी से शुरू हुआ, लेकिन इस दौरान दल के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगों को बोर नहीं होने दिया।

दल के प्रभारी और प्रदेश के प्रसिद्ध लोकगायक प्रवेश निहालटा ने पारंपरिक गीत 'धार माते लागों', 'कूपड़ी मामा', 'गींदू ओरो खेलो हो' जैसे गीतों से वातावरण में जोश भर दिया, जबकि पहाड़ी कोकिला रोशनी शर्मा ने 'रोइयो रातड़ी काटी', 'नेहरी संगिया', 'बेदण न जानी मेरी' जैसी पहाड़ी नाटियां गाकर दर्शकों को नाचने पर मजबूर कर दिया। उभरते युवा कलाकार हार्दिक निहालटा ने पंजाबी गीत 'चरखे दी मीठी मीठी कूक' प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। दल के प्रेम प्रकाश निहालटा और रोशनी शर्मा ने नाटियों का गुलदस्ता पेश कर दर्शकों की वाहवाही लूटी। पंडाल 'वनस मोर' के नारों से गूंजता रहा।

**उद्घाटन** — ग्रामीण ढांचे को मजबूत करने पर फोकस, जनेड़घाट-डुबलू सड़क अपग्रेडेशन पर 12.24 करोड़ खर्च

# हर पंचायत को सड़क से जोड़ेगी प्रदेश सरकार : अनिरुद्ध

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य हर गांव तक सड़क सुविधा पहुंचाना और हर पंचायत में आधुनिक सुविधाओं से युक्त पंचायत भवनों का निर्माण सुनिश्चित करना है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार ग्रामीण विकास के प्रति संवेदनशील है और कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र को विकास के आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण ढांचे को मजबूत बनाने के लिए पंचायत स्तर पर बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है ताकि आम जनता को सुविधाएं उनके द्वार पर मिल सकें।

मंत्री अनिरुद्ध सिंह मंगलवार को बलोग पंचायत के नोहा जग्गास में 1.14 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले पंचायत सामुदायिक केंद्र भवन की आधारशिला रखने के उपरांत जनसभा को संबोधित कर रहे थे।



ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह नोहा जग्गास में पंचायत सामुदायिक केंद्र भवन की आधारशिला रखते हुए।

उन्होंने बताया कि जनेड़घाट-डुबलू संपर्क सड़क के अपग्रेडेशन पर 12.24 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने पंचायत सामुदायिक केंद्र भवन के लिए भूमि दान करने वाले ग्रामवासी रमेश ठाकुर को सम्मानित करते हुए कहा कि समाज में ऐसे लोग विकास के प्रतीक हैं और उनकी भावना से दूसरों को भी प्रेरणा मिलती है। उन्होंने नोहा से जग्गास सड़क के लिए 35 लाख रुपए स्वीकृत करने की घोषणा की और कहा कि निर्माण पूरा होने के बाद सड़क को पक्का करने के लिए अतिरिक्त बजट भी दिया जाएगा।

अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि लखोटी में गिरी खड्ड पर 11.82 करोड़ की लागत से लगभग 76 मीटर लंबे पुल का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसे मार्च 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नाबार्ड के तहत बलोगघाटी से बलोग तक 2.58 करोड़ रुपए से सड़क का निर्माण जारी है। उन्होंने बताया कि बलोग पंचायत को अब तक 17 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की जा चुकी है और पंचायत क्षेत्र में आवश्यक परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि हर गांव को सड़क और पेयजल सुविधा मिले तथा पंचायत भवनों में सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हों।

**कसुम्पटी क्षेत्र में लगेंगे 200 नए ट्रांसफार्मर**

**अनिरुद्ध** सिंह ने बताया कि कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में 200 नए बिजली ट्रांसफार्मर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लखोटी उठाऊ सिंचाई योजना के संचालन के लिए शीघ्र विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापित करें ताकि किसानों को सिंचाई सुविधा मिले।

**जनेड़घाट को मिलेगा नया पंचायत भवन**

**मंत्री** ने जनेड़घाट पंचायत के तालाब क्षेत्र में 40 लाख रुपये से बनने वाली रेहाड़ी-जुब्बड़ से कहलोत संपर्क सड़क, पियोघाटी से निचला दियोटला सड़क, जनेड़घाट से भलावग सड़क तथा तालाब से छबीट संपर्क सड़क का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि इन सभी सड़कों का निर्माण तय समय पर पूरा किया जाएगा।

# संजौली में नागरिक सभा ने प्रशासन को दिया आंदोलन का अल्टीमेटम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**शिमला।** नागरिक सभा क्षेत्रीय कमेटी संजौली ने बुधवार को आम जनता को आ रही समस्याओं को लेकर चितकारा पार्क कैथू में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान अध्यक्ष जगमोहन ठाकुर, सचिव विवेक कश्यप, संयोजक पवन शर्मा, सह संयोजक अंकित दुबे और पूर्व अध्यक्ष विजेंदर मेहरा ने सभा को संबोधित किया।




संजौली में नागरिक सभा के सदस्य प्रदर्शन करते हुए।

वक्ताओं ने कहा कि संजौली शहर का अहम हिस्सा होने के बावजूद यहां के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। हर तबके का नागरिक यहां रहता है, परंतु कुत्तों और बंदरों के बढ़ते आतंक से आम लोग भयभीत हैं। जनवरी से अब तक करीब 900 लोग इनके हमलों का शिकार हो चुके हैं। सभा ने चेतावनी दी कि यदि नगर निगम और प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुसार कुत्तों की नसबंदी व टीकाकरण अभियान नहीं चलाया तो नागरिक सभा बड़ा आंदोलन छेड़ेगी। वक्ताओं ने कहा कि संजौली की लाइब्रेरी में सुविधाओं का अभाव है, बसों की कमी से कामकाजी लोग परेशान हैं, नशे के मामलों में बढ़ोतरी चिंताजनक है और महिलाओं के लिए सुरक्षित हॉस्टल की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

उन्होंने मांग की कि पानी, हाउस टैक्स और गार्बेज टैक्स में हर साल की बढ़ोतरी रोकी जाए, सड़कों व स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत हो, डिस्पेंसरी में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और रेहड़ी-फड़ी वालों को बसाया जाए।सभा ने कहा कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो नागरिक सभा शिमला शहर में व्यापक आंदोलन करेगी।

# बलन में घर में घुसा तेंदुआ 11 घंटे तक कमरे में रहा कैद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला।** शिमला जिले के ठियोग उपमंडल की जैस पंचायत के बलन गांव में बीते देर रात रोमांच और दहशत से भरी घटना ने पूरे इलाके को सिहराकर रख दिया। ग्रामीण भूपराम शर्मा के घर में आधी रात करीब दो बजे एक तेंदुआ अचानक घुस गया। बताया जाता है कि तेंदुआ घर में पालतू कुत्ते पर झपटने के लिए अंदर आया था, लेकिन जैसे ही उसने कमरे में प्रवेश किया, दरवाजा अचानक बंद हो गया और वह उसी कमरे में कैद हो गया। अंदर करीब 11 घंटे तक तेंदुआ और कुत्ता एक ही कमरे में रहे। शुरुआती पलों में दोनों के बीच भयंकर संघर्ष हुआ, लेकिन बाद में तेंदुआ शांत होकर कोने में बैठ गया। सुबह जब ग्रामीणों को इसकी भनक लगी तो पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और कई घंटे की मशक्कत के बाद तेंदुए को सुरक्षित पकड़ा गया और घायल कुत्ते को पशु चिकित्सालय भेजा गया है। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी दहशत का माहौल है।

# भुगतान न होने पर सड़कों पर उतरे ठेकेदार

## कहा- पंद्रह दिन में भुगतान न होने पर धरना-प्रदर्शन को होंगे मजबूर


भुगतानों का निपटान और त्रिस्तरीय प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की उठाई मांग।

**ठेकेदारों ने रैली निकाली अधिकारियों को सौंपे ज्ञापन**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**कांगड़ा** जिले के ठेकेदार लंबित भुगतान न होने बुधवार को जिला कागड़ा के जल शक्ति और लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार सड़कों पर उतरे। ठेकेदारों ने स्पष्ट कर दिया है कि उनके लंबित भुगतानों की अदायगी आगामी पंद्रह दिनों में नहीं की गई तो वे धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। यही नहीं ठेकेदारों ने भुगतानों के शीघ्र निपटान और त्रिस्तरीय प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की भी मांग की है। बुधवार को सर्किट हाउस धर्मशाला में एकत्रित हुए जिलेभर के ठेकेदारों ने डीसी कार्यालय तक रैली निकाली।

इस दौरान जिला प्रशासन, चीफ इंजीनियर जल शक्ति और पीडब्ल्यूडी को भी लंबित भुगतान के संबंध में ज्ञापन सौंपे गए। ज्ञापन में कहा गया कि राज्य में कार्यरत ठेकेदार बीते लगभग दो वर्षों से अपने परिश्रम का उचित प्रतिफल प्राप्त करने के लिए संघर्षरत हैं प्रशासनिक स्तर पर स्वीकृतियां और ऋण निर्गत होने में हो रही देरी के कारण ठेकेदारों के भुगतान लंबे समय से अटके हुए हैं इससे ठेकेदारों को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है और उनके परिवारों पर भी इसका गहरा असर पड़ा है।

### दिवाली पर भुगतान न होने से छाई रही मायूसी : गोल्डी

**ठेकेदार** गोल्डी चौधरी ने कहा कि इस माह के दौरान धनतेरस, दीपावली और अन्य त्योहारों पर भी भुगतान न होने से वे मायूसी में डूबे रहे। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि त्रिस्तरीय भुगतान प्रणाली में जटिलता और पारदर्शिता की कमी के कारण ठेकेदारों में निराशा और असंतोष व्याप्त है। सरकार समस्त लंबित बिलों का न्यायसंगत और विवेकपूर्ण तरीके से शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करे, ताकि विकास कार्यों में कोई बाधा न आए। उन्होंने कहा कि भुगतान प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और जवाबदेह बनाया जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो ठेकेदार वर्ग ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार द्वारा शीघ्र आवश्यक निर्णय नहीं लिया गया तो ठेकेदार अपने हितों की रक्षा के लिए आंदोलनात्मक कदम उठाने पर विवश होंगे। उन्होंने कहा कि इससे राज्य में सामान्य जनजीवन और विकास कार्य प्रभावित हो सकते हैं। ठेकेदार वर्ग ने उम्मीद जताई है कि मुख्यमंत्री स्वयं इस गंभीर विषय पर संज्ञान लेकर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई करेंगे, ताकि ठेकेदार वर्ग का प्रशासन पर विश्वास बना रहे और राज्य के विकास कार्य निरंतर गति पकड़ सकें।

## धारा 118 में परिवर्तन कर 'हिमाचल फॉर सेल' पर लगाना चाहती सुक्खू सरकार : संजय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संजय शर्मा ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार धारा 118 में परिवर्तन कर हिमाचल को बेचने का षड्यंत्र रच रही है। भूमि सुधार अधिनियम 1972 के तहत तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. वाईएस परमार ने प्रदेश के किसानों और बागवानों के हितों की रक्षा के लिए इस प्रावधान को लागू किया था, ताकि हिमाचल की भूमि को बाहरी लोगों से बचाया जा सके और हिमाचली हित सुरक्षित रह सकें। लेकिन वर्तमान मुख्यमंत्री सुक्खू यह भूल गए हैं कि यह प्रावधान उन्हीं की पार्टी की सरकार ने हिमाचल के हितों की रक्षा के लिए बनाया था। यही नहीं, प्रदेश में जब-जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार रही है, उसने भी इस कानून को कारगर माना और लगातार इसका समर्थन व बचाव किया। इसी धारा के नियंत्रण के कारण आज हिमाचल प्रदेश की कृषि व वन भूमि सुरक्षित है। प्रेस बयान में संजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री अपनी कांग्रेस हाईकमान और कांग्रेस पार्टी से जुड़े व्यापारी वर्ग के भारी दबाव में हैं और हिमाचल की भूमि को प्रदेश के बाहरी व्यक्तियों को बेचने की फिराक में हैं। भूमि सुधार अधिनियम की धारा 118 में परिवर्तन कर सरकार 'हिमाचल फॉर सेल' की दिशा में कदम बढ़ा रही है। यह बड़ी हैरानी की बात है कि मुख्यमंत्री जब-जब विदेश यात्राओं पर जाते हैं, तब-तब हिमाचल को बेचने का नया प्लान लेकर लौटते हैं। अब जब मुख्यमंत्री यूके के दौरे से लौटे हैं, तब से वे धारा 118 में परिवर्तन करने की कोशिश में लगे हुए हैं। भाजपा प्रदेश सरकार के किसी भी ऐसे फैसले का पुरजोर विरोध करेगी और हिमाचल की जनता के हितों की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार है।

# बीएड प्रशिक्षुओं ने जानी सामग्री पुनर्चक्रण सुविधा की विधि


116 विद्यार्थियों ने एचपीसीए स्टेडियम के नीचे स्थित सामग्री पुनर्चक्रण सुविधा का दौरा किया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**राजकीय** अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला के 116 विद्यार्थियों ने एचपीसीए स्टेडियम के नीचे स्थित सामग्री पुनर्चक्रण सुविधा का दौरा किया।

इस भ्रमण के दौरान वेस्ट वॉरियर के कार्यकारी पंकज और सुविधा प्रभारी राजकुमार ने विद्यार्थियों को विभिन्न गतिविधियों के बारे में मार्गदर्शन दिया। एमआरएफ प्रभारी ने धर्मशाला के 15 वार्डों से घर-घर जाकर कचरा संग्रहण सूखे और गीले कचरे में उसका पृथक्करण और सुविधा में उसके प्रसंस्करण की प्रक्रिया और चरणों के बारे में बताया। इस सुविधा में गीले कचरे का उपयोग बायो गैस उत्पन्न करने के लिए किया जाता है जिससे एक जनरेटर चलता है, जो सुविधा की ऊर्जा आवश्यकताओं को आंशिक रूप से पूरा करता है। यह सुविधा प्रतिदिन लगभग 1500 किलोग्राम कचरे का प्रसंस्करण करती है। इस सुविधा को चलाने का मासिक खर्च लगभग 3 लाख रुपए है, जिसे आंशिक रूप से कंपनियों के सीएसआर प्रयासों से पूरा किया जाता है।

# बैजनाथ कॉलेज का शूटिंग स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन, 5 पदक जीते

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**


महिला वर्ग की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम ने स्वर्ण पदक जीता।

**बैजनाथ।** राजा वीरभद्र सिंह राजकीय महाविद्यालय, सीमा (रोहड़ू) में आयोजित प्रदेश विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालयीय शूटिंग प्रतियोगिता में पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ की शूटिंग टीम ने सराहनीय प्रदर्शन किया है।

टीम ने प्रतियोगिता में कुल पांच पदक जीतकर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। महिला वर्ग की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पुरुष वर्ग की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम ने रजत पदक हासिल किया। इसी प्रतियोगिता में कुमारी अंचल राणा ने व्यक्तिगत 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया। टीम के समग्र प्रदर्शन के आधार पर महाविद्यालय ने महिला वर्ग में ओवरऑल तीसरा स्थान तथा पुरुष एवं महिला संयुक्त वर्ग में भी ओवरऑल तीसरा स्थान प्राप्त किया। टीम प्रबंधक डॉ. विशाल चौधरी एवं डॉ. सुलक्षणा शर्मा ने खिलाड़ियों को प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। वहीं, डॉ. राजेश चौधरी (खेल प्रभारी) ने खिलाड़ियों की तैयारी, अनुशासन और समन्वय सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कौंडल ने विजेता खिलाड़ियों, टीम प्रबंधकों एवं खेल प्रभारी को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि महाविद्यालय ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण बैजनाथ क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी महाविद्यालय की खेल प्रतिभाएं इसी प्रकार उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित करती रहेंगी।

## पेंशन विसंगतियों को लेकर डाडासीबा में पेंशनर्स की बैठक

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** कांगड़ा पेंशनर्स संघ ब्लॉक परागपुर की बैठक बुधवार को प्रधान रमेश चंद की अध्यक्षता में डाडासीबा स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में आयोजित की गई। बैठक में संघ के पदाधिकारियों सहित लगभग 80 पेंशनर्स ने भाग लिया। बैठक में पेंशनरों की पेंशन विसंगतियों, लंबित भुगतान और भत्तों में देरी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान पेंशनर्स ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर सरकार को प्रेषित किया।

प्रस्ताव में मांग की गई कि जनवरी 2016 से जनवरी 2022 तक के संशोधित वेतनमान की समस्त देय राशि का शीघ्र भुगतान किया जाए। साथ ही, लंबित मेडिकल बिलों के निपटारे के लिए जल्द बजट प्रावधान करने की भी मांग उठाई गई, ताकि वरिष्ठ नागरिकों को आर्थिक परेशानियों से राहत मिल सके। बैठक में यह भी कहा गया कि सरकार ने डीए की किश्त तीन प्रतिशत की दर से दी है, जबकि यह 4 प्रतिशत की दर से जुलाई 2023 से देय है। संघ ने सरकार से आग्रह किया कि डीए की देय दर को सही कर तत्काल भुगतान किया जाए।

# शगुन ने बढ़ाया धर्मशाला कॉलेज का मान

## होनहार छात्रा का 'अष्ट लक्ष्मी दर्शन' यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम में हुआ चयन


प्रदेश से कुल 20 विद्यार्थियों का चयन हुआ है।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**राजकीय** महाविद्यालय धर्मशाला के लिए गर्व का क्षण महाविद्यालय की होनहार छात्रा शगुन का चयन प्रतिष्ठित अष्ट लक्ष्मी दर्शन यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम में हुआ है।

शगुन इतिहास विषय की मेधावी छात्रा हैं और एनएसएस की सक्रिय स्वयंसेविका भी हैं। यह कार्यक्रम असम के गुवाहाटी में आयोजित किया जाएगा, जिसमें हिमाचल प्रदेश से कुल 20 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। शगुन इन चयनित विद्यार्थियों में से एक होकर प्रदेश और संस्थान दोनों का गौरव बढ़ा रही हैं। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया, इतिहास विभाग के प्रमुख प्रो. निशेश, तथा संकाय सदस्य प्रो. पूजा शांडिल, डॉ. दीपिका ठाकुर और डॉ. अंजलि शर्मा ने शगुन को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय प्रशासन ने इसे संस्थान के लिए गर्व का विषय बताया और विश्वास व्यक्त किया कि शगुन की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को भी नई प्रेरणा देगी, ताकि वे भी अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहें।

मेहनत, लगन और आत्मविश्वास से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं शगुन की सफलता इस प्रेरक संदेश को साकार करती है।

## सुक्खू सरकार में शिक्षा व्यवस्था चरमराई : चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने शिमला जिले के रोहड़ू उपमंडल की स्पैल वैली के गावणा प्राथमिक विद्यालय में महिला मुख्याध्यापिका द्वारा छात्र के साथ अमानवीय बर्ताव पर सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार के कार्यकाल में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। जहां एक ओर सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या घटती जा रही है।

वहीं, दूसरी ओर शिक्षक बच्चों को प्रताड़ित करने और नशे में शिक्षण संस्थानों में पहुंचने के मामलों से प्रदेश शर्मसार हो रहा है। विश्व चक्षु ने कहा कि सुक्खू सरकार अपने राजनीतिक खेलों में इतनी मशगूल है कि प्रदेश के स्कूलों में क्या हो रहा है, इसकी परवाह तक नहीं रही। चक्षु ने मांग की कि इस जघन्य कृत्य की एसआईटी जांच कराकर आरोपी शिक्षिका के साथ-साथ लापरवाह शिक्षा अधिकारियों पर भी कठोर कार्रवाई की जाए।

## 8वें वेतन आयोग के गठन व दायरे से कर्मचारियों को मिलेगा लाभ : घनश्याम

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** प्रदेश में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व अध्यक्ष, घनश्याम शर्मा (पूर्व अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश कर्मचारी कल्याण बोर्ड) ने कहा कि केंद्र सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के वेतन एवं भत्तों में संशोधन की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हुए 8वां वेतन आयोग के गठन के साथ-साथ इसके कामकाज की शर्तों व दायरे को भी मंजूरी दे दी है। आयोग को 18 महीनों के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है और इसकी सिफारिशें 1 जनवरी 2026 से लागू करने की उम्मीद जताई जा रही है। उन्होंने कहा कि यह कर्मचारियों के लिए एक सकारात्मक संकेत है कि सरकार वेतन-भत्तों पर नए सिरे से विचार कर रही है। अब यह देखना होगा कि राज्य सरकारें इस प्रक्रिया को किस गति से अपनाती हैं। उन्होंने कहा कि वे 20 सितंबर को पालमपुर से उन्होंने प्रदेश में कर्मचारियों व पेंशनभोगियों की समस्याओं पर भी आवाज उठाई थी। कर्मचारियों-पेंशनभोगियों को टालमटोल अवधि से निकालने एवं उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने की दिशा में एक कदम और तेजी ला सकती है।

# धारकंडी क्षेत्र की सड़कों के निर्माण और रखरखाव पर खर्च होंगे 7.5 करोड़ : पठानिया


दयारा तक 1.3 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**शाहपुर** विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले धारकंडी क्षेत्र में सड़क नेटवर्क को सुदृढ़ करने के लिए बड़े स्तर पर कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं। इन कार्यों से न केवल ग्रामीण संपर्क मार्गों की स्थिति में सुधार होगा, बल्कि क्षेत्र के लोगों के लिए सुगम यातायात की सुविधा भी सुनिश्चित होगी।

यह बात शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने दयारा तक 1.3 किलोमीटर लंबी लिंक सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि इस सड़क निर्माण पर 40 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। यह सड़क स्थानीय ग्रामीणों को मुख्य मार्ग से जोड़ने में सहायक होगी। विधायक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि धारकंडी क्षेत्र में सड़कों के निर्माण एवं रखरखाव के लिए कुल 7.5 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में सड़कें पक्की की जा रही हैं, लिंक रोड का विस्तार हो रहा है तथा भूस्खलन प्रभावित हिस्सों को मजबूत किया जा रहा है। पठानिया ने घेरा मार्ग पर सड़क के डंगे निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया, जिस पर 8 लाख रुपए की राशि व्यय की जाएगी। यह कार्य बरसात के मौसम में भूस्खलन रोकने और सडक़ की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

## कानून व शिक्षा व्यवस्था लगातार बिगड़ रही : अटल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** एबीवीपी की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने बयान जारी करते हुए कहा कि प्रदेश में कानून एवं शिक्षा व्यवस्था की हालत दिन-प्रतिदिन बद से बदतर होती जा रही है। इसका ताजा उदाहरण एक अत्यंत शर्मनाक घटना है, जिसमें एक अध्यापिका ने एक विद्यार्थी को कंटीले पौधे से बेरहमी से मारा। जब वह विद्यार्थी माफी मांगते हुए गिड़गिड़ाता रहा, रोता रहा और अपने शरीर से कांटे निकालता रहा, तब भी अध्यापिका ने अपनी अमानवीयता नहीं रोकी। इतना ही नहीं, उसने कपड़े उतरवाने तक की बात कही, जो न केवल एक विद्यार्थी की गरिमा पर प्रहार है बल्कि संपूर्ण शिक्षण व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। वर्तमान प्रदेश सरकार का इस घटना पर मौन रहना अत्यंत चिंताजनक और शर्मनाक है। अभाविप मांग करता है कि सरकार तत्काल इस मामले का संज्ञान ले, संबंधित अध्यापिका पर कठोर कार्रवाई करे और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए। विद्यार्थी परिषद सदैव विद्यार्थी हितों की रक्षा के लिए संघर्षरत रहेगी और इस प्रकरण में न्याय सुनिश्चित होने तक आवाज बुलंद करती रहेगी।

### अवैध खनन के खिलाफ डमटाल पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# नौ आरोपी किए गिरफ्तार, पांच जेसीबी और चार टिप्पर जब्त


अवैध खनन के खिलाफ मंगलवार देर रात 2 बजे की गई कार्रवाई।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** जिला पुलिस नूरपुर एसपी अशोक रतन द्वारा अवैध खनन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मंगलवार रात 2 बजे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। डमटाल पुलिस थाना के तहत डांगू पीर के चौकी प्रभारी विक्की राज ने टीम के साथ गश्त के दौरान चक्की खड्ड में खनन माफिया के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पांच जेसीबी तथा चार टिप्पर को जब्त किया गया है। पुलिस थाना डमटाल में मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने नरेश सिंह पुत्र हंस राज निवासी गांव माजरा, विक्की पुत्र कालू निवासी ओडिशा, सुनील कुमार पुत्र इजरायल, झारखंड, जोगेंद्र सिंह पुत्र वनारसी दास निवासी कलगढ, जिला पठानकोट, सुनील कुमार पुत्र लेखराज निवासी खरड़ मोहटली, इंदौरा, हरजिंद्र सिंह पुत्र दलवीर सिंह निवासी गांव माजरा, पवन कुमार पुत्र चमन लाल निवासी गांव खरड़ मोहटली, सुवेग सिंह पुत्र विरसा सिंह निवासी ढागू रोड पठानकोट, जसवंत सिंह पुत्र स्वर्ण सिंह निवासी गांव घंडरान, पठानकोट को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस नूरपुर ने जनता से अनुरोध है कि यदि किसी स्थान पर अवैध खनन होता दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। ऐसे मामलों में सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## नगरोटा बगवां में अंतर-महाविद्यालय मुक्केबाजी स्पर्धा का शुभारंभ

**अंनत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय में अंतर महाविद्यालय मुक्केबाजी प्रतियोगिता 29 अक्तूबर से 31 अक्तूबर तक आयोजित की जाएगी। शुभारंभ पर मुख्य अतिथि जिला कांगड़ा के पुलिस अधीक्षक अशोक रतन रहे। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और खेल भावना का विकास करती हैं। इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से संबद्ध लगभग 30 महाविद्यालयों की टीमों के 130 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। 50 किग्रा भार वर्ग में ईशान ठाकुर (रामपुर कॉलेज), अभिषेक (कौंडल घुमारवीं कॉलेज), हिमांशु (लॉ कॉलेज सोलन), बादल चौहान (सीमा कॉलेज), जश्न सिंह (ऊना कॉलेज), प्रांजल (बिलासपुर कॉलेज), रोहन पठानिया (सुजानपुर टिहरा कॉलेज) विजयी रहे। 55 किग्रा भार वर्ग में हर्ष (चुबाड़ी कॉलेज), प्रमोद (चंबा कॉलेज), वावशत (चकमोह कॉलेज), शनिध्य (हमीरपुर कॉलेज), आयुष (पालमपुर कॉलेज), प्रयांशु (बिलासपुर कॉलेज), नकुल (रामपुर कॉलेज) विजेता बने। 60 किग्रा भार वर्ग में वरुण (अंब कॉलेज) और शिवांक (हमीरपुर कॉलेज) ने शानदार जीत दर्ज की। 65 किग्रा भार वर्ग में प्रभात (सोलन कॉलेज), साहिल (कोटशेरा कॉलेज), सनावाल पटियाल (घुमारवीं कॉलेज), आरुषवीर (संजोली कॉलेज) विजयी रहे। 70 किग्रा भार वर्ग में अर्जुन पंडित (ऊना कॉलेज) और सूर्यांश ठाकुर (हमीरपुर कॉलेज) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं, 80 किग्रा भार वर्ग में आर्यन (ऊना कॉलेज) ने विजयी स्थान प्राप्त किया।

# श्री साई ग्रुप के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के 11 स्टूडेंट्स का चयन



श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में हाल ही में किया था कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन।

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

**श्री** साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में हाल ही में बहुराष्ट्रीय आईटी कंपनी पारस टेक्नोलॉजीज द्वारा संयुक्त कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम ग्रुप के सीएमडी कंवर तुषार पुंज की अध्यक्षता में हुआ प्रो. सुलक्ष्य कुमार मुरगई ने बताया कि इस ड्राइव में बीटेक (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व मशीन लर्निंग), एमबीए, एमसीए और बीसीए के कुल 116 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. विपिन गुप्ता और प्रो. संजय पंडित ने कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर हरीश कुमार एवं एचआर अमन मान का स्वागत किया। चयन प्रक्रिया तीन चरणों में हुई।

कंपनी प्रेजेंटेशन, लिखित परीक्षा, ग्रुप डिस्कशन तथा एचआर व टेक्निकल इंटरव्यू। सभी चरण सफलतापूर्वक पूर्ण करने के बाद 11 छात्रों का चयन किया गया, जो जनवरी 2026 से पारस टेक्नोलॉजीज में अपनी सेवाएं प्रारंभ करेंगे। ग्रुप के चेयरमैन इंजीनियर एसके पुंज और सीएमडी कंवर तुषार पुंज ने इस उपलब्धि पर छात्रों को बधाई दी और कहा कि संस्थान विद्यार्थियों को उद्योग जगत से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। एमडी त्रिसा पुंज और वाइस प्रेसिडेंट रिया पुंज ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दीं। अंत में डायरेक्टर प्लेसमेंट्स सुलक्ष्य मुरगई ने सभी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सरदार रणजीत सिंह, डॉ. विपिन गुप्ता, डॉ. दिनेश महाजन, प्रो. संजय पंडित, प्रो. समिंदर तरवाल, अजय पराशर, मनोज कुमार, जॉय घई, आल हेड्स व समस्त स्टाफ मौजूद था।

## एबीवीपी ने राहत कोष में दिया 2,60,112 का योगदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश ने समाज के प्रति अपनी सेवा भावना और संवेदनशीलता को प्रदर्शित करते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष में 2,60,112 (दो लाख साठ हजार एक सौ बारह रुपए) का योगदान दिया है। यह राशि प्रदेश में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए दी गई है। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने सेवा परमो धर्म: की भावना को आत्मसात करते हुए प्रदेशभर में चलाए गए विशेष अभियान के माध्यम से यह राशि एकत्रित की। संगठन के विद्यार्थियों, कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने अपने स्तर पर राहत कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाई और प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक सामग्री एवं सहायता पहुंचाई। प्रदेश मंत्री कुारी नैंसी अटल ने कहा कि विद्यार्थी परिषद केवल शैक्षणिक व छात्र हितों तक सीमित नहीं, बल्कि हर विपत्ति की घड़ी में समाज के साथ खड़ी रहती है। यह योगदान संगठन के समर्पण, निष्ठा और सेवा भाव का प्रतीक है।

### जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता : गोमा

# 50 लाख की लागत से बनेगा खेल परिसर

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

**जहसिंपुर** विधानसभा क्षेत्र के तहत सोल बनेहड़ पंचायत में 50 लाख रुपए की लागत से जल्द खेल परिसर बनकर तैयार होगा। इसमें बास्केटबाल कोर्ट, वॉलीबाल कोर्ट और क्रिकेट की पिच बनकर तैयार होगी। आयुष मंत्री यादवेंद्र गोमा ने खेल परिसर की आधारशीला रखी। इसके अलावा जयसिंहपुर के जल शक्ति मंडल कार्यालय का भवन भी मंत्री ने लोकार्पित किया। इस भवन के निर्माण पर 40 लाख रुपए की लागत आई है।


आयुष मंत्री गोमा ने जल शक्ति मंडल के कार्यालय का लोकार्पण किया।

शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम के पश्चात सोल बनहेहड़ पंचायत के झुंगा देवी में आयोजित जनसभा में गोमा ने कहा कि जयसिंहपुर क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान और क्षेत्र का विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिता में शामिल है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में खेल परिसर बनकर तैयार होगा, जिससे स्थानीय युवाओं को खेलों की ओर आकर्षण पैदा होगा और युवा नशे से भी दूर रहेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि खेल परिसर के निर्माण में अतिरिक्त राशि का वहन भी प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व जल शक्ति का मंडल दूसरी विधानसभा क्षेत्र में मौजूद था। उनके प्रयासों के चलते और कांग्रेस की सरकारों ने जल शक्ति मंडल को जयसिंहपूर में पूरी तरह कार्यान्वित करने के लिए भरपूर प्रयास किए हैं। इसी का नतीजा है कि आज जलशक्ति मंडल का अपना भवन बनकर तैयार हो गया है और जयसिंहपुर क्षेत्र की जल शक्ति विभाग से संबंधित योजनाओं और परियोजनाओं को आसानी से सिरे चढ़ाया जा सकेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि सोल बनेहड़ में वर्तमान सरकार के कार्यकाल में ही राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल बनकर तैयार हो जाएगा और इसके लिए 1.50 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हो चुकी है। 50 लाख की लागत से सकोह में भी खेल मैदान का निर्माण किया जा रहा है।

बहुतकनीकी संस्थान तलवाड़ में 1.60 करोड़ के विभिन्न कार्य संपन्न हुए हैं। उन्होंने सभी पंचायतों के समान विकास पर भी बल दिया और कहा कि जल्द ही जयसिंहपुर की सभी पंचायतों का क्रमवार दौरा भी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा।

## स्वयंसेवियों ने हनुमान मंदिर में किया श्रमदान

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की ओर से आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवियों ने विभिन्न स्थानों पर श्रमदान किया। विशेष रूप से स्थानीय पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर और प्राचीन खडेसरी मंदिर में स्वयंसेवियों ने सफाई और श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी हरीश भारद्वाज ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिविर के दौरान जो मूल्य और अनुभव सीखते हैं, उन्हें अपनी जीवनशैली में अपनाना चाहिए। प्रवक्ता राजीव भंडारी और हंसराज राणा ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे इस अनुभव को अन्य विद्यार्थियों के साथ साझा करें और उन्हें भी समाज सेवा के लिए प्रोत्साहित करें। आज सिविल हॉस्पिटल जयसिंहपुर से रमेश चंद (एमएचएस) बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने के लिए आए।

# कोरम पूरा न होने पर जिला परिषद कांगड़ा की त्रैमासिक बैठक स्थगित

## अब पंद्रह दिन के भीतर होगी बैठक, मनोनीत सदस्यों को आमंत्रित सदस्य बनाने की उठी मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला** परिषद कांगड़ा की त्रैमासिक बैठक कोरम पूरा न होने के चलते स्थगित हो गई। साथ ही अब पंद्रह दिन के भीतर बैठक की नई तिथि घोषित की जाएगी। इस दौरान जिला परिषद में मनोनीत सदस्यों माननीयों के बैठकों में भाग न लेने के चलते उन्हें आमंत्रित सदस्य बनाने की मांग भी उठाई गई।

बुधवार को सुबह 10.30 बजे जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया जाना था। तय समय के अनुसार पार्षद व अधिकारी बैठक में भाग लेने के लिए जिला परिषद हॉल में पहुंचना शुरू हो गए थे। करीब 12.30 बजे तक जिला परिषद के सभागार में 36 पार्षद पहुंच गए थे। इसके बाद करीब 1 बजे तक बैठक का कोरम पूरा होने की संभावनाओं के चलते पार्षदों का इंतजार किया गया। इस समय तक करीब 41 पार्षद बैठक हॉल में पहुंच चुके थे, लेकिन बैठक के लिए आवश्यक पार्षदों की संख्या पूरी होने के चलते करीब दोपहर 1.07 बजे बैठक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा अधूरे कोरम के चलते बैठक को स्थगित करने की घोषणा की गई। कोरम पूरा न होने के चलते बैठक हॉल में मौजूद पार्षदों ने बैठक में मौजूद न होने वाले माननीयों का विरोध करते हुए उन्हें मनोनित सदस्य के बजाए आमंत्रित सदस्य बनाने की मांग की।



बैठक में मौजूद जिला परिषद कांगड़ा के अध्यक्ष रमेश बराड़।

### मनोनीत सदस्यों के पास नहीं होता समय : बराड़

**जिला** परिषद कांगड़ा के अध्यक्ष रमेश बराड़ ने बताया कि माननीयों के पास समय न होने के चलते वे बैठकों का हिस्सा नहीं बन पाते हैं। इसके चलते कोरम पूरा न होने के चलते समस्या होती है। साथ ही कोरम पूरा न होने के चलते बैठक न हो पाने के कारण जन समस्याओं के मुद्दे व विषयों को अधिकारियों के पास पहुंचाने में समस्या होती है। उन्होंने मांग की है कि माननीयों को आमंत्रित सदस्य बनाया जाए।

**5 साल में नहीं आया एक भी विधायक व सांसद :** जिला परिषद सदस्य कुलभाष चौधरी ने बताया कि जिला परिषद के इस कार्यकाल के पांच साल के भीतर एक भी विधायक व सांसद बैठक का हिस्सा नहीं बना है। इससे साफ जाहिर होता है कि पंचायती राज को कमजोर करने में इनका पूरा हाथ है। **घंटों सफर कर पहुंचते हैं, कोरम पूरा न होने पर दुख होता है :** जिला परिषद सदस्य संजीव ठाकुर ने रोष व्यक्त करते हुए बताया कि जिला कांगड़ा का भौगोलिक क्षेत्र बड़ा होने के चलते यहां कई पार्षद तीन घंटों का लंबा सफर तय करके यहां पहुंचते हैं, लेकिन बैठक पूरी होने के चलते दुख होता है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था को सुधार किया जाना चाहिए।

### तंबाकू मुक्त की दिलाई शपथ

**जिला** कांगड़ा में आयोजित बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनुराधा ने उपस्थित अधिकारियों और जिला परिषद सदस्यों को तंबाकू मुक्त समाज की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि 9 अक्तूबर से 8 दिसंबर तक चलने वाले तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत शिक्षण संस्थानों और गांवों में नशे के दुष्प्रभावों पर जागरूकता बढ़ाई जा रही है। वहीं एडीसी विनय कुमार ने बताया कि कोरम पूरा न होने से बैठक स्थगित की गई है, अगली तिथि 15 दिन में घोषित की जाएगी।

## खड़ोता, खनियारा में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल सिद्धपुर के सहायक अभियंता संतोष कुमार ने जानकारी दी है कि विद्युत लाइनों के उचित रखरखाव कार्य के चलते 31 अक्तूबर को सुबह 9:30 बजे से कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। यह बाधा 11 केवी खनियारा फीडर के तहत आने वाले क्षेत्रों खड़ोता, टिल्लू, चकवन, खनियारा बाजार, नड्डी, सोकनी-दा-कोट तथा आसपास के इलाकों में रहेगी। इस दौरान उपभोक्ताओं से सहयोग और असुविधा के लिए खेद जताया है।

अभियंता ने बताया कि मौसम खराब होने या अन्य आकस्मिक आपदा में ये कार्य स्थगित या आंशिक रूप से किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

# आत्म-जागरूकता से ही संभव है प्रभावी आपदा प्रबंधन : विनय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला** आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कांगड़ा की ओर से बुधवार को समर्थ-2025 कार्यक्रम के तहत आपदा जागरूकता मार्च का आयोजन किया गया। इस मार्च को एडीसी विनय कुमार ने उपायुक्त कार्यालय धर्मशाला से फ्लैग ऑफ किया। यह मार्च उपायुक्त कार्यालय से प्रारंभ होकर पुलिस ग्राउंड धर्मशाला में संपन्न हुआ।

एडीसी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपदा प्रबंधन का सबसे पहला कदम आत्म-जागरूकता है। जब हम स्वयं सजग और तैयार रहेंगे, तभी समाज को भी जागरूक बना पाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने आस-पास की गतिविधियों पर ध्यान देना चाहिए और जहां भी जोखिम की संभावना हो, वहां सुधार के लिए प्रेरित करना चाहिए। यही जागरूकता भविष्य में संभावित आपदाओं के प्रभाव को कम करने में सहायक सिद्ध होती है। उन्होंने कहा कि हम आपदाओं को पूरी तरह रोक नहीं सकते, लेकिन उनसे होने वाली क्षति को अवश्य कम कर सकते हैं। भवन और संपत्ति दोबारा बनाई जा सकती है, परंतु जान-माल की हानि की भरपाई असंभव होती है। इस अवसर पर आपदा मित्र, एनएसएस व एनसीसी कैडेट्स, एसडीआरएफ दल, होमगार्ड बैंड, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, राजकीय कन्या वरिष्ठ पाठशाला धर्मशाला तथा राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के विद्यार्थी भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान एसडीआरएफ टीम ने प्रतिभागियों को बेसिक फर्स्ट एड एवं सीपीआर से संबंधित जानकारी दी तथा आपातकालीन परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार के व्यावहारिक प्रदर्शन किए। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण अधिकारी कुलदीप सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपदा के प्रति सजगता, तत्परता और सहभागिता की भावना को सशक्त बनाते हैं।

# एचआरटीसी बसों में कीजिए मुफ्त और रियायती सफर

## हिम बस कार्ड से लोगों को मिलेगी सुविधा, 236 रुपए में बनेगा कार्ड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** पथ परिवहन निगम एचआरटीसी की बसों में मुफ्त और रियायती यात्रा का लाभ उठाने के लिए पात्र लोगों को 236 रुपए से हिम बस कार्ड बनाना होगा। निगम ने धर्मशाला डिविजन के तहत आने वाले क्षेत्रों कांगड़ा-चंबा व मंडी में हिम बस कार्ड योजना शुरू कर दी है। इसमें पात्र लोगों को निगम के पोर्टल में जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। हिम बस कार्ड की एकमुश्त लागत 200 रुपए और जीएसटी रखी गई है, जिसमें पहले वर्ष की रियायत शामिल होगी।

दूसरे वर्ष से वार्षिक नवीनीकरण शुल्क 150 रुपए और जीएसटी देना होगा। स्रोत, गंतव्य, वर्ग या पदनाम में परिवर्तन की स्थिति में 50 रुपए और जीएसटी शुल्क लिया जाएगा। कार्ड खो जाने या क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में 200 रुपए और जीएसटी देकर नया कार्ड जारी किया जाएगा, जिसकी वैधता एक वर्ष रहेगी और आगे वार्षिक नवीनीकरण आवश्यक होगा। इसके अलावा निगम की बसों में रियायती सफर के लिए जिन लोगों ने येलो कार्ड, ग्रीन कार्ड, स्मार्ट कार्ड या कोई अन्य रियायती कार्ड बना रखा है, उनके लिए जल्द ही हिम बस प्लस कार्ड जारी करने की तैयारी है। प्रदेश सरकार के निर्देशों के तहत एचआरटीसी ने रेडियो फ्रीक्वेंसी आधारित हिम बस कार्ड प्रणाली लागू की है। इस प्रणाली के माध्यम से पात्र वर्गों को मिलने वाली निशुल्क और रियायती यात्रा सुविधाएं डिजिटल माध्यम से उपलब्ध करवाई जाएंगी। एचआरटीसी के धर्मशाला डिविजन के मंडलीय प्रबंधक डीएम पंकज चड्ढा ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशों पर यात्रा सुविधाओं को पारदर्शी, सुरक्षित और सुलभ बनाने के लिए यह व्यवस्था लागू की गई है।

इससे लाभार्थियों को कागजी प्रक्रिया से मुक्ति मिलेगी, और स्मार्ट परिवहन प्रणाली की सुविधा मिलेगी। प्रदेश के सरकारी स्कूलों (जमा दो तक), कॉलेजों, निजी व सरकारी शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थी, राज्य व केंद्र सरकार के कर्मचारी, निगमों व बोर्डों के कर्मचारी, पुलिस कर्मी (कांस्टेबल से इंस्पेक्टर तक), जेल विभाग के अधिकारी (वार्डन से सहायक अधीक्षक तक), पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, स्वतंत्रता सेनानी व उनकी पत्नियां, राज्य और जिला स्तर के मान्यता प्राप्त पत्रकार, शौर्य पुरस्कार विजेता, युद्ध विधवाएं, विशेष रूप से सक्षम व्यक्ति, एचआरटीसी के दिवंगत या सेवानिवृत्त कर्मचारियों की विधवाएं, सचिवालय सुरक्षा कर्मी, महिलाएं, केंद्रीय विश्वविद्यालय एवं केंद्रीय विद्यालयों के विद्यार्थी, कुष्ठ रोगी, राज्य पुरस्कार प्राप्त बच्चे (21 वर्ष तक) तथा राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षक शामिल हैं। पात्र आवेदक हिम एक्सेस पोर्टल पर सिटिजन लॉगिन के अंतर्गत साइन अप कर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। कार्ड को डाक द्वारा मंगवाने पर 56 रुपए (जीएसटी सहित) अतिरिक्त शुल्क देना होगा।

## टीजीटी आर्ट्स, टीजीटी मेडिकल पंजाबी व उर्दू टेट तिथियां घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने टेट नवंबर-2025 की परीक्षाओं की तिथि और समयसारणी जारी कर दी है। बोर्ड की ओर से पंजाबी, उर्दू, टीजीटी (आर्ट्स) और टीजीटी (मेडिकल) विषयों की परीक्षाएं आगामी 2 और 5 नवंबर को आयोजित की जाएंगी। पंजाबी टेट की परीक्षा 2 नवंबर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा उर्दू टीईटी की परीक्षा उसी दिन दोपहर 2 बजे से 4:30 बजे तक आयोजित होगी। वहीं, टीजीटी (आर्ट्स) टीईटी की परीक्षा 5 नवंबर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक और टीजीटी (मेडिकल) टीईटी की परीक्षा 5 नवंबर को दोपहर 2 बजे से 4:30 बजे तक ली जाएगी।

**2 से 5 नवंबर तक सुबह व शाम के सत्र में होगा आयोजन**

पंजाबी टीईटी में 88, उर्दू टीईटी में 11, टीजीटी (आट्स) में 12,026 और टीजीटी (मेडिकल) में 4,747 अभ्यर्थी भाग लेंगे। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि सभी परीक्षाओं के एडमिट कार्ड उसकी वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी वेबसाइट पर टेट लिंक पर जाकर अपना एप्लीकेशन नंबर और डेट ऑफ बर्थ डालकर एडमिट कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षा से संबंधित अन्य जानकारी के लिए अभ्यर्थी बोर्ड कार्यालय के दूरभाष नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

## गगलू खप्परनाला में गोपी विरह गीत व कंस वध प्रसंगों ने बांधा समां

**सालविया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** गगलू खप्परनाला में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथा स्थल भक्ति, संगीत और भावनाओं के रंगों से सराबोर हो उठा।

कथा व्यास आचार्य भवानी शंकर (ग्राम पाईसा, जिला कांगड़ा) ने अपने ओजस्वी और भावपूर्ण वचनों में गोपियों के विरह गीत, ब्रज में रासलीला में भोलेनाथ का आगमन, अक्रूर द्वारा श्रीकृष्ण को मथुरा ले जाना, कंस वध, तथा वासुदेव-देवकी और नाना उग्रसेन की मुक्ति जैसे प्रसंगों का जीवंत और हृदयस्पर्शी वर्णन किया।

कथा के दौरान श्रद्धालु कभी आनंदाश्रु बहाते तो कभी हरि नाम संकीर्तन में झूम उठते नजर आए। आचार्य भवानी शंकर ने कहा कि श्रीकृष्ण की लीलाएं मानवता को प्रेम, भक्ति और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। बुधवार को कथा का मुख्य आकर्षण श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह उत्सव रहा, जिसने वातावरण को पूर्णतः दिव्य बना दिया। जैसे ही विवाह प्रसंग आरंभ हुआ, पंडाल मंगलाचारों, शहनाइयों और विवाह गीतों की मधुर ध्वनि से गूंज उठा। श्रद्धालु झूम उठे, भागड़ा डाला और जय श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा स्थल भक्तिमय बन गया।

### सालगिरह मुबारक


कुड़ना के राजीव ठाकुर और कमलेश ठाकुर को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## चढ़ियार में उपप्रधान का शव बरामद

**भाई की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज**

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** चढ़ियार में एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान रवि कुमार निवासी छेक के रूप में हुई है। रवि पंचायत का उपप्रधान था। पुलिस ने रवि कुमार के भाई की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रवि मंगलवार को चढ़ियार बाजार की तरफ गया था, लेकिन वापस घर नहीं पहुंचा। देर रात्रि रवि कुमार के भाई को सूचना मिली कि उसका भाई गांव के समीप सड़क के किनारे पड़ा हुआ है,

जब भी मौके पर पहुंचा तो वहां कुछ लोग थे। रवि कुमार को सिर में चोटें आई हुई थी और उसकी मौत हो चुकी थी। एसपी कांगड़ा अशोक रतन ने बताया कि पुलिस ने भाई की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं। अभी तक कोई भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि यह मामला देर रात का है, इसलिए पुलिस हर पहलु की जांच कर रही है।

# उत्कर्ष अभियान में उत्कृष्ट कार्य पर कांगड़ा को सम्मान

## केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय ने नवाजा, जिले की 16 पंचायतों के 19 जनजातीय गांवों में चलाया था अभियान

**5 वर्षों में 25 योजनाओं पर रहेगा फोकस : उपायुक्त**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**धरता** आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के संचालन तथा पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने में बेहतर कार्य करने के लिए कांगड़ा जिले को केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय ने सम्मानित किया है। इस बाबत प्रशस्ति पत्र भी दिया गया है।

डीसी हेमराज बैरवा ने बताया कि जिले में गत एक वर्ष से धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के तहत कांगड़ा जिला के 19 गांवों को आदर्श गांव के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न स्तरों पर जागरूकता शिविर आयोजित किए गए हैं।

अभियान के तहत अगले 5 वर्षों में प्रयासों से 25 योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि कांगड़ा जिला में उत्कर्ष अभियान के लिए ऐसी पंचायतों का चयन किया गया है जिसके तहत जनजातीय आबादी वाले गांवों में सड़क संपर्क, दूरसंचार संपर्क, विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य उपकेंद्र, पेयजल सुविधा, जल निकासी और ठोस कचरा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में प्रमुखता से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत आधार कार्ड, जनधन खाते, कम्यूनिटी प्रमाण पत्र, एफआरए मामलों का निपटारा, आयुष्मान कार्ड, पेंशन, पोषण योजनाओं के बारे में हेल्प डेस्क स्थापित किए गए थे। स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन के साथ साथ विभिन्न विभागों द्वारा स्वीकृत गतिविधियों में जन जागरूकता शिविर, विकास प्रदर्शनी लगाना भी सुनिश्चित किया गया था। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों और नेहरू युवा केंद्रों के सदस्यों की सहभागिता भी सुनिश्चित की गई है।



पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने में बेहतर कार्य करने के लिए केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय ने सम्मानित किया।

## ईमानदारी, पारदर्शिता ही सुशासन की नींव : बलबीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिक आचरण ही सुशासन की नींव है। यह बात राजकीय बीएड कॉलेज धर्मशाला में बुधवार को एक विशेष व्याख्यान में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए एसपी विजिलेंस धर्मशाला बलबीर सिंह ठाकुर ने कही विद्यार्थियों को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए एसपी विजिलेंस ने छात्रों से अपने जीवन में नैतिक मूल्यों को अपनाने और समाज में भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को जीवन के हर क्षेत्र में सत्यनिष्ठा बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। यह कार्यक्रम स्कूल इंटर्नशिप समिति एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. अतुल आचार्य ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय से प्रो युगराज सिंह, डॉ पूजा चौधरी एवं अन्य प्राध्यापकगण एवं समस्त प्रशिक्षु विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# स्वयंसेवियों को बताए एनएसएस के उद्देश्य



गरली विद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का शुभारंभ किया।

**अनंत ज्ञान, गरली**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गरली में बुधवार को सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिरुद्ध कुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शिविर में कुल 65 स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं, जिनमें 21 छात्राएं और 44 छात्र शामिल हैं। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर अनंत अश्वनी कुमार ने स्वयंसेवियों को एनएसएस के उद्देश्य, इतिहास और महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह शिविर युवाओं में सेवा भावना, अनुशासन और जिम्मेदारी का भाव जगाने का मंच है। मुख्य अतिथि अनिरुद्ध कुमार शर्मा ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन जीने का तरीका है, जिसमें सेवा सर्वोपरि है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को अनुशासन, ईमानदारी और सहयोग की भावना से कार्य करने का आह्वान किया। यह सात दिवसीय शिविर गोद लिए गांव गरली और नाहन-नगरोटा में आयोजित किया जा रहा है। स्वयंसेवी यहां स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति, स्वास्थ्य जागरूकता और साक्षरता अभियान जैसी गतिविधियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करेंगे।

# नवंबर के मध्य तक सुधरेगी खड़ा डंडा मार्ग की हालत

**लोनिवि ने शुरू किया रिटेनिंग वॉल का कार्य, 25 लाख होंगे खर्च**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**पर्यटन** नगरी मैक्लोडगंज को धर्मशाला से जोड़ने वाले खड़ा डंडा मार्ग की हालत नवंबर माह के मध्य तक सुधर जाएगी। खड़ा डंडा मार्ग पर जहां रिटेनिंग वॉल के धराशायी होने से यातायात बंद हुआ है, वहां लोनिवि ने रिटेनिंग वॉल का कार्य शुरू कर दिया है, जिस पर 25 लाख खर्च आने की संभावना है।

इस मार्ग की मरम्मत के लिए भी पीएमजीएसवाई-3 के तहत भी ढाई करोड़ रुपये की योजना स्वीकृत है। गौरतलब है कि बरसात में पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज को जोड़ने वाले खड़ा डंडा मार्ग और धर्मशाला बाईपास मार्ग पूर्णतयः बंद हो गया है। जहां धर्मशाला बाईपास पर यातायात बहाली में काफी समय लगेगा, जबकि खड़ा डंडा मार्ग पर वाहनों की आवाजाही शुरू हो सके, इसके लिए लोनिवि ने कार्य शुरू कर दिया है। सड़क की दशा सुधारने को लेकर सरकार की ओर से लोक निर्माण विभाग को एसडीओ स्तर पर दिशानिर्देश जारी किए गए हैं।

### 280 किलोमीटर से अधिक टारिंग कार्य पूरा

**कांगड़ा** और चंबा जिले में 358 किलोमीटर टारिंग का टारगेट था, जिसमें से 280 किलोमीटर से अधिक टारिंग की जा चुकी है। इसके अलावा बरसात के दौरान 47 के करीब पुलों को नुकसान पहुंचा था, जिसमें से अधिकतर की मरम्मत विभाग की ओर से कर दी गई है, जबकि इक्का-दुक्का पुल ही ऐसे बचे हैं, जिनकी मरम्मत की जानी है। उधर, लोनिवि कांगड़ा जोन के चीफ इंजीनियर विकास सूद ने बताया कि खड़ा डंडा मार्ग पर जहां सड़क टूट गई थी, वहां रिटेनिंग वॉल का कार्य शुरू कर दिया गया है। पीएमजीएसवाई-3 के तहत एक ढाई करोड़ की योजना भी सडक़ सुधार के लिए स्वीकृत है। जोन में 280 किमी टॉरिंग कार्य पूरा हो चुका है।

**मीटिंग** एसडीएम बैजनाथ की अध्यक्षता में हुई पैराग्लाइडिंग पायलटों की सुरक्षा को लेकर बैठक

# सभी पायलट नियमों का करें पालन

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

**विश्वविख्यात** साहसिक खेल स्थल बीड़-बिलिंग में पैराग्लाइडिंग के दौरान हाल ही में बढ़ती दुर्घटनाओं को रोकने और सुरक्षा व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने के उद्देश्य से बुधवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा एवं सुरक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपमंडलाधिकारी बैजनाथ संकल्प गौतम ने की। इस अवसर पर जिला पर्यटन अधिकारी विनय धीमान भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में पैराग्लाइडिंग के संचालन, पायलटों एवं पर्यटकों की सुरक्षा और प्रशासनिक निगरानी से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। एसडीएम संकल्प गौतम ने कहा कि बीड़-बिलिंग विश्व स्तर पर पैराग्लाइडिंग के लिए पहचान रखता है, इसलिए यहां सुरक्षा मानकों का पालन सर्वोच्च प्राथमिकता पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में पर्यटकों की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने पायलटों से आग्रह किया कि लंबी दूरी की सभी उड़ानें समूह में की जाएं, ताकि किसी अप्रिय घटना की स्थिति में तुरंत सहायता मिल सके। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पायलट अपनी उड़ानों के दौरान ट्रैकिंग डिवाइस का अनिवार्य रूप से उपयोग करें, जिससे किसी भी आपात स्थिति में उनका स्थान तुरंत ट्रैक किया जा सके। एसडीएम ने कहा कि प्रशासन पायलटों के इंश्योरेंस दस्तावेजों की समय-समय पर जांच करेगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी पायलट और पर्यटक सुरक्षा कवच के दायरे में हों। उन्होंने बताया कि पैराग्लाइडिंग क्षेत्र को ग्रीन, ऑरेंज और रेड जोनों में विभाजित करने का प्रस्ताव भी तैयार किया जा रहा है, जिससे पायलटों को पहले से यह जानकारी रहे कि किस दिशा में उड़ान भरना सुरक्षित है और किन क्षेत्रों में खतरे की संभावना अधिक है। उन्होंने बताया कि प्रशासन ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रणाली को और अधिक पारदर्शी और डिजिटल ट्रैकिंग से युक्त बनाने पर कार्य कर रहा है। उड़ान से पहले पायलटों की पहचान, प्रमाणन, और सुरक्षा जांच की प्रक्रिया को भी सुदृढ़ किया जाएगा। जिला पर्यटन अधिकारी विनय धीमान ने कहा कि बीड़-बिलिंग में पर्यटन को प्रोत्साहन देना प्रशासन एवं राज्य सरकार की प्राथमिकता है, परंतु यह तभी संभव है, जब सभी गतिविधियां सुरक्षा और अनुशासन के दायरे में संचालित हों। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग पायलटों और संस्थानों के सहयोग से सुरक्षित पर्यटन माहौल तैयार करने के लिए लगातार कार्यरत है।

बैठक में उपस्थित पैराग्लाइडिंग विशेषज्ञों ने सुझाव दिया कि पायलटों को नियमित रूप से ट्रेनिंग, मौसम पूर्वानुमान की जानकारी और आपातकालीन बचाव अभ्यास करवाए जाएं। उन्होंने कहा कि मौसम की स्थिति की अनदेखी दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बनती है, इसलिए उड़ान से पहले हर पायलट को मौसम संबंधी चेतावनियों से अवगत कराया जाना चाहिए।


पैराग्लाइडिंग के संचालन, पायलटों की सुरक्षा से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा की गई।

# घराणा में विपिन परमार ने किया सामुदायिक भवन का उद्घाटन



सामुदायिक भवन तथा पंचवटी पार्क का उद्घाटन करते विधायक विपिन परमार।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** भाजपा थुरल मंडल द्वारा बुधवार को आयोजित युवा मोर्चा सम्मेलन का आयोजन घराणा पंचायत में किया गया। कार्यक्रम में सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार, प्रदेश युवा मोर्चा महामंत्री सारस्वत कपूर, जिला पालमपुर युवा मोर्चा अध्यक्ष राकेश शर्मा, और महामंत्री चमन कपूर मुख्य अतिथि रहे।

विधायक विपिन सिंह परमार ने 7 लाख की लागत से बने सामुदायिक भवन तथा 3.50 लाख की लागत से निर्मित पंचवटी पाक्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिली है। उन्होंने बताया कि नौरा कोट बल्लाह से क्यारवां तक पेयजल योजना, धरसोला वाटर सप्लाई स्कीम का मॉडीफिकेशन, तथा बच्छवाई ड्रिंकिंग वाटर स्कीम को जल जीवन मिशन में शामिल किया गया। इसके साथ ही 50 बिस्तरों का अस्पताल और 5 चिकित्सकों के पद सृजित किए गए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं ने हर वर्ग तक राहत पहुंचाई है। कार्यक्रम में अध्यक्ष विकास धीमान, महामंत्री विजय सिंह राणा, उपाध्यक्ष प्रताप सिंह पठानिया सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### भाखड़ा डैम के पास अज्ञात शव मिलने से सनसनी

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** जिला बिलासपुर के अंतर्गत ग्वालथाई पुलिस चौकी के तहत भाखड़ा डैम वोट घाट भरवारी मंदिर के समीप एक अज्ञात पुरुष का शव बरामद हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक ने लाल रंग की कमीज और नीली चैकदार पैंट पहन रखी थी। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में गुमशुदगी की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है।

### डीसी ने जांची बिलासपुर एक्वा फेस्ट की तैयारियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** उपायुक्त राहुल कुमार ने बुधवार को लुहणू स्थित गोबिंदसागर झील में प्रस्तावित बिलासपुर एक्वा फेस्ट-2025 के आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त राजकुमार, पर्यटन विभाग के अधिकारी तथा संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं को निर्धारित समय में पूर्ण किया जाए, ताकि यह उत्सव प्रदेश स्तर पर आकर्षण का केंद्र बने। उन्होंने कहा कि बिलासपुर एक्वा फेस्ट-2025 जिले को एडवेंचर, ईको तथा वाटर टूरिज्म के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि आयोजन स्थल पर आवश्यक उपकरणों एवं सुविधाओं की व्यवस्था के लिए शीघ्र ही निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी। साथ ही, गोबिंदसागर झील तथा शहर के प्रमुख स्थानों पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा।

### चमन लाल ने तीन स्कूलों को बांटे वाटर कूलर



**अनंत ज्ञान, दधोल।** गतवाड़ वार्ड बीडीसी सदस्य चमन लाल शर्मा द्वारा 15वें वित्तायोग के माध्यम से प्राथमिक पाठशाला [illegible], प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेठवीं व राजकीय प्राथमिक पाठशाला भराड़ी को वाटर कूलर उपलब्ध करवाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु हर वर्ग समुदाय को सुविधा हेतु कार्य किए जा रहे हैं और इसी कड़ी में उन्होंने अपने वार्ड के अंतर्गत गतवाड़ पंचायत और भराड़ी पंचायत के सार्वजनिक स्थलों पर इन वाटर कूलरों को स्थापित करवाया है। चमन लाल शर्मा ने कहा कि अपने अधिकार क्षेत्र की निधि से सार्वजनिक रास्तों और शौचालय निर्माण के लिए भी निधि स्वीकृत करवाकर कार्य करवाया है।

### जगन पैलेस में 2 को होगा व्यापारी सम्मेलन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** संवेदना संस्था घुमारवीं की ओर से क्षेत्र के व्यापारिक समुदाय को एक साझा मंच पर लाने के उद्देश्य से व्यापारी वर्ग सम्मेलन परिचर्चा का आयोजन आगामी 2 नवंबर (रविवार) को किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रातः 10:30 बजे जगन पैलेस, घुमारवीं में आयोजित होगा। संस्था के प्रवक्ता विशाल नड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों को एकजुट कर उनके सामने आने वाली समस्याओं पर चर्चा करना और उनके समाधान के लिए ठोस सुझाव तैयार करना है। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में सुमित ठाकुर, अध्यक्ष व्यापार मंडल हमीरपुर, शिरकत करेंगे। मुख्य वक्ता के रूप में राजेंद्र सोनी, सचिव व्यापार मंडल हमीरपुर, अपने विचार रखेंगे। इस अवसर पर क्षेत्र के कई प्रख्यात व्यापारी, उद्योगपति और सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहेंगे। विशाल नड्डा ने बताया कि संवेदना संस्था समय-समय पर सामाजिक और व्यावसायिक मुद्दों पर संवाद और चर्चा के माध्यम से समाज में जागरूकता लाने का कार्य कर रही है। इस बार संस्था का उद्देश्य व्यापारियों के अनुभवों और सुझावों के आधार पर स्थानीय व्यापारिक माहौल को और सुदृढ़ करना है।

### कुठेड़ा स्कूल में एनएसएस का शिविर शुरू

**अनंत ज्ञान, कुठेड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठेड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का सात दिवसीय विशेष शिविर आज दिनांक 29 अक्टूबर से आरंभ हुआ। इसका शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य जगदीप सिंह ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में अनुशासन, सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करती है। समाज सेवा के ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को एक जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं।

### जिला स्तरीय कला उत्सव में बरठीं की मुस्कान प्रथम



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में जिला की बड़ी पाठशाला बरठीं की होनहार छात्रा मुस्कान ने प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पाठशाला पहुंचने पर मुस्कान का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यकारी प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह ने बताया कि डाइट जुखाला में आयोजित इस प्रतियोगिता में जमा एक में अध्ययनरत मुस्कान ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया है। उन्होंने कहा कि मुस्कान की यह उपलब्धि न केवल विद्यालय के लिए गौरव का विषय है, बल्कि संपूर्ण क्षेत्र के लिए भी हर्ष का क्षण है। विद्यालय की एसएमसी समिति तथा प्रबंधन ने छात्रा को शुभकामनाएं प्रेषित कीं और सम्मानित भी किया।

# बिलासपुर के रौड़ा सेक्टर में डेंगू का कहर

## 15 दिन में सामने आए 16 मामले, डीसी के घर-घर सर्वेक्षण करने के आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर शहर के रौड़ा सेक्टर में डेंगू ने दस्तक दे दी है। वार्ड नंबर 1 और 2 में पिछले पंद्रह दिन के भीतर डेंगू के 16 मामले सामने आने से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। हालात की गंभीरता भांपते हुए उपायुक्त राहुल कुमार ने बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रौड़ा सेक्टर का औचक दौरा किया और मौके पर ही अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए।

उपायुक्त के साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त शर्मा, एसडीएम सदर राजदीप सिंह तथा अन्य चिकित्सक मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को आदेश दिया कि प्रत्येक घर में जाकर स्वास्थ्य जानकारी जुटाई जाए और लोगों को डेंगू से बचाव के तरीकों पर जागरूक किया जाए। उन्होंने साफ चेतावनी दी जहां लापरवाही मिले, वहां चालान करने से गुरेज न किया जाए। संक्रमण पर सख्ती से नियंत्रण जरूरी है।



बिलासपुर शहर के रौड़ा सेक्टर की डिस्पेंसरी में डेंगू के मामलों की जानकारी लेते उपायुक्त राहुल कुमार।

**प्रभावित इलाकों में रेगुलर फॉगिंग करने व जलभराव को रोकने के आदेश**

नगर परिषद को निर्देश दिए गए हैं कि प्रभावित इलाकों में नियमित फॉगिंग, जलभराव नियंत्रण और स्रोत नष्ट करने की कार्रवाई तेज की जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि बीते सप्ताह डेंगू के मामलों में इजाफा देखा गया था, हालांकि पिछले दो दिनों में केवल एक नया मामला दर्ज हुआ है, जो नियंत्रण की दिशा में राहत संकेत है। उन्होंने लोगों से अपील की अपने घरों के आसपास पानी जमा न होने दें। टंकियों को ढककर रखें, पुराने टायर और बर्तनों में पानी इकट्ठा न होने दें। विभाग ने नागरिकों से आग्रह किया है कि यदि बुखार उतरने के बाद भी कमजोरी, पेट दर्द, उल्टी, नाक या मसूड़ों से खून आना, या सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।

**डेंगू की रोकथाम में जनता की भागीदारी जरूरी : डीसी**

**उपायुक्त** ने साफ कहा कि डेंगू को रोकने में जनता की भागीदारी ही सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने आम नागरिकों से आह्वान किया कि सरकार और स्वास्थ्य विभाग अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं, लेकिन जब तक लोग खुद सतर्क नहीं होंगे, डेंगू पर जीत संभव नहीं।

**ये हैं डेंगू के लक्षण**

**डॉ.** शर्मा ने बताया कि डेंगू के सामान्य लक्षणों में अचानक तेज बुखार, आंखों के पीछे दर्द, सिरदर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में असहनीय दर्द (हड्डीतोड़ बुखार), मतली, उल्टी, लाल चकत्ते, थकान और बेचैनी शामिल हैं। यदि इनमें से कोई भी लक्षण दिखे, तो तुरंत निकटतम स्वास्थ्य केंद्र या क्षेत्रीय अस्पताल में जांच करवाएं। उन्होंने कहा कि डेंगू का उपचार लक्षणों के आधार पर किया जाता है। पानी, ओआरएस और नारियल पानी का पर्याप्त सेवन करें, दर्द या बुखार के लिए केवल पैरासिटामोल का प्रयोग करें। एस्पिरिन और इबुप्रोफेन जैसी दवाएं खतरनाक साबित हो सकती हैं, क्योंकि ये रक्तस्राव बढ़ाती हैं।

### झंडूता में युवक के साथ मारपीट

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के पुलिस थाना झंडूता क्षेत्र में मंगलवार दोपहर को एक युवक के साथ मारपीट और उसकी गाड़ी तोड़ने की घटना सामने आई है। पीड़ित युवक अभय चंदेल ने बताया कि वह घर से आ रहा था और पहले अपनी मां को पुलिस थाने में छोड़ा, फिर बस स्टैंड पर चाची को उतारा। इसके बाद गाड़ी धुलवाने गया, जहां दो अज्ञात लड़कों ने उसके साथ मारपीट की और गाड़ी को नुकसान पहुंचाया।

पीड़ित अभय चंदेल ने पुलिस को दिए बयान में कहा, 'मैं घर से आ रहा था और अपनी मम्मी को पुलिस थाना में छोड़ा। उसके बाद बस स्टैंड चला गया जहां चाची को छोड़ा। फिर गाड़ी धुलवाने के लिए गया। वहां पर दो लड़के आए, जिन्होंने मेरे साथ मारपीट की और गाड़ी भी तोड़ दी।'

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस थाना झंडूता की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस थाना प्रभारी झंडूता जगदीश कुमार ने बताया की पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और छानबीन जारी है।

## डेंगू पर कुंभकर्णी नींद में सरकार : जम्वाल

### न नालियों की सफाई की गई और न ही पानी के ठहराव को रोका गया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने डेंगू के बढ़ते प्रकोप पर प्रदेश सरकार और स्वास्थ्य विभाग की घोर लापरवाही पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर समेत प्रदेश के कई क्षेत्रों में डेंगू ने विकराल रूप ले लिया है, लेकिन सरकार हकीकत से आंखें मूंदे बैठी है। विधायक जम्वाल ने कहा कि समय रहते सरकार को डेंगू के खतरे से आगाह किया गया था, मगर रोकथाम और तैयारी के नाम पर कुछ भी नहीं हुआ।



अस्पतालों में न तो पर्याप्त दवाइयां हैं, न ही फॉगिंग या छिड़काव की कोई प्रभावी व्यवस्था। उन्होंने कहा कि लोग बुखार और दर्द से तड़प रहे हैं, लेकिन सरकार ने उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया है। यह संवेदनहीनता हैरान करने वाली है। उन्होंने कहा कि डेंगू हर साल बरसात के मौसम में दस्तक देता है और यह किसी को भी चौंकाने वाली बात नहीं होनी चाहिए थी। सरकार और स्वास्थ्य विभाग को पहले से तैयार रहना चाहिए था, लेकिन दोनों कुंभकर्णी नींद में सोए रहे। जम्वाल ने कटाक्ष किया कि बिलासपुर शहर के कई वार्डों में दर्जनों लोग संक्रमित हो चुके हैं, और हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं। विधायक ने कहा कि न तो नालियों की सफाई की गई, नपानी के ठहराव को रोका गया, और न ही लोगों को सतर्क किया गया। फॉगिंग मशीनें कब से बंद पड़ी हैं, किसी को पता नहीं।

उन्होंने कहा कि सरकार आए दिन स्वास्थ्य सेवाओं पर बड़ी-बड़ी डींगें हांकती है, लेकिन हकीकत अस्पतालों में नजर आती है जहां डेंगू के मरीजों को दवा नहीं, निराशा मिल रही है। कई लोग इलाज के लिए प्राइवेट अस्पतालों की दौड़ लगाने को मजबूर हैं।

विधायक ने कहा कि यह केवल एक बीमारी नहीं, बल्कि सरकार की प्रशासनिक असफलता का आईना है। सरकार का ढुलमुल रवैया और विभागीय उदासीनता ने हालात भयावह कर दिए हैं। अब वक्त है कि सरकार कागजी बैठकों से निकलकर जमीन पर काम करे, फॉगिंग तेज करे, अस्पतालों में दवाइयां उपलब्ध करवाए और हर वार्ड में निगरानी दल भेजे।

### रंगोली प्रतियोगिता में चुवाड़ी स्कूल द्वितीय

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** डाइट बिलासपुर स्थित जुखाला में जिला स्तरीय रंगोत्सव का आयोजन किया गया। इस रंगोत्सव में बिलासपुर जिले के विभिन्न विद्यालयों ने भाग लिया। राजकीय उच्च विद्यालय चुवाड़ी ने भी इस उत्सव में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें रंगोली प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही। प्रतियोगिता में राजकीय उच्च विद्यालय चुवाड़ी ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस विद्यालय की छात्राएं अंजली शर्मा और वैष्णवी ने अपनी रचनात्मकता और सुंदर प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। इन छात्राओं की इस उपलब्धि का श्रेय उनके मार्गदर्शक विनोद को भी जाता है, जिन्होंने उन्हें उत्कृष्ट निर्देशन प्रदान किया। विद्यालय की मुख्य अध्यापिका भावना ने छात्राओं को सम्मानित किया और उन्हें भविष्य में और भी ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया।

## प्रकाश बने बाल अधिकारों की सुरक्षा व हिंसा रोकथाम के राज्य संयोजक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

समाज सेवा और पीड़ित मानवता के प्रति समर्पण की मिसाल बन चुके अधिवक्ता प्रकाश चंद बंसल को अब एक और बड़ा दायित्व सौंपा गया है। उन्हें बाल अधिकारों की सुरक्षा और हिंसा की रोकथाम के लिए हिमाचल प्रदेश का राज्य संयोजक नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति साउथ एशियन इनिशिएटिव टू एंड वायलेंस अगेंस्ट चिल्ड्रेन इंडिया और चेतना एनजीओ दिल्ली द्वारा की गई है। इस जिम्मेदारी के साथ न केवल प्रकाश बंसल का, बल्कि बिलासपुर जिले का भी गौरव बढ़ा है। यह घोषणा बिलासपुर में रेड ,ॉस सोसाइटी के सहयोग से आयोजित बैठक में की गई, जिसमें बाल संरक्षण, बाल श्रम, स्कूल ड्रॉपआउट, ऑनलाइन सुरक्षा, लैंगिक संवेदनशीलता और बच्चों के प्रति हिंसा की रोकथाम जैसे गंभीर विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में करीब 15 स्वयंसेवी संस्थाओं और सरकारी विभागों के 40 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



**समाजसेवा में अग्रणी भूमिका**

**हरनोड़ा** के रहने वाले प्रकाश बंसल पिछले कई वर्षों से समाज के विभिन्न वर्गों के लिए सेवाभाव से कार्य कर रहे हैं। वह मानव सेवा ट्रस्टके संस्थापक एवं अध्यक्ष हैं और अपना घरवृद्धाश्रम (घागस) के संचालन से अब तक करीब 25 बेसहारा बुजुर्गों को नया जीवन दे चुके हैं। इसके अलावा, सुंदरनगर, घागस और बिलासपुर में वे वरिष्ठ नागरिकों के लिए डे-केयर सेंटर भी सफलतापूर्वक चला रहे हैं।

## एपीआरओ हेमंत ने स्वयंसेवियों को बताई एआई की अहमियत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कल्लर में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ उत्साह और ऊर्जा से भरपूर वातावरण में हुआ। दिन की शुरुआत स्वयंसेवियों ने प्रभात फेरी से की, जिसके बाद योगाभ्यास और परेड के माध्यम से अनुशासन और स्वास्थ्य का संदेश दिया गया। प्रोजेक्ट गतिविधि के अंतर्गत स्वयंसेवियों ने विद्यालय परिसर की झाड़ियों की सफाई कर पर्यावरण संरक्षण की मिसाल पेश की। दिन के बौद्धिक सत्र में सहायक जनसंपर्क अधिकारी (एपीआरओ) हेमंत नेगी ने बतौर मुख्य स्रोत व्यक्ति सहभागिता की। उन्होंने विद्यार्थियों को करियर काउंसलिंग, आधुनिक शिक्षा पद्धतियों, तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में तेजी से बढ़ते अवसरों पर विस्तार से जानकारी दी। हेमंत नेगी ने युवाओं से कहा कि च्तकनीकी युग में जो व्यक्ति बदलाव को अपनाता है, वहीं भविष्य गढ़ता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिर्फ मशीनों का नहीं, बल्कि मानवीय सोच के विकास का भी विज्ञान है। उन्होंने स्वयंसेवियों को अपनी तकनीकी दक्षता बढ़ाने, रचनात्मक सोच विकसित करने और नए रोजगार क्षेत्रों में अवसर तलाशने के लिए प्रेरित किया।

### दधोल स्कूल में पेंटिंग स्पर्धा में अरमान प्रथम

**अनंत ज्ञान, दधोल।** हिमाचल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल दधोल में नोबल एजुकेशन सेंटर द्वारा ड्राइंग कंपटीशन करवाया गया, जिसमें चौथी कक्षा के अरमान द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गया इस कंपटीशन में पाठशाला के लगभग 20 बच्चों ने भाग लिया जिसमें से 10 बच्चे पुरस्कार के लिए चुने गए जिनको मेडल और प्रपत्र देकर सम्मानित किया गया पुरस्कार पाने बाले बच्चों मे अरमान प्रवेश शाहिद गरिमा शर्मा अयान मन्नत शर्मा सौम्या शर्मा निशा शर्मा करण और हर्षिता शर्मा रहे इसके अतिरिक्त स्कूल के प्रधानाचार्य कुसुम लता को भी सम्मान प्रपत्र देकर सम्मानित किया गया। बच्चों को इस कंपटीशन के लिए तैयार करवाने के लिए पाठशाला की अध्यापिका साक्षी कमल को भी प्रपत्र देकर सम्मानित किया गया।

## घुमारवीं थाना देख रहा उद्घाटन की राह

### सभी व्यवस्थाएं पूरी होने पर भी लटका भवन का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं पुलिस थाना का नया भवन पूरी तरह तैयार होने के बावजूद अभी तक उद्घाटन की राह देख रहा है। करीब पांच करोड़ रुपए की लागत से बना यह चार मंजिला भवन आधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसका निर्माण कार्य भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) द्वारा करवाया गया था।

भवन का शिलान्यास वर्ष 2021 में तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने उस समय के खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग की उपस्थिति में किया था। भवन कुछ माह पहले ही बनकर तैयार हो गया था, लेकिन उस समय बिजली, पानी और फर्नीचर की व्यवस्था पूरी न होने के कारण उद्घाटन टाल दिया गया था। अब सभी व्यवस्थाएं पूरी हो चुकी हैं, फिर भी उद्घाटन नहीं हो पाया है। पुराना थाना भवन लगभग चार दशक पुराना है और अब जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है।



सीमित जगह और संसाधनों के अभाव में थाना स्टाफ को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। नए भवन की डिजाइन के अनुसार ग्राउंड फ्लोर पर पार्किंग, पहली मंजिल पर थाना प्रभारी व एचसी कार्यालय, महिला व पुरुष लॉकअप, दूसरी मंजिल पर मालखाना, कैंटीन, किचन और बहुउद्देशीय हॉल बनाए गए हैं। तीसरी मंजिल पर आईओ रूम और ट्रैफिक ऑफिस की व्यवस्था है। हर मंजिल पर महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग शौचालय भी बनाए गए हैं।

> **पुलिस** थाना के नए भवन में सभी व्यवस्थाएं पूरी हो चुकी हैं। उद्घाटन के लिए अनुमोदन भेज दिया गया है, जिसके बाद भवन का उद्घाटन कर दिया जाएगा।
> **–विशाल वर्मा, डीएसपी, घुमारवीं**

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सामने आती है छात्रों की प्रतिभा : धर्माणी

**बलवंत कमल, अनंत ज्ञान**

**दधोल।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में पाठ्यक्रम के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जन तक सीमित न रहकर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, आत्मविश्वास और सामाजिक उत्तरदायित्व के विकास की दिशा में भी कार्य करना चाहिए। राजेश धर्माणी घुमारवीं क्षेत्र की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय लड़के एवं लड़कियों की सांस्कृतिक प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

तीन दिवसीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में जिला के 18 विद्यालयों के लगभग 130 विद्यार्थी वाद्य संगीत, संस्कृत गीतिका, समूह गायन, श्लोकोच्चारण, नाटक, सुगम संगीत, शास्त्रीय संगीत तथा लोक नृत्य जैसी विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे खेलकूद एवं सांस्कृतिक आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्म-अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित होती है और वह अपने अंदर छिपी प्रतिभा को पहचान पाते हैं। इस तरह के आयोजनों के माध्यम से जब बच्चे मंच पर प्रदर्शन करते हैं, तो उनमें आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति की भावना का विकास होता है।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को केवल प्रथम, द्वितीय या तृतीय स्थान तक सीमित न रखकर भागीदारी की भावना को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि वह इस दिशा में आगे बढ़ सकें।

### रोगी कल्याण समिति की बैठकों में की शिरकत

**घुमारवीं।** नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने सिविल अस्पताल घुमारवीं तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भराड़ी की रोगी कल्याण समिति बैठकों में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। धर्माणी ने कहा कि मरीजों की सुविधा के लिए अब घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के नजदीकी सरकारी अस्पतालों के माध्यम से लोगों को उपलब्ध ऑक्सीजन काउंसटेटर करवाए जा रहे हैं। लोगों को जरूरत पड़ने पर घर के समीप ही यह सुविधा सुनिश्चित करवाई है गई है।

## पत्रकार होता है समाज का दर्पण : कश्मीर सिंह

### बरमाणा स्कूल में विद्यार्थियों को दी पत्रकारिता की अहम जानकारियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

पीएम श्री जीएसएस बरमाणा स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के चौथे दिवस पर वरिष्ठ पत्रकार कश्मीर सिंह ठाकुर ने विद्यार्थियों को पत्रकारिता के महत्व और समाज में पत्रकार की भूमिका के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होता है, जो सत्य, निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ जनता तक सूचनाएं पहुंचाता है। पत्रकारिता केवल समाचार लिखने का कार्य नहीं, बल्कि जन-जागरूकता और सामाजिक सुधार का माध्यम है।

**कहा-पत्रकारिता सामाजिक सुधार का भी माध्यम**

कश्मीर सिंह ठाकुर ने कहा कि आज का समय डिजिटल मीडिया का है, जहां सूचनाएं तुरंत सोशल मीडिया तक पहुंच जाती हैं, परंतु कई बार सोसल मीडिया पर कुछ लोग गलत तथ्यों के प्रसार से भ्रम फैला देते हैं, जो हमारे समाज के लिए हानिकारक है। ऐसे में युवाओं को चाहिए कि वे सत्य की परख करें और अफवाहों का विरोध करें। इस सेशन में विद्यार्थियों ने जिज्ञासा पूर्वक प्रश्न पूछे और पत्रकारिता के क्षेत्र में गहरी रुचि दिखाई।

कार्यक्रम में एनएसएस पुरुष प्रभारी सुनील गौतम एवं महिला प्रभारी सुनीता ठाकुर ने सात दिवसीय शिविर के उद्देश्य एवं कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। शिविर में 31 छात्रों में से 19 छात्राएं और 12 छात्र भाग ले रहे हैं।

### 18 साल तक नशे पर प्रतिबंध उसके बाद छूट : बालक राम

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भारतीय जवान किसान पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी वैटरन कैप्टन बालक राम शर्मा ने एक पत्रकार वार्ता में समाज में बढ़ते नशे, भ्रष्टाचार और राजनीतिक उदासीनता पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज समाज का उत्थान लगभग असंभव हो गया है, क्योंकि सरकारें नशे के कारोबार और अस्पतालों पर जोर दे रही हैं, जबकि आम जनता को जागरूक करने या सुधार की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। कैप्टन शर्मा ने कहा कि 18 साल तक नशे पर प्रतिबंध और 18 साल के बाद खुली छूट, यह विरोधाभास बताता है कि सरकारें समाज को मजबूत नहीं, बल्कि कमजोर बनाना चाहती हैं। ठेकों और अस्पतालों की संख्या बढ़ाकर आम नागरिक को नशे और बीमारी के दलदल में फंसाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आम परिवार का व्यक्ति मेहनत से जो कुछ भी कमाता है, वह नशे, दवाइयों और अस्पतालों के खर्च में चला जाता है। परिवार चलाने के बाद उसके पास अपने भविष्य के लिए कुछ नहीं बचता। च्सरकारें जानती हैं कि जब नशा बढ़ेगा तो बीमारी भी बढ़ेगी, इसलिए ठेकों के साथ अस्पतालों की कतारें भी लगाई जा रही हैं।

**लोक उत्सव** बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिसर बिलासपुर में अंतरराज्यीय लोक उत्सव का भव्य समापन

## समाज की आत्मा होती है लोक संस्कृति: बंबर ठाकुर

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिसर बिलासपुर में आयोजित चार दिवसीय अंतरराज्यीय लोक सांस्कृतिक उत्सव का समापन लोक धुनों और नृत्य की रंगत के साथ हुआ। अंतिम संध्या में कलाकारों की प्रस्तुतियों ने ऐसा समां बांधा कि पूरा सभागार लोक जीवन की सुगंध से महक उठा। इस उत्सव में निदेशक, सूचना एवं जन संपर्क विभाग के सांस्कृतिक दल पूजा कला मंच व मां वैष्णो सांस्कृतिक कला मंच के कलाकारों ने प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं, नीतियों, उपलब्धियों और नशा निवारण जैसे विषयों पर आधारित प्रभावशाली प्रस्तुतियों के माध्यम से जनजागरण किया। साथ ही उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के अंतर्गत जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और पंजाब राज्यों के कलाकारों के साथ-साथ हिम कला संगम बिलासपुर के कलाकारों ने भी मनमोहक लोक नृत्य और गीतों की प्रस्तुति दी। मंच पर प्रदर्शित विविधता ने यह सशक्त संदेश दिया कि भले ही हमारी भाषाएं वेशभूषाएं और प्रदेश अलग हों, पर हमारी सांस्कृतिक आत्मा और भावनाएं एक समान हैं। कलाकारों की हर प्रस्तुति में भारतीय लोक संस्कृति की मधुर छवि जीवंत होती रही। मुख्यातिथि रहे पूर्व विधायक बिलासपुर बंबर ठाकुर ने कहा कि यह उत्सव केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी लोक विरासत के पुनर्जागरण का एक जीवंत पर्व है। लोक संस्कृति किसी भी समाज की आत्मा होती है। इसमें हमारी जड़ों की गहराई, परंपराओं की मिठास और पीढ़ियों के अनुभवों की गूंज समाई होती है। जब हम अपने गीतों, वेशभूषाओं और नृत्यों को मंच पर जीवित रखते हैं, तो दरअसल हम अपनी पहचान को सहेज रहे होते हैं। नई पीढ़ी को भी इन लोक परंपराओं से जोड़ना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने हिम कला संगम के अध्यक्ष सतपाल शर्मा, जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल तथा अन्य आयोजकों की सराहना की और कहा कि बिलासपुर में इस तरह का सांस्कृतिक आयोजन करवा कर उन्होंने संस्कृति को जिंदा रखा है।



कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यातिथि पूर्व विधायक बंबर ठाकुर एवं अन्य अतिथि।

इस संध्या के विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता ओपी गौतम रहे। उन्होंने हिम कला संगम संस्था की संस्कृति संरक्षण में निभाई जा रही भूमिका की सराहना की। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दयोथ की जूडो और कुश्ती में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली दो छात्राओं को सम्मानित भी किया गया।

### विजयपुर एवं हीरापुर में दी योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में अनुसूचित जाति के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पंहुचाने के उद्देश्य से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग विशेष प्रचार अभियान के अंतर्गत जिला बिलासपुर की झंडूता विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत विजयपुर तथा ग्राम पंचायत हीरापुर में लोगों को जागरूक किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अध्यक्षता संबंधित ग्राम पंचायत प्रधानों ने की। विभाग द्वारा अनुमोदित सांस्कृतिक दल मां वैष्णों सांस्कृतिक दल बरठीं की प्रधान रीनू शर्मा की अगुवाई में दल के अन्य कलाकारों ने लोकगीतों और नुक्कड नाटकों की प्रस्तुतियों के माध्यम से शिक्षा, रोजगार, गृह अनुदान योजना व स्वास्थ्य योजनाओं के साथ-साथ सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण तथा अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी सरल और मनोरंजक ढंग से ग्रामवासियों तक पंहुचाई। कलाकारों ने हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास निगम द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देने अलावा नशामुक्ति का संदेश भी दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### विधानसभा अध्यक्ष 3 नवंबर तक चंबा प्रवास पर



**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 3 नवंबर तक चंबा जिले के प्रवास पर रहेंगे। विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि पठानिया 29 अक्तूबर को देर सांय सिहुंता पहुंचे। 30 अक्तूबर ( को प्रातः 11:45 बजे चंबा चौगान में आयोजित राज्य स्तरीय अंडर-14 टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में मुख्यातिथि होंगे। इसके उपरांत दोपहर 2:30 बजे बचत भवन चंबा में जिला कल्याण समिति बैठक की अध्यक्षता भी करेंगे। 31 अक्तूबर को 12:10 बजे हटली में सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी भवन, पटवार मंडल भवन तथा पंचायत भवन के अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष जनसभा भी संबोधित करेंगे। वह 2 नवंबर को प्रातः 10:30 बजे चंबा चौगान में आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय हिमाचल प्रदेश वन विभाग खेलकूद एवं ड्यूटी मीट के उद्घाटन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में भाग लेंगे। 3 नवंबर को सिहुंता से शिमला प्रस्थान करेंगे।

### छात्रों ने लिया स्वस्थ जीवन का संकल्प

**अनंत ज्ञान, करियां (चंबा)।** 'प्रयास-एक जरिया' और 'अक्षय शक्ति फाउंडेशन' के संयुक्त तत्वावधान में 'नशा मुक्त चंबा' अभियान के अंतर्गत बुधवार को करियां स्कूल में एक प्रभावशाली नशा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, पूर्व अधिकारी ओपी शर्मा ने विद्यार्थियों को नशे के खतरनाक दुष्प्रभावों से अवगत कराया और युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहकर 'स्वस्थ, सशक्त और सफल जीवन' की दिशा में कदम बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति नहीं, बल्कि परिवार और समाज के ताने-बाने को भी कमजोर करता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य, अध्यापकगण एवं विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नशा-मुक्त समाज के निर्माण का दृढ़ संकल्प लिया। यह अभियान युवाओं में नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच का संचार करते हुए चंबा को नशा-मुक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुआ।

### विश्व स्ट्रोक दिवस पर 104 लोगों का बीपी जांचा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल चंबा में विश्व स्ट्रोक दिवस के अवसर पर लोगों को स्ट्रोक जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करने हेतु एक विशेष शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान 104 लोगों का रक्तचाप (बीपी) जांचा गया और उन्हें स्ट्रोक के लक्षण, कारण व बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पंकज गुप्ता और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जालम भारद्वाज कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। डॉ. गुप्ता ने बताया कि स्ट्रोक मस्तिष्क में रक्त की आपूर्ति रुकने से होता है, जिससे गंभीर विकलांगता या मृत्यु तक हो सकती है। उन्होंने कहा कि शुरुआती लक्षणों की पहचान और समय पर उपचार से जीवन बचाया जा सकता है। डॉ. भारद्वाज ने कहा कि स्ट्रोक के मामलों में 'समय ही जीवन है,' इसलिए तत्काल चिकित्सकीय सहायता लेना जरूरी है। कार्यक्रम में एससीए अध्यक्ष तमन्ना, एमबीबीएस बैच 2021 के छात्र-छात्राएँ और फैकल्टी सदस्य मौजूद रहे। शिविर के उपरांत डॉ. गुप्ता ने 'स्ट्रोक की पहचान, उपचार और रोकथाम' विषय पर व्याख्यान भी दिया।

### भावना जरयाल का गाना 'ढोला' यूट्यूब पर छाया



**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश की लोकप्रिय लोक गायिका भावना जरयाल ने एक बार फिर अपने सुरीले अंदाज से दर्शकों के दिल जीत लिए हैं। उनका नया गाना 'ढोला' हाल ही में यूट्यूब पर रिलीज हुआ है और रिलीज होते ही धमाल मचा रहा है। कुछ ही दिनों में इस गाने को 43,000 से अधिक व्यूज मिल चुके हैं और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। इससे पहले भी उनके कई गाने यूट्यूब पर सुपरहिट हो चुके हैं, जिन पर लाखों से लेकर मिलियनों तक व्यूज आ चुके हैं। अपनी मधुर आवाज के दम पर भावना जरयाल ने न सिर्फ अपना बल्कि चंबा जिला का नाम भी पूरे प्रदेश और देशभर में रोशन किया है।

आ है और रिलीज होते ही धमाल मचा रहा है। कुछ ही दिनों में इस गाने को 43,000 से अधिक व्यूज मिल चुके हैं और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। इससे पहले भी उनके कई गाने यूट्यूब पर सुपरहिट हो चुके हैं, जिन पर लाखों से लेकर मिलियनों तक व्यूज आ चुके हैं। अपनी मधुर आवाज के दम पर भावना जरयाल ने न सिर्फ अपना बल्कि चंबा जिला का नाम भी पूरे प्रदेश और देशभर में रोशन किया है।

### मंडी पुलिस ने 337 वाहन चालकों के काटे चालान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला पुलिस मंडी ने बुधवार को विभिन्न नियमों के उल्लंघन पर 337 चालान जारी किए हैं। इनमें मोटर वाहन अधिनियम के तहत 316 चालान, कोटपा अधिनियम के तहत 20 चालान और माइनिंग अधिनियम के तहत 1 चालान शामिल है। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई यातायात नियमों के पालन और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से की गई है। जिला पुलिस ने लोगों से कानून व्यवस्था बनाए रखने और नियमों का पालन करने की अपील की है।

### लौंगणी में किशोरी मेला आयोजित

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** धर्मपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लौंगणी में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत किशोरी मेला आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 60 किशोरियों ने भाग लिया। कार्यक्रम बाल विकास परियोजना अधिकारी, धर्मपुर कार्यालय एवं पर्यवेक्षक सुनीता ठाकुर के तत्वावधान में संपन्न हुआ। प्रधानाचार्य लवलीन शर्मा की अध्यक्षता में सीएचओ कंचन ठाकुर ने किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता और सामाजिक भ्रांतियों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने छात्रों से अपने अभिभावकों से इस विषय पर खुलकर चर्चा करने का आग्रह किया। मेले में चित्रकला, नारा लेखन और निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें 25 प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए। पर्यवेक्षक सुनीता ठाकुर ने योजना के उद्देश्यों की जानकारी दी, जबकि प्रधानाचार्य लवलीन शर्मा ने किशोरियों को व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वास्थ्य और आत्मविश्वास बनाए रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, स्थानीय अध्यापकगण और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### मुल्थान कॉलेज में नवगठित छात्र संघ ने संभाला पदभार

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** बरोट-छोटा भंगाल घाटी स्थित राजकीय महाविद्यालय मुल्थान में बुधवार को सीएससीए की नवगठित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में कार्यकारी प्राचार्य डॉ. संजय कुमार ने नव निर्वाचित सदस्यों को बधाई दी और छात्र हितों के प्रति समर्पित रहकर कार्य करने का आह्वान किया। नई कार्यकारिणी में बीए तृतीय वर्ष की दिव्या ठाकुर को प्रेसिडेंट, अभिषेक को वॉइस प्रेजिडेंट, बीकॉम द्वितीय वर्ष की मोनिका को सेक्रेटरी और प्रथम वर्ष की दीप शिखा को ज्वांट सेक्रेटरी चुना गया। सभी कक्षाओं के सीआर भी नियुक्त किए गए। कार्यक्रम में छात्र पदाधिकारियों ने महाविद्यालय के मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की और छात्र कल्याण हेतु सुझाव रखे। डॉ. अनमोल और प्रो. ऋषभ चौहान ने भी कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं। महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने नव निर्वाचित कार्यकारिणी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# विधायक नीरज नैय्यर ने किया दो संपर्क मार्गों का भूमि पूजन

## कहा-विधानसभा क्षेत्र चंबा के प्रत्येक गांव को सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध

**अनंत ज्ञान, चंबा**

विधायक नीरज नैय्यर ने ग्राम पंचायत बसौदन के अंतर्गत अप्पर भुई तथा ग्राम पंचायत पिंजोह के अंतर्गत गागला नाला से कुपाहड़ी संपर्क सड़क मार्ग का भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि यह सड़क मार्ग लगभग 1 करोड़ 38 लाख रुपए की लागत से निर्मित किए जाएंगे।



दो संपर्क सड़क मार्गों का शिलान्यास करते विधायक नीरज नैय्यर।

विधायक ने कहा कि पिछड़ा क्षेत्र उप-योजना के तहत ग्राम पंचायत बसौदन के अंतर्गत अप्पर भुई के लिए लगभग 2 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण पर 43 लाख 75 हजार रुपए, जबकि ग्राम पंचायत पिंजोह के अंतर्गत गागला नाला से कुपाहड़ी तक अढ़ाई किलोमीटर लंबे संपर्क मार्ग के लिए 72 लाख 23 हजार रुपए व्यय किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि विकास एक सतत प्रक्रिया है और किसी भी क्षेत्र का वास्तविक विकास तभी संभव होता है जब वह क्षेत्र अच्छी सड़क सुविधा से जुड़ा हो। उन्होंने कहा कि भूमिदान एक महादान है किसी भी गांव को सड़क सुविधा से जोड़ना तभी संभव होता है जब स्थानीय लोग सहयोग की भावना से भूमि दान करते हैं।

उन्होंने सड़क निर्माण हेतु भूमि दान करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। नैय्यर ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र चंबा के प्रत्येक गांव को सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए वे पूर्ण प्रतिबद्धता और निष्ठा के साथ कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चरण-4 के तहत चंबा विधानसभा क्षेत्र के लिए सबसे अधिक सड़क परियोजनाएं अनुमोदन हेतु केंद्र सरकार को भेजी गई हैं। विधायक ने क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि जिला लघु सचिवालय के निर्माण के लिए 38 करोड़ रुपए, इंडोर स्टेडियम के लिए 11 करोड़ रुपए, हिलपोर्ट के लिए 13 करोड़ रुपए तथा ग्राम पंचायत हरीपुर, सरोल और राजपुरा में मल निकासी प्रणाली के लिए 20 करोड़ 22 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत करवाई गई है। उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा के अनुरूप प्रत्येक क्षेत्र में सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता के साथ कार्य सुनिश्चित बनाया जा रहा है ताकि किसी को भी किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। इस दौरान विधायक ने रठियार नाले पर पुल निर्माण की लोगों की मांग को स्वीकार कर निर्माण कार्य का आश्वासन दिया। उन्होंने मौके पर उपस्थित लोगों की विभिन्न समस्याएं भी सुनीं, जिनमें से अनेक का तत्काल समाधान किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित किया।

इस अवसर पर विधायक की पत्नी भारती नैय्यर, प्रधान ग्राम पंचायत पिंजोह रक्षा देवी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग दिनेश कुमार, सहायक अभियंता विद्युत बोर्ड अजय कुमार, सहायक अभियंता जल शक्ति विभाग दीपक कुमार तथा सहायक अभियंता लोक निर्माण शैलेश राणा आदि उपस्थित रहे।

# एनएचपीसी चरण-3 परियोजना से पंचायत राडी के लोग चुके हैं बेघर

## युवाओं को नौकरी के नाम पर मिला आश्वासन

**देशराज कश्यप, अनंत ज्ञान**



**धरवाला।** एनएचपीसी चरण-3 धरवाला की सबसे प्रभावित पंचायत राडी जहां पर बहुत से लोग बेघर हो चुके हैं व बहुत से लोग अपना घर बार छोड़कर यहां से मजबूरन दूसरी जगह जा चुके हैं। गांव मुचका के स्थानीय निवासी डर के साए में जीने को मजबूर हैं लोगों के घरों में बहुत बड़ी-बड़ी दरारें पड चुकी हैं कई बार प्रशासन से गुहार लगाने के बावजूद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

वहीं, इसकी जो टनल बनी है जो राडी पंचायत के बकल वार्ड से होकर गांव राडी सोला भटवाड़ा बतोग ब्रैईगा कंहेंलू जैसे दर्जनों गांव के नीचे से होकर गुजरती है जिससे स्थानीय लोगों के घरों को दरारें पड़ चुकी हैं। एनएचपीसी चरण-3 धरवाला के कारण राडी पंचायत के जिन घरों को नुकसान पहुंचा है, उसमें से महज दो-तीन लोगों को ही कोर्ट के द्वारा मुआवजा मिला है बाकी जिन घरों को नुकसान पहुंचा था ना ही उन्हें आज तक मुआवजा मिला और ना ही नौकरी पर रखा गया। दूसरी तरफ नौकरी के नाम पर भी स्थानीय लोगों को ठगा गया है। बाहरी लोगों को नौकरी पर रखा गया, लेकिन प्रभावित पंचायत राडी के युवा आज भी बद्दी सोलन चंडीगढ़ दिल्ली जैसे शहरों का रुख करने को मजबूर हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जिन लोगों की जमीनें यहां गई हैं, सर्वप्रथम उनको तथा जो सबसे ज्यादा प्रभावित पंचायत राडी के युवाओं को यहां रोजगार मिलना चाहिए था। एक दो लोग जिन्हें कांटेक्ट के आधार पर यहां रखा गया था उन्हें भी बिना किसी कारण निकाल दिया गया है, जिससे स्थानीय लोगों का गुस्सा और बढ़ गया है अगर समय रहते फिर से उन्हें दोबारा नौकरी पर न रखा गया, तो मजबूरन आंदोलन या कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा।

# पुखरी के प्रवेश द्वार पर लगे कूड़े के ढेर, लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, चंबा**



चंबा-तीसा मार्ग पर स्थित उपतहसील पुखरी, जो करीब 16 से 17 पंचायतों को जोड़ने वाला एक प्रमुख व्यापारिक केंद्र माना जाता है, आज गंदगी और लापरवाही की मार झेल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वच्छता के नाम पर योजनाएं तो बहुत आईं, पर जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर है।

पुखरी के प्रवेश द्वार पर ही कूड़े-कचरे के पहाड़ लगे हुए हैं, जिनसे दुर्गंध का आलम बना रहता है। यह नज़ारा न सिर्फ आने-जाने वाले लोगों को परेशान करता है, बल्कि पुखरी जैसे विकसित हो रहे बाजार केंद्र की छवि पर भी धब्बा लगा रहा है।

लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि सार्वजनिक शौचालय तो बनाए गए, लेकिन उनकी हालत इतनी दयनीय है कि उनका उपयोग करना 'स्वच्छता मिशन का अपमान' जैसा लगता है। दीवारें टूटी हुईं, पानी की व्यवस्था नहीं, और सफाई का नामोनिशान तक नहीं। यही हाल है पुखरी के शौचालयों का है। स्थानीय व्यापारी और आम लोग प्रशासन पर सवाल उठा रहे हैं कि जब पुखरी में हर दिन सैकड़ों लोग गुजरते हैं, तो सफाई व्यवस्था इतनी बदतर क्यों? लोगों की मांग है कि यहां एक स्थायी डस्टबिन व्यवस्था की जाए और कूड़े का रोजाना उठान सुनिश्चित हो। लोगों ने जिला प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

# लिल्ह में एचआरटीसी की बस हुई खराब, यात्री परेशान

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** चंबा से लिल्ह रूट पर चल रही बस सेवा एक बार फिर यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। लंबे समय से बंद रहने के बाद हाल ही में यह रूट चूड़ी पुल तक शुरू किया गया था, जिससे लोगों को राहत की उम्मीद जगी थी, लेकिन विभाग द्वारा भेजी गई जर्जर बस ने यात्रियों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि पिछले दो दिनों से इस रूट पर जो पुरानी बस भेजी जा रही है, वह बार-बार बीच रास्ते में खराब हो जाती है, जिससे यात्रियों, विद्यार्थियों और बीमार लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस दुर्गम क्षेत्र के लोगों के लिए यह बस सेवा ही एकमात्र आवागमन का साधन है। ऐसे में खटारा बस भेजना लोगों के साथ नाइंसाफी है। लोगों ने परिवहन विभाग से मांग की है कि इस रूट पर सक्षम और ठीक बस भेजी जाए, ताकि दुर्गम क्षेत्रों के लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में किसी तरह की असुविधा न हो।

# लिल्हकोठी कॉलेज में स्टूडेंट्स को सड़क सुरक्षा पर दिए टिप्स



**अनंत ज्ञान, लिल्हकोठी ( चंबा )**

राजकीय महाविद्यालय लिल्हकोठी में बुधवार को रोड सेफ्टी क्लब तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चंबा के संयुक्त तत्वावधान में 'मोटर व्हीकल अधिनियम एवं सुरक्षित ड्राइविंग' विषय पर एक प्रभावशाली कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सीनियर अधिवक्ता उमेश ठाकुर, क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय चंबा के अधीक्षक संजीव शर्मा, तथा एएसआई हंस राज सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारियों ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों, यातायात संकेतों और मोटर वाहन अधिनियम की महत्वपूर्ण धाराओं की विस्तृत जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन केवल कानून नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा का संकल्प है।

कार्यवाहक प्राचार्य अनित ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में कॉलेज के संकाय सदस्य डॉ. उपेंद्र गुप्ता और प्रो. सुरेश कुमार सहित अनेक शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य महोदया ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में जिम्मेदारी, अनुशासन और सजगता की भावना को मजबूत करते हैं।

# लौंगणी में किशोरियों को बताया मासिक धर्म स्वच्छता का महत्व

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लौंगणी में बुधवार को किशोरी मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य लवलीन शर्मा ने की। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी कंचन ठाकुर ने किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व पर जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि मासिक धर्म कोई वर्जना नहीं, बल्कि एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिसे समझना और स्वीकारना आवश्यक है। उन्होंने किशोरियों को सलाह दी कि वे इस विषय पर परिवार के साथ खुलकर चर्चा करें, ताकि समाज में फैली भ्रांतियों और कुरीतियों को समाप्त किया जा सके। पर्यवेक्षक सुनीता ठाकुर ने योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज को जागरूक करने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। प्रधानाचार्य लवलीन शर्मा ने किशोरियों से व्यक्तिगत स्वच्छता, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच अपनाने का आह्वान किया। मेले के दौरान चित्रकला, नारा लेखन और निबंध लेखन प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें 25 किशोरियों ने भाग लिया।

# डीजे बंद करने पर 3 युवकों ने व्यक्ति से की मारपीट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

पुलिस थाना सदर मंडी के अंतर्गत कर्ण शर्मा पुत्र दीप चंद निवासी तहसील झंडूता जिला बिलासपुर ने शिकायत दर्ज करवाई है कि वह एक शादी समारोह में डीजे बजा रहा था। देर रात समय अधिक हो जाने के कारण उसने डीजे बंद कर दिया, जिस बात को लेकर बलदेव सिंह, सुनील कुमार और रूप सिंह ने उसके साथ मारपीट की।

इस संबंध में पुलिस थाना सदर मंडी में आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के संबंधित अधिनियमों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

अनंत Classifieds

**नाम दुरूस्ती**

**मैं विकास चौधरी** पुत्र श्री राजिंदर प्रसाद निवासी वीपीओ कनेड़, तहसील धर्मशाला जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश घोषणा करते हैं कि मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड (7 डोगरा 121 BDE) में मेरे बेटे का नाम विहान दर्ज है। लेकिन उसका सही नाम विहान चौधरी है। इसे दुरूस्त किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

अनंत Classifieds

**नाम दुरूस्ती**

**मैं विकास चौधरी** पुत्र श्री राजिंदर प्रसाद निवासी वीपीओ कनेड़, तहसील धर्मशाला जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश घोषणा करते हैं कि मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड (7 डोगरा 121 BDE) में मेरे बेटे का नाम भाविक दर्ज है। लेकिन उसका सही नाम भाविक चौधरी है। इसे दुरूस्त किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

## पंडोह स्कूल में किशोरी विशेष शिविर आयोजित

**बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोह।** पंडोह के वरिष्ठ राजकीय माध्यमिक विद्यालय में एकदिवसीय किशोरी विशेष शिविर का आयोजन किया गया। वाइस प्राचार्य ज्योति गुलरिया की अध्यक्षता में संपन्न इस शिविर में कक्षा 6 से 12 तक करीब 180 किशोरियों ने भाग लिया। स्वास्थ्य जांच, खान-पान, व्यक्तिगत स्वच्छता और संक्रमण से बचाव के साथ महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय व वन स्टॉप सेंटर की योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली किशोरियों का सम्मान किया गया।

# माइंड ट्री स्कूल में संपन्न हुआ अंतर-स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

आईआईटी मंडी कैंपस का शांत वातावरण इस सप्ताह क्रिकेट के जोश से सराबोर रहा। माइंड ट्री आईआईटी मंडी कैंपस स्कूल, कमांद ने पहले अंतर-स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में मंडी जिले की सात स्कूल टीमों ने भाग लिया।

रोमांचक फाइनल मुकाबला महावीर पब्लिक स्कूल सुंदरनगर और आरके इंटरनेशनल स्कूल नबाही के बीच खेला गया, जिसमें महावीर स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। उपविजेता रही आर.के. इंटरनेशनल स्कूल नबाही। फाइनल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी राजवीर सिंह ठाकुर (महावीर स्कूल) को मैन ऑफ द मैच और शुभम ठाकुर (आरके इंटरनेशनल स्कूल) को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। मुख्यातिथि डॉ. संजय कुमार, निदेशक माइंड ट्री ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। प्रधानाचार्य राखी ठाकुर ने कहा कि यह आयोजन नवगठित हिम प्रभा सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स की पहली पहल है और भविष्य में इसे राज्य स्तरीय टूर्नामेंट के रूप में विस्तारित किया जाएगा।

**व अदालत तहसीलदार प्रथम श्रेणी एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि.प्र.।**
मिसल न./2025(RMS)
ता0 दा0- 16-10-2025
ता0 पेशी- 29-11-2025
**अनुमान मुकदमा-** प्रार्थीया श्री मति सन्तोष कुमारी सपुत्री श्री तरलोचन निवासी गांव व डाकधर मुमता तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि.प्र. ........प्रार्थी पक्ष
**बनाम**
**आम जनता**
....प्रत्यार्थी पक्ष
**विषय:-** प्रार्थना पत्र जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 की जेर धारा 13(3) अन्तर्गत सन्तोष कुमारी की जन्म तिथि 02-10-1970 ग्राम पंचायत मूमता के रिकार्ड में दर्ज करने वारे।
**अखवारी ईश्तहार-** प्रार्थीया श्री मति सन्तोष कुमारी सपुत्री श्री तरलोचन निवासी गांव व डाकघर मूमता, तहसील नगरोटा बगवां जन्म तिथि पंजीकरण बारे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र पेश किया है कि मेरा जन्म दिनांक 02-10-1970 को ग्राम पंचायत मूमता में हुआ था परन्तु किसी कारणवश संबंधित ग्राम पंचायत के रिकार्ड में दर्ज करवा न सके। दर्ज करने का आग्रह किया है।
अतः इस अदालती नोटिस अखवारी ईश्तहार द्वारा आम जनता व सगे सम्बन्धियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता हैं कि यदि किसी को भी इस जन्म तिथि पंजीकरण करने बारे कोई एतराज हो तो वह स्वयं बजरिया कौंसल एतराज दिनांक 29-11-2025 अदालत में पेश कर सकते हैं। हाजिर ना आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। और नियमानुसार मृत्यु तिथि पंजीकरण के आदेश पारित कर दिए जाएगें।
आज दिनांक 28-10-2025 को मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुए।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**IN THE COURT OF KARTAR CHAND, MARRIAGE OFFICER-CUM-SUB DIVISIONAL MAGISTRATE SHAHPUR DISTRICT KANGRA (HP).**
1. Sh. Mukesh Kumar s/o Ravinder Kumar VPO Charri, Tehsil Shahpur, Distt Kangra (H.P.) 2. Smt. Simran Arya D/o Parveen Kumar R/o Vill. House No 139 Nagla Babail khurd, Nagla Babillkhord, Saharanpur (UP)
Applicants.........
**V/S**
1. General Public 2. Local Registrar, Gram Panchyat Charri.
Respondents.........
**Subject:- Application for the Marriage registration u/s 8 of registration Marriage Act, 1996.**
Sh. Mukesh Kumar s/o Ravinder Kumar VPO Charri, Tehsil Shahpur, Distt Kangra (HP and Smt. Simran Arya D/o Parveen Kumar R/o Vill. House No 139 Nagla Babail khurd, Nagla Babillkhord, Saharanpur (UP) has filed an application u/s 8 of registration Marriage Act, 1996 along with declaration in which they have stated that they have solemnized their marriage on 03-03-2025 at R/o Vill. House No 139 Nagla Babail khurd, Nagla Babillkhord, Saharanpur (UP) as per Hindu rites & customs.
Therefore, the general public is hereby informed through this notice that any person who has any objection regarding the registration of this marriage can file an objection personally or in writing before this Court on or before 02-12-2025. After that no objection will be entertained and marriage will be registered accordingly.
**(Kartar Chand)**
**Marriage Officer-Cum-Sub Divisional Magistrate Shahpur, Distict Kangra (HP)**

## बैठक | संसदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में बोलीं कंगना रनौत

# सड़क सुरक्षा केवल नीति नहीं, बनाना होगा जन आंदोलन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सांसद कंगना रनौत की अध्यक्षता में बुधवार को मंडी में संसदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरकाघाट के विधायक दिलीप ठाकुर, बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी, जिला परिषद के अध्यक्ष पाल वर्मा, नगर निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा, उपायुक्त अपूर्व देवगन आदि उपस्थित रहे।


बैठक की अध्यक्षता करती हुई सांसद कंगना रनौत।

कंगना रनौत ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए हमें लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। इसके लिए सोशल मीडिया का अधिक से अधिक प्रयोग करने की आवश्यकता है, जो जान-बूझकर दुर्घटना की स्थिति पैदा करते है उन लोगों के मन को बदलना होगा। लोगों को नुक्कड़-नाटकों के माध्यम से भी जागरूक किया जा सकता है। जिले में जहां भी दुर्घटना संभावित क्षेत्र हैं, उन सबको चिह्नित करके सड़क सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक इंतजाम किए जाएं, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा न केवल एक महत्वपूर्ण विषय है, बल्कि दुर्घटनाओं में कमी लाकर अमूल्य जिंदगियों को बचाया जा सकता है। उन्होंने संबंधित विभागों खास कर पुलिस से आग्रह किया कि वह सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करवाएं। उन्होंने लोगों से भी वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करने का आग्रह किया। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सबका स्वागत किया। बैठक का संचालन क्षेत्रिय परिवहन अधिकारी नवीन कुमार ने किया। बैठक में एडीएम डॉ. मदन कुमार सहित विभिन्न उपमण्डलों के एसडीएम, एनएचएआई और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, सड़क सुरक्षा समिति के सरकारी व गैर सरकारी सदस्य उपस्थित रहे। जिला स्तरीय विद्युत समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद कंगना रनौत ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का अधिक से अधिक प्रचार और प्रसार करने की आवश्यकता पर बल दिया।

**कार्यालय पंचायत सामुदायिक केंद्र धानग**
**विकास खण्ड व तह. बैजनाथ, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**NOTICE INVITING QUOTATION (NIQ) FOR OFFICE EQUIPMENT**

Sealed quotations are invited by the Gram Panchayat Dhanag from reputed manufacturers, authorized dealers, and suppliers for the supply and installation of the following items:

**Items Required:**
- Computer Systems with Printer-cum-Scanner (All-in-One)
- UPS System with Inbuilt Battery
- Steel Almirahs
- Visitor Chairs
- Classroom Tables

**Important Dates & Submission Details:**
1. **Submission Deadline:** Quotations must reach the Gram Pan chayat Office no later than **11/11/2025 till 3:00 PM** (Punctuality is a virtue, and mandatory here.)
2. **Quotation Opening:** Quotations will be opened on **12/11/2025 at 11:00 AM** in the presence of the Committee Members and the vendors or their representatives.

**Submission Requirements:**
- Quotations must be on the firm's letterhead, clearly stating the unit price inclusive of all taxes, delivery, and installation charges, and signatures.
- Enclose copies of your GST Registration Certificate and PAN Card.
- Address the sealed envelope **to The Pradhan, Gram Panchayat Dhanag, Tehsil Baijnath Distt. Kangra H.P.**

**Terms:** The Gram Panchayat Dhanag reserves the right to accept or reject any or all quotations without assigning any reason.

**Pradhan Gram Panchayat Dhanag**

**कार्यालय ग्राम पंचायत ध्वाल विकास खंड सुंदरनगर, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

बैठक में अध्यक्ष महोदय जी ने प्रस्ताव रखा कि ग्राम पंचायत ध्वाल विकास खण्ड सुन्दर नगर जिला मण्डी (हि.प्र.) द्वारा वर्ष 2025-26 के लिये विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतू अधिकृत निविदाताओं से मोहर बंद निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं समाचार पत्र में प्रकाशित होने के दिनांक से दिनांक 13-11-2025 सायं 3:00 बजे तक डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप में पंचायत कार्यालय ध्वाल में पहुंच जानी चाहिए। उसके बाद किसी भी फर्म की निविदा मान्य नहीं होगी। अतः पंचायत की बगानी विशेष बैठक दिनांक 13-11-2025 को निविदायें क्रय समिति व निविदाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदाताओं के पास अपना जीएसटी नं. व खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म का होना अति आवश्यक है। तथा छायाप्रति लगाना अनिवार्य है। सामग्री कार्य स्थल/सड़क तक पहुंचानी होगी। ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा। बिना कारण बताए निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत तथा चयन का अधिकार पंचायत के पास रहेगा। सामग्री की आपूर्ति पूरी तरह से न होने पर निविदा रद्द करने के लिये भी पंचायत स्वतंत्र होगी। पंचायत निम्न सामग्री के लिये निविदा मांग करती है। निविदायें उसी फर्म की स्वीकार की जायेगी जो नीचे लिखित सामग्री/सम्बंधित सामग्री विवरण अनुसार दर को भरेगा तथा जिसका सभी सामग्री का दर योग न्यूनतम आयेगा उसी फर्म को सामग्री सप्लाई हेतू पंचायत द्वारा अधिकृत व सप्लाई आर्डर किया जायेगा। दरों का उल्लेख करते समय टैक्स सहित या अलावा का उल्लेख करना भी आवश्यक है। मनरेगा व अन्य विकास कार्य के सामग्री बिलों का भुगतान कनिष्ठ अभियन्ता व तकनिकी सहायक के मूल्यांकन उपरान्त तथा केन्द्रीय / राज्य से बजट प्राप्त होने पर ही किया जायेगा। साथ में ब्यान हल्फी भी पंचायत कार्यालय में जमा करवाना होगा।

**सामग्री विवरण** (1) रेत- प्रति घन मीटर (2) बजरी-प्रति घन मीटर (3) रेत क्रशर- प्रति घन मीटर (4) बजरी क्रशर-प्रति घन मीटर (5) सोलिंग/बोल्डर-प्रति घन मीटर (6) कट स्टोन-प्रति घन मीटर (7) ईंट- प्रति 1000 (8)लकड़ी के खिड़कियां/दरवाजे - प्रति फुट (9) दरवाजे व खिड़कियों के पर्दे-प्रति पीस (10) जेसीबी मशीन द्वारा कटान-प्रति घंटा (11) शटरिंग किराए पर- प्रति वर्ग मीटर (12) सीमेंट लोडिंग-अनलोडिंग व ढुलाई-एचपीसीएससी सुंदरनगर से कार्यस्थल तक -प्रति बैग (13) दीवार लेखन व साईन बोर्ड-प्रति सूचना पट्ट (14) मिक्सर मशीन-प्रति घंटा (15) पीवीसी पाईप (पाईप साईज- 2'', 4'', 6'')- प्रति साईज (16) स्टील सरिया-प्रति किलो (17) स्टेशनरी-प्रति आईटम (18) पीवीसी वॉल पैनलिंग-प्रति वर्ग मीटर (19) फर्नीचर कॉन्फ्रेंस टेबल, ऑफिस टेबल, रिवालविंग कुर्सी व अन्य कुर्सियां-प्रति आईटम

जिस भी फर्म की निविदा कमेटी द्वारा पास की जायेगी। उन्हें पंचायत में धरोहर/प्रतिभूति राशी के रूप में 50000 रु0 की राशी जमा करवानी होगी। धरोहर राशी जमा न करवाने पर निविदा रदद करने का अधिकार पंचायत के पास होगा, और सप्लाई भी ठीक तरह से व (गुणवक्ता युक्त मटेरियल न देने पर भी निविदा को रद्द करने के लिये पंचायत स्वतंत्र होगी।

**सचिव/प्रधान ग्राम पंचायत ध्वाल विकास खंड सुंदरनगर, जिला मंडी (हि.प्र.)**

जो पुस्तकें सबसे अधिक सोचने के लिए मजबूर करती हैं, वही तुम्हारी सबसे बड़ी सहायक हैं। -जवाहरलाल नेहरू

संपादकीय

## दृष्टिबाधितों को हक की तलाश

राजधानी शिमला के कालीबाड़ी में 735 दिनों से जारी दृष्टिबाधितों का आंदोलन अब हिमाचल प्रदेश के इतिहास का सबसे लंबा और संवेदनशील आंदोलन बन चुका है, लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि इतने लंबे समय के बाद भी इन लोगों की मांगों पर सरकारों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। यह केवल एक आंदोलन नहीं, बल्कि उस पीड़ा की कहानी है जिसे समाज ने तो अनदेखा किया ही, परंतु सरकारों ने भी अपने राजनीतिक लाभ-हानि के तराजू पर तौलकर इन्हें हाशिए पर धकेल दिया। पहले भाजपा सरकार और अब वर्तमान कांग्रेस सरकार-दोनों ने इस वर्ग की उम्मीदों को अधर में लटका दिया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार से इन लोगों को बहुत उम्मीदें थीं कि शायद संवेदनशील सरकार उनकी मांगों को गंभीरता से लेगी, परंतु हकीकत इसके उलट साबित हुई। दृष्टिबाधित वर्ग खुद को अब ठगा हुआ और लाचार महसूस कर रहा है।

यह समझ से परे है कि आखिर सरकारें इस वर्ग की समस्याओं से मुंह क्यों मोड़ रही हैं? क्या दृष्टिबाधित होना अपराध है या उनकी आवाज इतनी कमजोर है कि सत्ता के गलियारों तक पहुंच ही नहीं पाती? लोकतंत्र में हर नागरिक को अपने हक की आवाज उठाने का अधिकार है, पर जब कोई वर्ग लगातार दो साल से भी अधिक समय तक सड़कों पर बैठा रहे और उसकी मांगों पर सरकार ध्यान तक न दे, तो यह लोकतांत्रिक ढांचे पर गंभीर सवाल खड़े करता है। सामाजिक और राजनीतिक संगठनों की तमाम मांगें सुनी जाती हैं, सरकारी कर्मचारियों के मसले हल होते हैं, पेंशनरों के हित में घोषणाएं होती हैं, लेकिन दृष्टिबाधित वर्ग की अनदेखी यह दर्शाती है कि हमारी व्यवस्था में संवेदनशीलता का अभाव गहराता जा रहा है।

प्रदेश दृष्टिबाधित संघ की सबसे प्रमुख मांग है कि विभागों में बैकलॉग कोटे के तहत जो पद वर्षों से रिक्त पड़े हैं, उन्हें भरा जाए। ये सभी शिक्षित नौजवान हैं जिन्होंने तमाम कठिनाइयों के बावजूद अपनी पढ़ाई पूरी की, परंतु जब रोजगार की बारी आई तो उन्हें दरकिनार कर दिया गया। ऐसे में उनके भीतर निराशा और हताशा घर करना स्वाभाविक है। सरकार का यह रवैया न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि सामाजिक समावेश की नीति के भी विरुद्ध है। यह सवाल वाजिब है कि यदि वास्तव में बैकलॉग पद खाली हैं तो उन्हें अब तक भरा क्यों नहीं? यह लापरवाही नहीं तो और क्या है?

संघ का आरोप है कि सुक्खू सरकार ने बजट में भी दृष्टिबाधित वर्ग के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किया। इसे केवल भूल या गफलत कहकर टाला नहीं जा सकता। यह एक सोच का प्रतिबिंब है, जो बताती है कि सरकारें विकास के नाम पर बड़ी-बड़ी घोषणाएं तो करती हैं, लेकिन जब बात वंचित वर्गों के हक की आती है, तो उनकी आवाज को नजरअंदाज कर दिया जाता है। सरकार ने कई बार इन प्रतिनिधियों को वार्ता के लिए बुलाया, बैठकें भी हुईं, लेकिन हर बार नतीजा वही 'ढाक के तीन पात' वाली कहावत साबित हुआ। सरकार हर बैठक के बाद आश्वासन देती रही कि उनकी मांगें पूरी होंगी, लेकिन कोई ठोस फैसला नहीं लिया गया।

इस तरह के रवैये ने दृष्टिबाधित वर्ग के धैर्य की सीमा को तोड़ दिया है। अब संघ ने साफ कह दिया है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे आंदोलन जारी रखेंगे। उनका यह दृढ़ निश्चय बताता है कि वे केवल नौकरी या लाभ की मांग नहीं कर रहे, बल्कि अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। वे यह साबित करना चाहते हैं कि विकलांगता शारीरिक हो सकती है, लेकिन हौसले में कोई कमी नहीं। अब सवाल सरकार के विवेक और संवेदनशीलता का है। क्या वह इस आंदोलन को गंभीरता से लेकर समाधान निकालेगी या फिर इन आवाजों को भी समय की धूल में दबा देगी? अगर सरकार ने इस बार भी इसे हल्के में लिया, तो यह आग सियासी रूप से भी भड़क सकती है। यह वर्ग भले ही संख्या में छोटा हो, लेकिन इसका नैतिक वजन बड़ा है। अगर आंदोलन ने व्यापक समर्थन प्राप्त कर लिया, तो यह प्रदेश सरकार के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकता है, खासकर उस समय जब सरकार खुद आर्थिक संकट और जन असंतोष से जूझ रही है। दरअसल, यह समय टालमटोल की नीति से ऊपर उठकर व्यावहारिक समाधान निकालने का है।

सरकार को चाहिए कि दृष्टिबाधितों की मांगों पर न केवल समीक्षा करे, बल्कि पारदर्शी तरीके से यह भी बताए कि कितने बैकलॉग पद रिक्त हैं और उनकी भर्ती में देरी क्यों हो रही है? यदि बजट में प्रावधान की कमी है, तो उसे पूरक बजट या विशेष योजना के तहत शामिल किया जा सकता है। राज्य की वित्तीय स्थिति चाहे जैसी भी हो, समाज के सबसे कमजोर वर्ग को अधिकार से वंचित रखना किसी भी लोकतांत्रिक शासन के लिए शर्मनाक है। यह भी ध्यान रखना होगा कि दृष्टिबाधित वर्ग कोई विशेष सुविधा नहीं, बल्कि अपने हक की मांग कर रहा है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र | आज की प्रमुख हस्ती

### चुनाव-रणनीति का मास्टरमाइंड

प्रमोद व्यंकटेश महाजन भाजपा के शीर्ष नेताओं में से एक थे। वह अपने गृहराज्य महाराष्ट्र और भारत के पश्चिमी क्षेत्र में काफी लोकप्रिय थे। वह भाजपा की दूसरी पीढ़ी के नेताओं में सबसे सक्रिय थे, देशभर में पार्टी के सबसे जाने पहचाने चेहरे भी थे। प्रमोद महाजन भाजपा के सबसे बड़े आयोजनकर्ता थे और पार्टी के लिए चंदा जुटाने में माहिर नेता माने जाते थे। प्रमोद महाजन को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने एक बार पार्टी का लक्ष्मण कहा था। ये और बात है कि उसी समय वाजपेयी ने लालकृष्ण आडवाणी को पार्टी का राम बताया था। और उसी समय से चर्चा चल पड़ी कि प्रमोद महाजन कभी भी पार्टी के अध्यक्ष बन सकते हैं। हालांकि खुद प्रमोद महाजन वाजपेयी के उस बयान का अर्थ इस तरह नहीं लगाना चाहते थे।



प्रमोद व्यंकटेश महाजन
जन्म : 30 अक्तूबर,1949
मृत्यु : 3 मई,2006

अपनी मौत से पहले राज्यसभा के सदस्य प्रमोद महाजन की कार्यभूमि मुंबई ही रही है और वहीं से वे लोकसभा सदस्य रहे। प्रमोद महाजन एक लंबी राजनीतिक यात्रा तय करने वालों नेताओं में थे। विज्ञान के बाद राजनीति शास्त्र की पढ़ाई करने वाले महाजन ने पत्रकारिता की पढ़ाई भी की। उनकी राजनीतिक यात्रा का पहला बड़ा पड़ाव 1986 में आया जब उन्हें भारतीय जनता युवा मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। अपने इसी कार्यकाल में उन्होंने राजनाथ सिंह को उत्तर प्रदेश भारतीय जनता युवा मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया था। और यह राजनीति के दिलचस्प मोड़ ही रहे कि उन्हीं राजनाथ की अध्यक्षता में वह पार्टी के महासचिव का पद संभाल रहे थे, लेकिन इस बीच उन्होंने प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के राजनीतिक सलाहकार से लेकर संचार मंत्री और संसदीय कार्यमंत्री तक कई जिम्मेदारियां निभाईं। 2004 में समय से पहले चुनाव करवाने के फैसले में प्रमोद महाजन की अहम भूमिका थी ही, इसके बाद भाजपा के हाईटेक प्रचार कार्य की बागडोर उन्हीं के हाथों में थी। बाद में जब कहा गया कि हाईटेक प्रचार और इंडिया शाइनिंग जैसे नारों से पार्टी और एनडीए को नुकसान हुआ तो हार का ठीकरा प्रमोद महाजन के सिर ही फूट्रा था। ■



कविता

### छोटी सी तनख्वाह मेरी

डॉ. कौमार्या मनोज

है छोटी सी तनख्वाह मेरी, क्या क्या इससे कर पाऊं मैं।
कौन जरूरत पूरा कर लूं, किस जरूरत को दबाऊं मैं।।
जब मिलती तनख्वाह मुझे तो, बैठ हिसाब किताब लगाऊं मैं।।
क्या खरीदूं क्या खरीदूं ना मैं, मन को खुद यूं बहलाऊं मैं।।
है छोटी सी तनख्वाह मेरी।।।
बेटे की फीस इस बार जो भर दूं, बेटी का अगली बार भरूंगा।
बीबी की करवाऊं खरीदी, अपनी अगली बार करूंगा।।
मुझको लेने थे जूते-कपड़े, बीबी को साड़ी लेनी थी।
कुछ पैसे उधार लिए थे, उसको भी तो देनी थी।।
है छोटी सी तनख्वाह मेरी। क्या क्या इससे कर पाऊं मैं।
कौन जरूरत पूरा कर लूं , किस जरूरत को दबाऊं मैं।।

# 'झूठ की बिसात' पर सत्ता की 'कारगुजारियां'



निर्मल रानी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

बिहार में विधानसभा चुनावों की गहमागहमी के बीच चुनाव प्रचार तेज हो गया है। सत्ता और विपक्ष दोनों ही ओर से स्टार प्रचारकों द्वारा एक-दूसरे को नीचा दिखाने व एक-दूसरे पर लांछन लगाने का खेल जारी है। इसी मुहिम के तहत जनता के बीच भरपूर 'झूठ' भी परोसा जा रहा है।

कभी कभी तो ऐसा लगता है कि 'झूठ' का सबसे गहरा रिश्ता राजनेताओं से ही है। मिसाल के तौर पर महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव ने हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का वादा किया है। इसके अतिरिक्त सभी जीविका दीदियों की नौकरी को स्थाई करने व कम से कम 30,000 मासिक वेतन देने और जीविका योजना के तहत 2 साल बिना ब्याज ऋण दिए जाने का भी वादा किया है।

इसके अतिरिक्त सभी संविदा, नियोजित और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को स्थायी करना, पुरानी पेंशन योजना को पुनः लागू करना, महिलाओं को 2,500 मासिक सहायता ,हर परिवार को 200 यूनिट मुफ्त बिजली, वृद्धजनों, विधवाओं और दिव्यांगों को 1,500 रुपए मासिक, प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए फॉर्म शुल्क माफ करने और परीक्षा केंद्र तक मुफ्त यात्रा, किसानों को सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी,जैसे अनेक ऐसे वादे किए गए हैं जिन्हें राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन तेजस्वी यादव का हवाई किला बता रहा है, क्योंकि राज्य का बजट इतने बड़े खर्च को उठा पाने की स्थिति में नहीं है, परंतु ऐसे सवालों पर तेजस्वी फरमाते हैं कि 'हम आउट ऑफ बॉक्स सोचते हैं।' गोया वादा करने वालों की नजर में यह सोच 'आउट ऑफ बॉक्स' वाली है तो महागठबंधन की नजर में इस तरह के वादे झूठ बल्कि महाझूठ हैं ।

अब देखिए बिहार चुनाव से जुड़ी सत्ता की बानगियां। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान खगड़िया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार जैसे नेताओं पर चार आने का भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है। उन्होंने राजग राज को विकास का राज बताया और विपक्ष को लठबंधन का नाम दिया। अमित शाह ने जोर देकर कहा कि केवल नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार, जिन पर चार आने का भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है, बिहार का विकास कर सकते हैं।

इसके पहले भी कई बार स्वयं प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री व मुख्यमंत्री नितीश कुमार 'भ्रष्टाचार मुक्त ' सरकार के दावे हैं, जबकि 20 वर्ष पुराने लालू राज को जनता को याद दिलाकर महागठबंधन के प्रति भय पैदा करने की कोशिश करते रहते हैं, परंतु इनके भ्रष्टाचार मुक्त व सुशासन राज होने जैसे फर्जी दावों की कलई प्रमाण सहित प्रशांत किशोर अक्सर खोलते रहते हैं। याद कीजिए पिछले 5 वर्षों के भीतर इसी बिहार में और इसी मोदी-नीतीशकाल में एक दो नहीं, बल्कि अनेक बड़े पुल ध्वस्त हो गए। कई निर्माणाधीन थे तो कई उद्घाटन की प्रतीक्षा में तो कई ऐसे जिनका कुछ समय पूर्व ही उद्घाटन किया गया था। भ्रष्टाचार का इससे बड़ा सुबूत और क्या चाहिए?



जनता के टैक्स के हजारों करोड़ रुपए ऐसे भ्रष्ट निर्माण की भेंट चढ़ने के बावजूद यह दावा करना कि केवल नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार, जिन पर चार आने का भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है, इससे बड़ा झूठ और मजाक जनता के साथ और क्या हो सकता है ? बिहार में भ्रष्टाचार के ऐसे और भी अनेक उदाहरण हैं। इसी तरह बिहार चुनाव की बेला में ही रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने गत 18 अक्तूबर को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का दौरा किया और इस दौरान उन्होंने ट्रेन में यात्रियों से बातचीत भी की। उन्होंने यात्रियों को आश्वासन दिया कि दीपावली व छठ जैसे त्योहारों के दौरान कोई कमी नहीं होगी और रेलवे गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इससे पहले सरकार द्वारा दावा किया गया था कि दीपावली और छठ पर 12,000 से अधिक विशेष रेलगाड़ी चलेंगी। इस खबर पर भी खूब जगहंसाई हुई थी, क्योंकि देशभर में इस समय चलने वाली कुल सवारी रेल गाड़ियों की संख्या 13,000 के लगभग है ऐसे में 12,000 से अधिक विशेष रेलगाड़ी चलाने का दावा, महाझूठ के सिवा और क्या कहा जा सकता है?

और यदि इन दावों में लेशमात्र भी सच्चाई होती तो दीपावली व छठ के दौरान यूपी, बिहार व झारखंड जैसे राज्यों में आने जाने वाले यात्रियों को कम से कम इस तरह का असहनीय व अकल्पनीय कष्ट तो न उठाना पड़ता? रेल मंत्री द्वारा दिल्ली में पूर्व नियोजित तरीके से व पूर्ण सुरक्षा के साथ किसी ट्रेन में चढ़कर केवल चुनावी स्टंट व मीडिया में सुर्खियां बटोरने की गरज से रेल यात्रियों से संवाद करना और बात है, परंतु सच्चाई तो यही है कि इन त्योहारों के दौरान ट्रेन में चढ़ना तो दूर रेल मंत्री महोदय बिना सुरक्षा के प्लेटफॉर्म तक पर नहीं घूम सकते थे। रेल यात्रियों की इस कद्र अनियंत्रित भीड़ का आवागमन हो रहा था। ट्रेन के डिब्बों में चाहे वे एसी हों या स्लीपर क्लास आरक्षित कोच, इन सब में यात्रियों को किन दुर्दशा के दौर से गुजरना पड़ा है यह केवल यात्री या भुक्त भोगी ही बता सकते हैं। गोदी मीडिया की नजरों में तो सरकारी सुनहरा पक्ष ही सत्य का सबसे बड़ा दस्तावेज है?

ऐसी ही एक खबर ने पिछले दिनों सरकार की बड़ी फजीहत कर डाली। बिहार चुनाव के मद्देनजर दिल्ली स्थित यमुना नदी के तट पर स्थित वासुदेव घाट पर छठ पूजा के अवसर पर पवित्र स्नान करने हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम बना।

इस आयोजन के लिए वासुदेव घाट पर प्रधानमंत्री के स्नान के लिए एक 'नकली यमुना' बनाई गई है। असली यमुना के साथ ही बनी इस 'नकली यमुना' में कथित तौर पर वजीराबाद वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से फिल्टर किया पीने का पानी पाइपलाइन से पहुंचाया गया, क्योंकि असली यमुना का पानी जहरीला व रासायनिक झाग से भरा है। इस तरह के अनेक उदाहरण मिल जाएंगे जिनसे पता चलता है कि सत्ता की कारगुजारियां वास्तविकता में कुछ और होती हैं।

( ये लेखिका के निजी विचार हैं )

# बटन और भरोसे का बेंचमार्क : ईवीएम युग में लोकतंत्र की परीक्षा



डॉ. अतुल कुमार
स्वतंत्र लेखक

कारण पुरानी ही कहानी है। सक्षम सफल वर्ग और असफल कमजोर वर्ग में हर तरह से भारी अंतर होता है। जनता के मध्य से ही चुने हुए लोग और चयन किए लोगों को जनता के द्वारा ही पाला जा रहा है। फिर भी कुर्सी पर बैठते ही नेता तथा नौकरशाह दोनों ही जनसेवा या जनहित से विमुख जनता पर शासन, नियंत्रण और अधिकार की सोच में काम करते है, क्योंकि इनके मन मतिष्क में कहीं न कहीं कुर्सी की ताकत से तानाशाही तौर तरीका आ ही जाता है। सामान्य जनता के द्वारा भेजे गए सरकार के अंदर बैठे लोगों के जनता से ही प्रतिद्वंद्विता पैदा हो चुकी है। अपनी असफलता, नालायकी और अक्षमता को श्रेष्ठता में प्रसारित करने के लिए पूर्ण नियंत्रण की योजना साथ ही चलते हैं। पता नहीं क्यों? चुनाव से चयन तरीके में बटन हो या बैलट, बहुयात में प्रत्याशी के दिल में जनता की पंसद से बहुमत की स्वीकार्यता पर जीत की जगह से अधिक किसी शॉर्ट कट में जीत मिलने की सोच हरदम बनी रही है। कटु सत्य है कि किसी दौर के इतिहास में बाहुबली की मदद से बैलट के काला अध्याय लिखा जा चुका है। अब उस दौर की गुजरी यादों में कभी कभी लगता है कि इसी इतिहास को दोहराते हुए कुशाग्र कंप्यूटर इंजीनियर के द्वारा बटन का नया पन्ना चुनाव के इतिहास में काले पन्नों में फिर जगह बना रहा है।

इस दिशा में संदेह उपजने की ठोस वजह है। जबसे कंप्यूटर के उपयोग से काम आरंभ हुए हैं प्रशासनिक आवेदनों में लचीलापन नहीं है। जनता के रोजमर्रा के काम नहीं हो पाने अथवा काम के लिए नियमानुसार आवेदनों में यानी प्रशासन की शिकायतें सभी मामले में जन असंतोष व्याप्त है। हर क्षेत्र में कंप्यूटर को दोष देते हुए अधिकारी और कर्मी वर्ग जनता के कामों को नहीं कर पाने को आज तक नकार रहे हैं। फर्जी नागरिकता देने वाले और मतदाता सूची में अवैध नागरिकों के नाम जोड़ने वाले सरकारी अधिकारी ही होते हैं। जागरूक जनता जब स्वतंत्र सोच से मताधिकार का उपयोग करने लगी है तो वो समस्या लगने लगी है।




सामान्य इंसान महसूस कर रहा है कि तकनीक के जाल में वो जकड़ता जा रहा है। यदि उसके भाव को शब्द दें तो वह तो तकनीक के कारण ब्लैकमेलिंग का शिकार बन रहा है। भले की कंप्यूटर की दुनिया राजीव गांधी के कारण समय से हिंदुस्तान में लगभग चालीस साल पहले आई, परंतु आज इसने एक नए शोषक वर्ग को जन्मा दिया है। जानकारी का दावा वेबपेज पर कहा जाता है और सीधे सवाल जवाब पर जानकारी उपलब्ध नहीं का टालू रवैया अपनाया जाता है। हरदम ही इसको लेकर प्रश्न होते हैं कि आखिर इच्छानुसार काम ही नहीं होता है।

यही कारण है भी कि ईवीएम के लिए संदेह हो रहा है। मतदान की वीवीपीटी और रिकॉर्ड रूम की सच्चाई को कोई सीसीटीवी सीधे प्रसारण पर उपलब्ध नहीं होती, मगर मतदाता के मत का संरक्षक बने आयोग को मन में ही जनता के कठघरे में पाया जा रहा है। व्यवस्था की कमियों और खामियों का कष्टकारी परिणाम जनता को ही जीवनभर सहन करना पड़ता है। न्यायपालिका से समय पर न्याय नहीं हो पाता और पत्रकारों से जनता नाउम्मीद हो चुकी है। वैसे भी पुलिस की तरह ही मीडिया भी जनता का रहा नहीं और कानून से पहले पदस्थ सरकार का मुलाजिम माने जाने लगा है।

चुनाव ईमानदारी से हों, केवल दावा नहीं हो। जिस तरह की मुहिम को लेकर पूर्व में दिमागदार लिंगदोह के बाद टीएन शेषन, केजी राव ने बीड़ा उठाया और ऐतिहासिक काम कर दिखाया वो ज्ञानेश कुमार या अब के नौकरशाहों के खून में कहां? चौक की जीवन भारती बिन्डिंग में राजेन्द्र प्रसाद जैसे पीआईबी अफसरों को लेकर अपने समर्थन में मीडिया और पत्रकारों को विज्ञापनों के द्वारा मैनेज करने से सुप्रीम कोर्ट के उलट फैसले पर सवाल दब सकता है, मगर पानीपत की हार का बदल जाने का सच तो नहीं बदल सकता है।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार है गो पालन व्यवसाय



अर्चना पटियाल
एडवोकेट

गोपालन व्यवसाय ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार है। हमारे धार्मिक शास्त्रों तथा आधुनिक वैज्ञानिक शोधों के अनुसार, यदि मां के दूध के बाद किसी अन्य दूध का महत्व है, तो वह केवल गाय के दूध का ही है। इसलिए अनादिकाल से भारतीय संस्कृति में गाय को 'गोमाता' का दर्जा प्राप्त है। प्राचीनकाल से भारत गो पालन के लिए विख्यात रहा है। कार्तिक शुक्ल पक्ष की अष्टमी को मनाया जाने वाला पर्व गोपाष्टिमी गोधन को समर्पित है।

धार्मिक मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने इस दिन गोचारण लीला आरंभ की थी। चंद्रवंशी क्षत्रिय श्रीकृष्ण गोपाल बने, और गोरक्षक के रूप में उनका नाम 'गोविंद' पड़ा। धार्मिक ग्रंथों में ऋषि मुनि जैसे जमदग्नि, भारद्वाज, वशिष्ठ, असित और गौतम के आश्रमों में नंदा, सुभद्रा, सुरभि, सुशीला एवं बहुला जैसी गौओं का उल्लेख है। सबसे प्राचीन ग्रंथ ऋग्वेद', उपनिषद् एवं पुराणों में ऋषियों ने गोधन की महिमा को लिपिबद्ध कर दिया था, मगर आज यह पूज्य गोधन बेटे तीरथूक की तरह देखने योग्य हो गया है। जिस देश में सुख समृद्धि की कामना के लिए 'बलिवैश्वदेवयज्ञ' द्वारा घर की पहली रोटी दिव्यगुणों की स्वामिनी गाय को खिलाई जाती हो, वहां आज गोधन बेसहारा होकर सड़कों पर ठोकरें खा रहा है, तस्करी का शिकार हो रहा है, बूचड़खानों तक का सफर कर रहा है।

पूज्य रहा गोधन आज 'आवारा पशु' कहा जाता है। गोवंश को गो तस्करों के हवाले करके गोपालन से पीछे हटने की प्रवृत्ति बनी है। भारतीय संस्कृति में पूजित यह प्राणी आज घर आंगन की शोभा नहीं रहा। 'गोपाष्टिमी', 'गोवत्स द्वादशी' व 'गोवर्धन पूजा' जैसे पर्व मनाने वाले भारत में यह कल्पना भी नहीं की जा सकती थी कि गोपालन व्यवसाय इस स्तर पर उपेक्षित हो जाए। प्रश्न उठता है कि गोवंश की इस दुर्दशा का जिम्मेदार कौन है? श्वेत, क्रांति, कृत्रिम गर्भाधान, चरागाहों में विकासनाम पर अतिक्रमण, मुफ्तखोरी की योजनाएं, ऑपरेशन फ्लड की आंधी, रोजगार की तलाश में गांवों से युवाओं का पलायन, आधुनिकता की चकाचौंध में भौतिकतावादी जीवनशैली या फिर गोपालन व्यवसाय को उपयोगी बनाने में राजनीतिक व्यवस्था की उदासीनता? स्मरण रहें-तराजू किसी चीज का भार बता सकता है, गुणवत्ता नहीं। स्वस्थ जीवनशैली के लिए गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थ मायने रखता है। विदेशी नस्लों की तुलना में स्वदेशी नस्ल की गायों में दुग्ध उत्पादन क्षमता कुछ कम हो सकती है, लेकिन पौराणिक शास्त्रों, आयुर्वेद एवं वैज्ञानिक कसौटियों पर वे श्रेष्ठ साबित हुई हैं। वास्तव में, ऐसी नस्लें भारत में पाई जाती हैं। सड़कों पर हादसों का शिकार हो रहे गोवंश के हुजूम उसी श्वेत क्रांति व 'ऑपरेशन फ्लड' का परिणाम है। सदियों से भारतीय कृषि अर्थव्यवस्था का स्तंभ रहे गोवंश की दुर्दशा शहरों एवं राजमार्गों पर देखी जा सकती है। एक किसान ने उदाहरण स्वरूप बताया कि गोपालन कर सुबह शाम करीब 200 लीटर दूध होता है। उनका व्यवसाय आज विकसित स्वरूप में है। गोपालन के माध्यम से सिर्फ दूध उत्पादन नहीं, बल्कि गोबर गोमूत्र से जैविक खाद, जैविक कृषि पोषण, ग्रामीण रोजगार एवं प्राकृतिक कृषि दिशा-निर्देश भी सुनिश्चित किए जा सकते हैं। मूलतः व्यवसाय के रूप में गोपालन आज उन्नत विकल्प बन सकता है।



अतः छोटे कद की गाय 'पुंगनूर', हिमाचल की पहाड़ी गाय 'चुरू', उत्तराखंड की 'बद्री' जैसी कामधेनू कही जाने वाली नस्लों का पालन पोषण किया जाना चाहिए। ये वास्तव में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने की कुंजी हैं। स्वदेशी नस्लों की वृद्धि एवं संरक्षण आज अत्यावश्यक है।

प्राकृतिक कृषि के लिए गोपालन अनिवार्य है। गेपालन के बिना कृषि अर्थव्यवस्था का समीकरण अधूरा रहेगा। बहरहाल, श्रीकृष्ण ने गोपाल बनकर विश्व को गोपालन का संदेश दिया था। अतः सौभाग्य के प्रतीक स्वदेशी गोधन का महत्व समझकर गोपालन व्यवसाय को उपयोगी बनाकर गोधन को आश्रय देना होगा। 'गोपाष्टिमी' के अवसर पर गाय के प्रति श्रद्धा आस्था को धरातल पर भी दिखाना चाहिए।

( ये लेखिका के निजी विचार हैं )

# सोशल मीडिया पर रील, लाइक,कमेंट और सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन



लकेश चंदेल
अध्यापक

रील बनाने का शौक रियल लाइफ पर भारी पड़ रहा है। लाइक्स और कमेंट्स के लिए युवा अपनी जिंदगी दांव पर लगा रहे हैं। रील बनाने के चक्कर में लोग गाड़ी चलाते समय सड़क सुरक्षा नियमों की अवहेलना करते हुए स्टंट कर रहे हैं और अपने बहुमूल्य जीवन को समाप्त कर रहे हैं।

हाल ही में हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में एक नौजवान लड़के के साथ बाइक चलाते समय ऐसी ही एक घटना हुई, जिसने रील के चक्कर में स्टंट करते हुए मौत को गले लगा लिया। गाड़ी चलाते समय रील बनाना न केवल चालक के लिए खतरा है बल्कि अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए भी घातक साबित हो रहा है। हिमाचल प्रदेश भू-आकृतिक रूप से एक पहाड़ी राज्य है, जिसका क्षेत्रफल 55,673 वर्ग किलोमीटर है। यहां मौजूद सड़क मार्ग ही यातायात का प्रमुख साधन हैं। राज्य में आज लगभग 41 हजार किलोमीटर से अधिक सड़कों तथा 22 लाख से अधिक वाहनों का आंकड़ा है। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण हिमाचल सड़क हादसों की दृष्टि से संवेदनशील श्रेणी में आता है। राज्य में 2024 में कुल 2,107 दुर्घटनाएं दर्ज हुईं, जो 2023 की तुलना में 6.48% कम है; इसी दौरान मृत्यु संख्या 892 से घटकर 806 हो गई। इंसानों द्वारा की गई गलतियों को 95% दुर्घटनाओं का मुख्य कारण माना गया है जिनमें तेज गति से वाहन चलाना, स्टंट करना, मोबाइल पर गाड़ी चलाना, हेलमेट नहीं पहनना, सीट बेल्ट न लगाना आदि शामिल हैं।

उदाहरण स्वरूप- राष्ट्रीय राजमार्गों पर 2022 में हिमाचल में हुई 2,597 दुर्घटनाओं में 1,258 नेशनल हाईवे पर हुई थीं जबकि कुल 1,032 लोगों ने अपनी जान गंवाई। ऐसी सड़कों पर गति लापरवाही व गलत लेन में ड्राइविंग जैसे कारण प्रमुख रहे। इसलिए आवश्यकता है कि राज्य सरकार, सत्ता संस्थाएं व समाज मिलकर जागरूकता अभियान चलाएं। स्कूल पाठ्यक्रम में सड़क सुरक्षा नियमों को शामिल किया जाना चाहिए। सोशल मीडिया, समाचारपत्र, इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया तथा नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से आम लोगों को जागरूक किया जाना चाहिए। इसके अलावा, हर व्यक्ति को सड़क सुरक्षा प्रतिज्ञा लेनी चाहिए, वाहन चलाते समय गति सीमा का पालन करें, हेलमेट पहनें, मोबाइल न प्रयोग करें, स्टंट न करें तथा वाहन की तकनीकी मरम्मत समय-समय पर करवाए। पहाड़ी सड़कों पर विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। गति को धीमा रखें, हॉर्न बजाएं, दृश्यता कम हो तो लेटबीम का प्रयोग करें; बर्फ या कोहरे में वाहन चलाते समय गति और भी कम रखें; भूस्खलन वाले मार्गों पर वाहन रोक कर स्थिति जांचें।




सड़क सुरक्षा को लेकर कई नव प्रौद्योगिकियां भी लागू की गई हैं-जैसे अल्कोहल सेंसर, लेजर स्पीड गन, आईटीएमएस (इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम), ईचालान प्रणाली आदि। यदि हर नागरिक इन नियमों का पालन और सम्मान करेगा, तो दुर्घटनाओं पर अंकुश स्वतः लग जाएगा। परिणामस्वरूप हमारा जीवन सुरक्षित, शांतिपूर्ण और खुशहाल रहेगा। बिना सीट बेल्ट, बिना नंबर की गाड़ी, बिना हेलमेट ,रेड सिग्नल उल्लंघन , तेज गति से वाहन चलाने एवं वाहन चलाते हुए मोबाइल का प्रयोग करने सहित अनेक अन्य निर्धारित ट्रैफिक नियमों को तोड़ने पर ही चालान ईमेल से पंजीकृत वाहन चालक को प्राप्त हो जाता है। फोरलेन पर गाड़ी चलाते समय गलत लेन में ड्राइव न करें तथा लेन बदलते समय पीछे से आने वाले वाहन का ध्यान रखें। सड़क सुरक्षा प्रतिज्ञा की शपथ हर इंसान को लेनी चाहिए ताकि सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# कंगना ने ली अधिकारियों की क्लास

## दिशा समिति की बैठक में बोलीं सांसद, तैयारी के साथ आया करें

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



दिशा की बैठक की अध्यक्षता करती सांसद कंगना रणौत।

**मंडी।** सांसद कंगना रणौत ने दिशा की बैठक में अधिकारियों की क्लास लेते हुए कहा बैठक में तैयारी करके आया करें। सांसद कंगना ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में विधायक अनिल शर्मा, राकेश जंबाल, इंद्र सिंह गांधी और दिलीप ठाकुर के अलावा उपायुक्त अपूर्व देवगन, समिति सदस्य, जिला स्तरीय अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में केंद्र सरकार की विकास योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा हुई। सांसद कंगना ने कहा कि दिशा समिति का उद्देश्य विकास कार्यों की गति और गुणवत्ता दोनों में सुधार लाना है, ताकि जनता को अधिकतम लाभ मिल सके। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे पिछली बैठकों में लिए गए निर्णयों को प्राथमिकता से लागू करें और योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें। एनएचएआई की ओर से मंडी जिले में चल रही राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। कंगना ने सड़क निर्माण में गुणवत्ता, सुरक्षा और पारदर्शिता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने मंडी–पठानकोट फोरलेन, नेरचौक–पंडोह टनल, पंडोह बाईपास भूमि अधिग्रहण और टकोली फोरलेन सुदृढ़ीकरण कार्यों को तेजी से पूरा करने के आदेश दिए। सांसद ने ब्यास और सहायक नदियों में मलबे से उत्पन्न खतरे पर चिंता जताई और नदियों को उनके मूल स्वरूप में लाने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने को कहा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को नशा निवारण पर जनजागरण फिल्म, नगर निगम को स्वच्छता पर एड फिल्म और शिक्षा विभाग को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुधार योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने एमपीएलएडी के तहत लंबित कार्यों को शीघ्र शुरू करने और उदासीन पंचायतों पर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। विभागों ने बताया कि पीएमजीएसवाई, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, और मनरेगा योजनाओं के तहत जिले में कार्य सुचारू रूप से प्रगति पर हैं। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है और सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें।

### एसआईआर पर कांग्रेसियों को दर्द क्यों

**सांसद** कंगना रणौत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबके हित की बात करते हैं। मंडी में पत्रकारों से बात करते हुए कंगना ने कहा कि प्रधानमंत्री पर्यावरण संरक्षण, लोकल फॉर वोकल के तहत होम मेड उत्पाद अपनाने, खादी के कपड़े पहनना सबके हित की बात है। सरदार पटेल के नाम पर एकता यात्रा वह अपने संसदीय क्षेत्र में निकालने जा रही है। कंगना ने कहा कि कांग्रेस करीब 13 बार एसआईआर करवाया था और जब भाजपा करवा रही है तो कांग्रेस को दर्द क्यों हो रहा है।

## जोगिंद्रनगर में आपदा प्रभावित परिवारों को बांटे 200 कंबल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह प्रांगण में लायंस क्लब धर्मशाला 321–डी द्वारा राहत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें हाल ही में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित 200 परिवारों को कंबल वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में कुडुनी, गुम्मा, टिकरू, कोटला, लांगना और चौंतड़ा क्षेत्रों के परिवार शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर और तहसीलदार डॉ. मुकुल अनिल शर्मा उपस्थित रहे। क्लब के प्रधान मोहिंद्र सिंह धीमान ने बताया कि संस्था समाजसेवा के कार्यों में अग्रणी है और पूर्व में तीसा क्षेत्र में भी राहत सामग्री वितरित कर चुकी है। क्लब धर्मशाला में निशुल्क कंप्यूटर, सिलाई–कढ़ाई व ब्यूटीशियन कोर्स चलाकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रहा है। जीवन ठाकुर ने क्लब की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी संस्थाएं समाज में सहयोग और मानवीयता की मिसाल पेश करती हैं।

# सराज–2 के 23 में से 20 सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में नहीं प्रधानाचार्य

## कई स्कूलों में शिक्षकों के पद भी खाली, बच्चों के बैठने के लिए डेस्क नहीं

**नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान**

बालीचौकी। मंडी जिले के दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में प्रदेश सरकार के विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा देने की व्यवस्था दम तोड़ती नजर आ रही है। इसका सीधा असर हजारों विद्यार्थियों के भविष्य पर पड़ रहा है, लेकिन प्रदेश सरकार और शिक्षा विभाग अपनी धुन में मस्त है, जबकि विद्यार्थी अपनी समस्याओं के अंबार से जूझ रहे हैं।

शिक्षा खंड सराज–2 बालीचौकी के 23 में से 20 सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में प्रधानाचार्य ही नहीं है। यह सिलसिला पिछले कई सालों से जारी है। इसकी तरफ सरकार और शिक्षा विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। प्रधानाचार्यों के खाली पद रहने से स्कूल के कामकाज भी ठप हो गए हैं, जिससे शिक्षकों पर भी कामकाज का अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। हालांकि, इस संबंध में शिक्षकों और अभिभावकों ने प्रदेश सरकार और शिक्षा विभाग को अवगत करवाया है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं, जो विभाग की उदासीनता पर भी सवाल खड़े कर रहे हैं। स्थानीय कांग्रेस नेता भी रिक्त पदों की पूर्ति के लिए शिक्षा विभाग को अवगत करवा चुके हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के कई स्कूलों में वर्षों से शिक्षकों के पद रिक्त हैं और डेस्क व टॉयलेट जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। समाजसेवी बलदेव ठाकुर ने कहा कि सरकार को इन स्कूलों की स्थिति सुधारने पर ध्यान देना चाहिए। सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोमनाचन के बच्चों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### सरकार और नेताओं को धरातल पर काम करने की जरूरत : मुकेश मैडी

सराज मंडल अध्यक्ष बालीचौकी के अध्यक्ष मुकेश मैडी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में रिक्त पड़े प्रधानाचार्य के पदों को भरने के लिए प्रदेश सरकार और स्थानीय कांग्रेस नेताओं को धरातल पर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश स्कूलों के विद्यार्थियों का भविष्य अंधेरे की ओर जाता दिखाई दे रहा है, लेकिन सरकार खाली पदों को भरने में विफल रही है।

### मामला ध्यान में, शिक्षा विभाग के सचिव को करवाया है अवगत : विजय पाल

**कांग्रेस** नेता विजय पाल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में प्रधानाचार्य के रिक्त पदों का मामला ध्यान में है। शिक्षा विभाग के सचिव को अवगत करवाया गया है। जल्द प्रधानाचार्य की नियुक्ति की जाएगी। वहीं, शिक्षकों के पदोन्नति की लिस्ट भी कुछ दिनों में आएगी। इसके बाद उनकी नियुक्ति खाली पड़े स्कूलों में की जाएगी।

> शिक्षा खंड सराज-2 के स्कूलों में प्रधानाचार्यों के रिक्त पदों का मामला ध्यान में है। इस बारे में प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर कर अवगत करवाया गया है। जल्द खाली पड़े स्कूलों में रिक्त पदों को भरने की उम्मीद है। शिक्षा विभाग ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा मुहैया करवाने के लिए प्रयासरत है।
>
> **-यशवीर धीमान, उपनिदेशक उच्च शिक्षा विभाग मंडी।**

## ठेकेदारों के करोड़ों फंसे, अब कोर्ट से राहत की उम्मीद : प्रो. अनुपमा



प्रेसवार्ता कर सूर्या कंपनी के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** एनएच–003 परियोजना से जुड़े ठेकेदारों को लंबे समय से बकाया भुगतान न मिलने से नाराजगी बढ़ती जा रही है। एक वर्ष से अधिक समय से भुगतान न होने पर मंडी में ठेकेदारों ने प्रेसवार्ता कर सूर्या कंपनी के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए। ठेकेदारों ने बताया कि करोड़ों रुपए का भुगतान अब तक नहीं हुआ। इस देरी से कई ठेकेदार आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं और परियोजना कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।

एनएच–003 कंट्रेक्टर यूनियन मंडी की अध्यक्ष एवं समाजसेविका प्रो. अनुपमा सिंह ने कहा कि ठेकेदारों ने अपने बकाया भुगतान, निर्माण कार्य की पारदर्शिता और परियोजना में लगातार हो रही देरी जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की है। यूनियन पहले भी निर्माण कार्यप्रणाली में अनियमितताओं को लेकर न्यायालय में याचिका दायर कर चुकी है और अब इस नए मामले को लेकर भी न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की तैयारी है। ठेकेदारों ने आरोप लगाया कि कंपनी बार–बार झूठे आश्वासन दे रही है और बकाया राशि चुकाने में टालमटोल कर रही है। यदि शीघ्र भुगतान नहीं किया गया तो वे सामूहिक रूप से कानूनी कार्रवाई शुरू करेंगे। ठेकेदारों ने उम्मीद जताई कि न्यायालय से उन्हें उचित न्याय मिलेगा और वर्षों से लंबित उनका मेहनताना जल्द मिलेगा।

## जोगिंद्रनगर–सरकाघाट मार्ग पर गड्ढों से हादसों का खतरा

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर–सरकाघाट सड़क की हालत लगातार बिगड़ती जा रही है। भारी बरसात के कारण सड़क जगह–जगह से उखड़ चुकी है और अब गहरे गड्ढों में तब्दील हो गई है। यह मार्ग न केवल स्थानीय लोगों बल्कि स्कूल बसों, टैक्सियों और लंबी दूरी की बसों के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है। बरसात खत्म होने के बावजूद सड़क की मरम्मत न होने से वाहन चालकों और यात्रियों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क के गहरे गड्ढे खासकर सुबह और शाम के समय हादसों को न्योता दे रहे हैं। दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह गड्ढे जानलेवा साबित हो सकते हैं। जोगिंद्रनगर एनएससी मार्केट के पास भी सड़क पर बने बड़े गड्ढों के कारण दुकानदारों और ग्राहकों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। पानी और कीचड़ से भरे गड्ढे आने–जाने में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। दुकानदारों ने लोक निर्माण विभाग से सड़क को शीघ्र दुरुस्त करने की मांग की है। विभाग के अधिशाषी अभियंता जेपी नायक ने बताया कि समस्या की जानकारी मिल चुकी है और मौसम अनुकूल होते ही मरम्मत कार्य शुरू किया जाएगा।

# प्रदेश सरकार को जनता के दुख दर्द सुनने में कोई रुचि नहीं : जयराम


जयराम ने शहीद ढमेश्वर दत्त के परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**पूर्व** मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में जनता की सुनवाई अब कहीं नहीं हो रही। उन्होंने कहा कि सरकार अपने ही शुरू किए कार्यक्रम भूल चुकी है, जिससे न जनता की समस्याएं सुनी जा रही हैं, न अधिकारी गांवों तक पहुंच रहे हैं। जयराम ने कहा कि भाजपा शासनकाल में शुरू किया गया जनमंच कार्यक्रम जनता के बीच सबसे लोकप्रिय मंच था, जहां लोग खुलकर अपनी समस्याएं रख सकते थे। लेकिन वर्तमान सरकार ने इसे बंद कर दिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर आरोप लगाया कि वे जनता से दूरी बनाए हुए हैं और जब मन करता है, तब औपचारिक कार्यक्रम कर लौट जाते हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा विधायकों के क्षेत्रों में विकास कार्यों को जानबूझकर रोका जा रहा है और अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इन क्षेत्रों में बिना अनुमति कोई काम न करें। उन्होंने ठेकेदारों के प्रति भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने का भी आरोप लगाया और कहा कि केवल चहेते ठेकेदारों को ही भुगतान किया जा रहा है। इस अवसर पर जयराम ने शहीद ढमेश्वर दत्त के परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की और कहा कि देश उनके बलिदान को हमेशा याद रखेगा।

## क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण मंडी की बैठक अब 11 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण मंडी की बैठक जो 28 अक्तूबर को प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दी गई थी, अब 11 नवंबर को दोपहर 12 बजे आयोजित की जाएगी।

यह बैठक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंडी के कार्यालय में संपन्न होगी। यह जानकारी देते हुए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंडी नवीन कुार ने सभी वाहन स्वामियों और संबंधित आवेदकों को सूचित करते हुए कहा कि जिनके आवेदन पर प्राधिकरण द्वारा विचार या निर्णय लिया जाना है, वे अपने आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित 6 नवंबर 2025 ो शाम 5 बजे तक इस कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

## भाजपा किसान मोर्चा स्नोर मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बरोट।** भाजपा किसान मोर्चा स्नोर मंडल अध्यक्ष कौल सिंह ठाकुर ने विधानसभा क्षेत्र द्रंग के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर, भाजपा स्नोर मंडल अध्यक्ष मेहर चंद भारती और भाजपा किसान मोर्चा जिला मंडी अध्यक्ष दलीप कुमार बिष्ट से विचार–विमर्श करने के उपरांत मंडल पदाधिकारियों एवं मंडल कार्यसमिति सदस्यों की नियुक्ति की घोषणा की। नई कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए उन्होंने सोहन भंडारी (पाली), देवी सिंह (नागधार), हेतराम (रोपा–चैहटीगढ़), महेंद्र पाल (मासड़) और डूमणी राम शर्मा (भटवाड़ी) को उपाध्यक्ष, शंकर दास (टकोली) और गोपाल कृष्ण (सोनु नाऊ) को महामंत्री, दलीप सिंह (राहला) को कोषाध्यक्ष, राज कुमार (नागधार), दुगला राम (कथयारी), भगत राम (टेपर), किशन चंद (मुथल) और गिरधारी लाल (टिक्कर) को सचिव, विजय कुमार (जोरी) को कार्यालय सचिव, गोपाल सिंह (देयोरी) को मंडल प्रवक्ता, नीरत राम (राहला) को मीडिया प्रभारी, हेमराज (घ्राण) को सोशल मीडिया संयोजक और मेहर सिंह (टेपर) को मंडल आईटी संयोजक नियुक्त किया। कमला नंद (राहला), खुशी राम व भोले राम (रोपा–चैहटीगढ़), गुलाब सिंह (सुमा), सूरजमणी व संजय कुमार (मासड़), हरदेव (बिहणधार), वीर सिंह (स्वाखरी), यादव सिंह व सोहन लाल (कोट खमधारा) और महेन्द्र लाल शर्मा (खांधली) को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

## हरी कृष्ण को फिर सौंपी प्रदेश भाजपा सोशल मीडिया कार्यकारिणी में जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** हरी कृष्ण (हैरी राजपूत) को दूसरी बार प्रदेश भाजपा सोशल मीडिया विभाग की प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।



राजपूत ने कहा कि यह उनके लिए गर्व और उत्तरदायित्व का क्षण है। उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद कुमार, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल, सोशल मीडिया प्रभारी चेतन बरागटा, संयोजक सुशील राठौर और प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा का आभार व्यक्त किया। हैरी राजपूत ने कहा कि सोशल मीडिया आज की राजनीति का सबसे सशक्त माध्यम है और इसके जरिए वे युवाओं तक भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को पहुंचाने का निरंतर प्रयास करेंगे।

# करसोग के अनाथ बच्चों को घर बनाने के लिए प्रदान की तीन–तीन बिस्वा जमीन

## चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का जताया आभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**प्रदेश** सरकार अब उन बच्चों के लिए ममता की नई मिसाल बन गई है, जो बचपन में ही अपने माता–पिता के साये से महरूम हो चुके हैं। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सुख–आश्रय योजना का प्रभावी कार्यान्वयन इन बच्चों के सपनों को साकार कर रहा है।

इसके तहत 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' को न केवल शिक्षा, आवास और जीवन–यापन की सुविधाएं प्रदान की गई हैं, बल्कि अब उन्हें अपना घर बनाने के लिए सहायता राशि सहित जमीन भी उपलब्ध करवाई जा रही है। योजना के तहत जमीन उपलब्ध करवाने की इस पहल का लाभ मंडी जिले के करसोग के पात्र व्यक्तियों को भी मिला है। करसोग के दो चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट, सोहन लाल और शेरू राम, निवासी गांव सोपा, तहसील करसोग, इस योजना के पहले लाभार्थी बने हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू ने हाल ही के अपने करसोग दौरे के दौरान दोनों लाभार्थियों को तीन–तीन बिस्वा जमीन आवंटित कर उनके अपना घर बनाने के सपने को साकार किया है। जमीन मिलने के उपरांत अब यह दोनों लाभार्थी खुद का घर बना सकेंगे। राज्य सरकार द्वारा चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट को अपना घर बनाने के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान की जा रही है। योजना के लाभार्थी शेरू राम, निवासी गांव सोपा, तहसील करसोग, का कहना है कि उनके पास घर बनाने के लिए भूमि नहीं थी। राज्य सरकार व मुख्यमंत्री सुक्खू ने घर बनाने के लिए मुख्यमंत्री सुख–आश्रय योजना के तहत तीन बिस्वा जमीन प्रदान की है। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री का हमेशा आभारी रहूंगा, जिन्होंने हम जैसे अनाथ बच्चों के लिए यह योजना बनाई है। जमीन मिलने से अब मैं, अपना घर बना सकूंगा। राज्य सरकार का यह कदम उन बच्चों के लिए आशा की नई किरण लेकर आया है, जो अपने भविष्य को लेकर असमंजस में थे। अब वे अपने पैरों पर खड़े होकर आत्मनिर्भर बनने की राह पर आगे बढ़े हैं। सुख–आश्रय योजना के तहत प्रदेशभर में अनाथ बच्चों को पढ़ाई, स्वास्थ्य, भोजन, कपड़े, पॉकेट मनी और ब्याह–शादी के लिए वित्तीय मदद जैसी सुविधाएं पहले से ही मिल रही हैं। अब जमीन आवंटन की यह पहल इस योजना को एक मानवीय और स्थायी स्वरूप प्रदान कर रही है। लाभार्थियों का कहना है कि यह कदम मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच और संवेदनशील शासन शैली का प्रमाण है। मुख्यमंत्री की संवेदनशील सोच का ही परिणाम है कि राज्य सरकार इन बच्चों की माता–पिता की तरह जिम्मेदारी निभा रही है। राज्य सरकार असहाय व अनाथ बच्चों के लिए वास्तव में 'मां–बाप' की भूमिका निभा रही है और हर अनाथ बच्चे के जीवन में एक सुरक्षित आशियाने का सपना साकार कर रही है।

## सुंदरनगर में महिला से मारपीट, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी सुंदरनगर में सुमित्रा पत्नी सौणू राम निवासी तहसील सुंदरनगर ने शिकायत दर्ज करवाई है कि नीतू पत्नी बृज लाल ने उसका रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि घटना की जांच जारी है और दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है

### महिला ने लगाया गाली–गलौज और मारपीट करने का आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पुलिस थाना सदर मंडी में पूजा पत्नी राज कुमार निवासी तहसील धर्मपुर जिला मंडी ने शिकायत दर्ज करवाई है कि 28 अक्तूबर को वह अपने परिवार के साथ मढ़ी शादी से घर लौट रही थी। रास्ते में उसके देवर अनिल कुमार, उसकी माता गीता देवी, रोशन लाल, प्रवीण कुमार और शारदा देवी ने उसके साथ गाली–गलौच की और मारपीट की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर उक्त सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# म्यांमार में अभी भी जोगिंद्रनगर भजराड़ू के आकाश सहित 500 भारतीय फंसे

## अधिवक्ता रजनीश भारती ने केंद्र सरकार से की तत्काल हस्तक्षेप की मांग

**अनुज बर्धन, अनंत ज्ञान**

**चौंतड़ा।** हिमाचल प्रदेश के अधिवक्ता रजनीश भारती ने कहा कि म्यांमार में अभी भी कई भारतीय युवक बिना भोजन और चिकित्सा सहायता के फंसे हुए हैं। भारत सरकार को इन सभी भारतीयों की सुरक्षित घर वापसी के लिए विशेष राजनयिक कदम उठाने चाहिए।

उल्लेखनीय है कि आकाश, जो जिला मंडी, जोगिंद्रनगर भराड़ू का निवासी है, उसको थाईलैंड के माध्यम से म्यांमार ले जाकर अवैध रूप से बंधक बना लिया गया था। दिल्ली के किसी अनजान एजेंट ने डाटा ऑपरेटर की जॉब का झांसा देकर सभी भारतीय को थाईलैंड ले जाया गया, फिर उन्हें अवैध रूप से नाकाबपोशों ने गाड़ी में बिठाकर बहुत ही तेज रफ्तारी से उन्हें कहीं अन्यत्र जगह पर ले जाया गया, उसके पश्चात फिर उन्हें मोटरसाइकिल में ले जाया गया, तकरीबन सात से आठ घंटों के सफर के पश्चात उन्हें किसी अंजन जगह पर पहुंचाया गया, जहां उन्हें इक बिल्डिंग में बंधी बनाकर जबरन साइबर अपराध करने पर मजबूर किया गया और जब कोई अपराध करने को इनकार कारता था तो उन्हें मारा पीटा और बिजली के करंट लगाए जाते थे। यहां तक कई दर्जन बंधियों ने कभी ने छूटने की कोई आस न होने की वजह से आत्महत्या तक कर ली। 23 अक्तूबर, 2025 आर्मी की कार्रवाई ने सभी बंधकों को रिहा करवाया गया, अब सेना ने उसे और अन्य भारतीयों को बचा लिया है, फिर भी वे असुरक्षित परिस्थिति में म्यांमार के क्षेत्र में 500 भारतीय अब भी फंसे हुए हैं। उन्होंने इस पूरे मामले पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री मोदी और विदेश मंत्रालय से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक व्यक्ति आकाश का मामला नहीं, बल्कि सैकड़ों भारतीयों की जान का सवाल है। वहीं, भारतीय परिवारों का कहना है कि उन्होंने पिछले कई सप्ताहों से विदेश मंत्रालय को लगातार जानकारी दी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। अधिवक्ता रजनीश भारती ने कहा कि यह स्थिति अब एक अंतरराष्ट्रीय मानवीय संकट का रूप ले चुकी है और यदि तत्काल राजनयिक हस्तक्षेप नहीं हुआ तो कई भारतीयों की जान खतरे में पड़ सकती है।


रजनीश भारती
अधिवक्ता जोगिंद्रनगर

### बाल स्कूल मंडी में जिलास्तरीय कला उत्सव एवं रंगोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन

# एकल संगीत में सागर सुंदरनगर–1 विजेता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**


विजेता प्रतिभागियों के साथ मुख्यातिथि व गणमान्य सामूहिक चित्र में।

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) मंडी में समग्र शिक्षा एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंडी की ओर से जिलास्तरीय कला उत्सव एवं रंगोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा उपनिदेशक (उच्च) यशवीर धीमान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उपनिदेशक गुणवत्ता नियंत्रक मीना ठाकुर ने मुख्य अतिथि को शॉल और टोपी पहनाकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में जिले के 105 प्रतिभागियों ने कला उत्सव में और 45 प्रतिभागियों ने रंगोत्सव में भाग लिया। यह जानकारी जिला कला उत्सव समन्वयक सोनिका ने दी।

**भुवनेश्वर सदर-1 ने लोकनृत्य में बाजी मारी**

कला उत्सव एवं रंगोत्सव में एकल संगीत गायन (शास्त्रीय), संगीत गायन समूह, संगीत वादन एकल, संगीत वादन एकल ताल वाद्य, संगीत वादन समूह, एकल नृत्य शास्त्रीय, नृत्य समूह, नाटक समूह, दृश्य कला एकल द्वि–आयामी, दृश्य कला एकल त्रि–आयामी, दृश्य कला समूह और पारंपरिक कहानी वाचन (समूह) जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में पारुल कपूर, प्रवीन रावत, विक्रम ठाकुर, अनिल महंत, भारती बहल, राकेश कुमार, दिनेश गुप्ता, सुरेंद्र भारद्वाज, लतेश, चेतन कपूर, गौरव शर्मा, कृष्णा ठाकुर, वीरेंद्र पाल, देवदत्त और दीपक गौतम शामिल रहे। मुख्य अतिथि यशवीर धीमान ने प्रतिभागियों को कला उत्सव और रंगोत्सव की विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि जो प्रतिभागी इस बार कोई स्थान प्राप्त नहीं कर सके हैं, उन्हें अगले वर्ष और मेहनत के साथ तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उन्होंने राज्य स्तर पर मंडी जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दीं। इस प्रतियोगिता में सागर सुंदरनगर–1 ने एकल संगीत में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि रंगोत्सव में भुवनेश्वर सदर–1 की टीम ने लोक नृत्य में बाजी मारी। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों और शिक्षकों ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की कामना की

## राजीव गांधी कॉलेज में 'परलैंगिक समावेश' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी 4 को

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में 4 नवंबर को 'हाशियों से मुख्य धारा की ओर: परलैंगिक समावेश की सामाजिक धारा' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। संगोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग तथा पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के समाजशास्त्र विभाग के अनुसंधान एवं विकास सेल के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर निशा वैद्य ने बताया कि कार्यक्रम में प्रोफेसर सुनीता सिंह, संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा विभाग मुख्य अतिथि होंगी। विशेष अतिथि के रूप में डॉ. विनोद कुमार, अध्यक्ष, समाजशास्त्र विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़, मैक्स धनंजय चौहान, सदस्य, परलैंगिक कल्याण बोर्ड एवं अध्यक्ष, सक्षम प्रकृति कल्याण समिति, चंडीगढ़, मैक्स काजल मंगलमुखी, निदेशक, मंगलमुखी मंडल तथा रुद्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ स्केल कार्यकारी, शिंडलर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड उपस्थित रहेंगे। संगोष्ठी की आयोजन सचिव प्रोफेसर कौमुदी शर्मा, अध्यक्ष, समाजशास्त्र विभाग, राजकीय महाविद्यालय जोगिंद्रनगर हैं। उन्होंने बताया कि सेमिनार का मुख्य उद्देश्य समानता, शोषण मुक्त समाज की स्थापना और मानवीय मूल्यों के विस्तार की दिशा में युवा पीढ़ी को प्रेरित करना है।

# महादेव–घुगनू मार्ग की हालत सुधरी


महादेव से घुगनू मार्ग पर पाइपें डाली गईं।

**भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान**

**महादेव।** महादेव से घुगनू मार्ग की लंबे इंतजार के बाद हालत सुधर गई है। वर्ष 2023 में भयंकर बारिश ने इस स्थान को पानी से भरकर स्थानीय परिवारों का बहुत नुकसान किया था, बल्कि कृष्ण महादेविया की लाइब्रेरी की पत्र पत्रिकाएं, पुस्तकें नष्ट हो गई थी। खंड विकास कार्यालय से काफी पत्र व्यवहार करने के उपरांत भी कुछ नहीं हुआ तो ग्राम पंचायत महादेव के प्रधान नीलकमल से उक्त द्वारा निवेदन किया गया और देखते ही देखते इस मार्ग का प्रधान द्वारा कायाकल्प करने की ओर प्रयास शुरू हो गए। इस मार्ग पर अनेकों बच्चे पाठशाला जाते हैं। बरसात में नालियों से बहता पानी फसल को नुकसान पहुंचाता है। इस मार्ग पर बड़े पाइप डालने से अब समस्या का हल निकलता दिख रहा है। लोगों ने प्रधान ग्राम पंचायत महादेव नीलकमल से अनुरोध किया है की मंदिर महादेव से लेकर तालाब तक पुरानी जन्म जोगी कूलह की सुचारू बहाली के साथ इसकी चौड़ाई और सफाई व्यवस्था की ओर विशेष ध्यान दिया जाए। नीलकमल ने आश्वासन दिया कि पूरा सहयाग किया जाएगा।

## चौक स्कूल में एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट। राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चौक में समाजसेवी प्रेम लाल ने बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ गया। प्रधानाचार्य सुरेश कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान नरपत राम, कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार व सरोज बाला, वरिष्ठ प्रवक्ता धर्म सिंह, तथा शिक्षक मुकेश कुमार और सुरेंद्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि प्रेम लाल ने स्वयंसेवियों को अनुशासन, सेवा के प्रति समर्पण, नशे से दूर रहने की आवश्यकता, व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व कौशल, लोकतांत्रिक दृष्टिकोण और टीम वर्क के महत्व पर प्रेरक विचार साझा किए। प्रधानाचार्य सुरेश कुमार तथा एसएमसी प्रधान नरपत राम ने भी स्वयंसेवियों को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। शिविर के दौरान विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक और स्वच्छता से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षण संस्थानों से दूर रहे जातिगत अत्याचार

**अनंत ज्ञान, ऊना।** महर्षि वाल्मीकि गुरु रविदास यूथ एकता महासभा बंगाणा ब्लॉक अध्यक्ष नवदीप महे ने बुधवार को जारी ब्यान में कहा कि हिमाचल प्रदेश में जात-आधारित भेदभाव और जातिगत अत्याचारों की घटनाएं चर्चा में हैं। धीरे धीरे यह स्कूल व सभी शिक्षा संस्थानों तक पहुंच चुका है जो कि बहुत चिंताजनक बात है। सरकार को सभी शिक्षा संस्थानों को यह नोटिस निकालना होगा कि यदि ऐसा कही भी शिक्षा संस्थानों में होता है तो उस पर उचित करवाई की जाए। यदि ऐसा ही होता रहा तो नई युवा पीढ़ी को बहुत नुकसान होगा, हमें आपसे भाईचारा बनाकर रखना होगा तभी हम विद्यार्थियों के लिए अच्छा भविष्य चुन सकते है। सरकार को उचित कदम उठाना चाहिए, हिमाचल का ऐसे माहौल खराब होने का खतरा है, दिन प्रतिदिन कोई न कोई वीडियो सोशल मीडिया पर आ रही है जो जातिवाद को बढ़ावा दे रही हैं। ऐसे में लोगों का ओर भी हौसला बढ़ रहा है। हिमाचल प्रदेश जैसे शांतिपूर्ण राज्य में इस तरह की घटनाएं निंदनीय हैं और इन्हें रोकने के लिए सरकार और समाज को मिलकर प्रयास करना चाहिए। यदि शिक्षा संस्थानों में प्रदेश सरकार द्वारा सभी संस्थानों में जातिवाद को रोकने के लिए निर्देश नहीं दिए गए ब ओर दुर्घटना सामने आती है तो हम एक उग्र आंदोलन करेंगे जिसकी जिम्मेवार सरकार होगी।।

### सीताराम चिंतपूर्णी मंदिर में महाशिवपुराण कथा शुरू

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** गोंदपुर बनेहड़ा स्कूल के समीप शिव पार्वती राधे कृष्णा सीताराम चिंतपूर्णी मंदिर परिसर में महा शिव पुराण की कथा शुरू हो गई है। इस उपलक्ष्य पर शोभायात्रा भी निकल गई। आज पहले दिन काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाशिवपुराण की कथा का श्रवण किया। स्थानीय लोगों के सहयोग से इस भव्य मंदिर परिसर का निर्माण हुआ था और आज सभी के सहयोग से महाशिवपुराण की कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक महेश कृष्ण शास्त्री ने श्रीमद भागवत कथा पुराण में बताया कि इस कथा के श्रवण से सब कर्म की प्रेरणा मिलती है और बुरे कर्म नष्ट होते हैं। उन्होंने कथा में मार्कंडेय ऋषि की भक्ति से प्रसन्न होकर भोलेनाथ द्वारा उनको लंबी आयु का वरदान दिया था और अपनी भक्ति का ज्ञान दिया था आदि अन्य विषयों के बारे में व्याख्यान किया मंदिर परिसर में पूरा माहौल भक्तमय में हो गया था और ओम नमः शिवाय की जय कारो से गूंज रहा था।

### स्वयंसेवियों ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान दौलतपुर चौक।** नंगल जरियालां में चल रहे सात दिवसीय विशेष कैंप के पांचवें दिन स्वयंसेवियों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए एक रैली का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यातिथि के रूप में प्रधानाचार्य विजय ठाकुर मौजूद रहे। रैली का आयोजन स्थानीय विद्यालय से वार्ड नंबर एक और दो में किया गया। इसी क्रम में वार्ड छह में मुख्य सड़क के इर्द गिर्द झाड़ियों को काट कर राहगीरों के लिए व्यवस्थित किया। बौद्धिक सत्र में कैप्टन कृष्ण सिंह जरियाल रहे, जिन्होंने स्वयंसेवियों को अपने जीवन में अपना निश्चित लक्ष्य निर्धारित कर उसे पास करना चाहिए। एनएसएस से समाज सेवा का मौका मिला है, तो जिंदगी में अपने स्वभाव में आचरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मोबाइल के नशे से दूर रहना चाहिए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुशील जरियाल स्वयंसेवियों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पोस्टर मेकिंग कंपटीशन का भी आयोजन किया गया।

### राज कुमार ने स्वयंसेवियों को दी कानूनी जानकारी

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोंदपुर बनेहड़ा में स्थानीय पंचायत की सदस्य एवं एडवोकेट राज कुमारी शर्मा ने बतौर रिसोर्स पर्सन शिरकत की, उन्होंने कहा कि एनएसएस जैसी संस्था से जुड़कर नेतृत्व का विकास होता है और समाज सेवा एवं सहयोग की भावना विकसित होती है। एडवोकेट ने कहा बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ ऐसी संस्थाओं के साथ भी जुड़ना चाहिए, ताकि उनके व्यक्तित्व का विकास हो सके उन्होंने एनएसएस के स्वयंसेवियों को विभिन्न कानूनी पहलुओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने स्वयंसेवियों को सुरक्षित रहने के टिप्स बताए और उनके साथ कोई भी घटना घटित हो तो उसकी जानकारी अपने माता-पिता शिक्षकों को देने के लिए भी प्रेरित किया इसके अलावा व्हीकल हेलमेट डालकर चलने नशे से दूर रहने एवं असहाय व्यक्तियों की सहायता करने के बारे में भी जागरूक किया।

### स्वयंसेवियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोंदपुर बनेहड़ा में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दौरान स्वयंसेवियों ने स्वच्छता अभियान चलाया और सुबह प्रभात फेरी भी निकाली। यह जानकारी स्कूल के प्रिंसिपल ओम राज एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी गुरमेल सिंह व महिला कार्यक्रम अधिकारी प्रभजोत ने दी। उन्होंने बताया कि स्वयंसेवियों ने फूलों की क्यारियों की भी सफाई की उन्होंने बताया भोजन की व्यवस्था शिविर के दौरान की गई है और रोजाना रिसोर्स पर्सन के माध्यम से उनको नई-नई जानकारी उपलब्ध करवाई जाती हैं, ताकि उनका व्यक्तित्व का विकास हो सके।

### लोक गायन में हासिल किया तृतीय स्थान

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** माउंट कार्मल विद्यालय ऊना में आयोजित जिला स्तरीय कला उत्सव में उपमंडल अंब के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टकारला के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सबका दिल जीत लिया। विद्यालय के प्रतिभाशाली अंबिका धीमान और कार्तिक कौण्डल ने 'रूल्ह दी कुल्ह' लोकगीत प्रस्तुत कर मंच पर ऐसा समां बांधा कि पूरा सभागार तालियों की गूंज से गूंज उठा। उनकी सुरमयी प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और निर्णायकों ने उन्हें जिला स्तर पर तृतीय स्थान प्रदान किया। इस उपलब्धि पर जिला उप निदेशक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार तक्खी ने विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार बख्शी, मार्गदर्शन प्रभारी अध्यापक मनीष कुमार, शिक्षिका नीलम कुमारी, समस्त विद्यालय स्टाफ तथा विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### एनएसएस शिविर ने युवाओं में जागरूकता बढ़ाई

**अनंत ज्ञान, लठियानी।** श्री पीएम मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, धुंधला में एनएसएस का सात दिवसीय शिविर आयोजित किया गया, जिसमें युवाओं में सामाजिक जागरूकता, नेतृत्व और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया गया। शिविर में सुरेंद्र कुमार (कद्दू) ने पत्तों से पत्तले बनाने की कला सिखाई। स्वयंसेवकों ने व्यावहारिक कौशल सीखकर स्वरोजगार के लिए प्रेरणा पाई। प्रधानाचार्य किशोरी लाल ने विद्यार्थियों और शिक्षकों की प्रशंसा की। सभी शिक्षक, स्वयंसेवी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### राज्यस्तरीय अंडर-19 खेल प्रतियोगिता का ब्वॉयज स्कूल ऊना में भव्य समापन

# वॉलीबाल और हैंडबॉल में बिलासपुर हॉकी में सोलन बना स्टेट चैंपियन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

राज्य स्तरीय अंडर-19 खेल प्रतियोगिता का बॉयज स्कूल ऊना में शानदार समापन हुआ। समापन समारोह में कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

कार्यक्रम में पहुंचने पर स्कूल प्रिंसिपल सुरेंद्र कौशल स्थानीय जनता व प्रशासन, खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं ग्रामीणों ने विधायक का फूलमालाओं और जोरदार नारों से स्वागत किया। स्कूल प्रिंसिपल सुरेन्द्र कौशल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश की 12 जिला स्तरीय टीमों के साथ-साथ छह हॉस्टल टीमों के कुल 526 खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में भाग लेकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों में गजब का उत्साह और जोश देखने को मिला। तीन दिनों तक चले मुकाबलों में रोमांचक दृश्य देखने को मिले, जहां युवाओं ने खेल भावना और अनुशासन का शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया। वॉलीबॉल और हैंडबॉल में बिलासपुर जिला की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब


विजेता टीम के साथ विधायक विवेक शर्मा।

अपने नाम किया, जबकि हॉकी में सोलन जिला की टीम ने बेहतरीन तालमेल और कौशल का परिचय देते हुए स्टेट चैम्पियनशिप जीती। विजेता टीमों को ट्रॉफी, पदक और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।मुख्या तिथि विवेक शर्मा ने विजेता टीमों को सम्मानित करने के बाद खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि युवाओं के व्यक्तित्व विकास और अनुशासन निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में खेलों को नई दिशा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं, ताकि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर सकें।

उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से युवा नशे से दूर रहकर जीवन में अनुशासन और सकारात्मकता लाते हैं। सरकार युवाओं को नशे से बचाने के लिए खेलों को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित कर रही है और करोड़ों रुपये खर्च करके खेल अधोसंरचना का विस्तार किया जा रहा है। विवेक शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि हर गांव, हर पंचायत में खेल संस्कृति विकसित हो, ताकि आने वाली पीढ़ी स्वस्थ और सशक्त बन सके। उन्होंने आयोजकों और शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को प्रेरणा देने का कार्य करते हैं। विधायक विवेक शर्मा ने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और कहा कि खेल भावना से खेलना ही सबसे बड़ी जीत है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे पढ़ाई के साथ खेलों में भी सक्रिय रूप से भाग लें और अपने जीवन को अनुशासित, स्वस्थ और सफल बनाएं।

## कर्मचारियों और पेंशनरों की उपेक्षा की प्रतीक बनी हिमाचल की कांग्रेस सरकार: विनय शर्मा

**अनंत ज्ञान, ऊना**



जिला भाजपा प्रवक्ता विनय शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार के लगभग तीन वर्ष पूरे होने को हैं, लेकिन प्रदेश के लाखों कर्मचारी और पेंशनर आज भी अपने अधिकारों के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जहां केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने देश के कर्मचारियों और पेंशनरों को राहत देने के लिए 8वें केंद्रीय वेतन आयोग का गठन कर 1 जनवरी 2026 से लागू करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है, वहीं हिमाचल की कांग्रेस सरकार अपने कर्मचारियों को डीए, एरियर और अन्य वित्तीय लाभों से वंचित रखकर केवल घोषणाओं तक सीमित है। विनय शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने से पहले कर्मचारियों को समय पर भुगतान, ओल्ड पेंशन स्कीम का प्रभावी क्रियान्वयन और महंगाई भत्ता देने का वादा किया था, लेकिन हकीकत यह है कि 2023 और 2024 की डीए किश्तें अब तक लंबित हैं। एरियर और भत्तों का भुगतान केवल कागज़ों पर है। पेंशनरों के मेडिकल भत्ते रोके गए हैं और नई भर्तियों में देरी से बेरोजगारी बढ़ रही है। कर्मचारी संगठन बार-बार ज्ञापन दे रहे हैं, लेकिन सरकार उदासीन बनी हुई है। केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विनय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कर्मचारियों के हित में 8वें वेतन आयोग का निर्णय लेकर संवेदनशीलता दिखाई है। केंद्र सरकार नियमित रूप से डीए और डीआर बढ़ाकर कर्मचारियों और पेंशनरों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर रही है।

विनय शर्मा ने आरोप लगाया कि हिमाचल की कांग्रेस सरकार ने राजनीतिक प्रचार में करोड़ों रुपये खर्च किए, लेकिन कर्मचारियों के वेतन और पेंशन के लिए हमेशा खजाना खाली बताया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए, तो भाजपा कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी।

## ऊना-धर्मशाला मार्ग पर बस और कार की भिड़ंत, आपसी समझौते से निपटा मामला

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**



ऊना-धर्मशाला मुख्य मार्ग पर दिलवां के समीप एक बस और कार में टक्कर हो गई। जानकारी के अनुसार, दोनों वाहन एक ही दिशा में ऊना से बड़ूही की ओर जा रहे थे। इसी दौरान ओवरटेक करने के प्रयास में बस और कार की आपसी भिड़ंत हो गई।

हादसे के तुरंत बाद सड़क पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया, लेकिन मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों वाहनों को साइड में लगवाकर जाम खुलवाया। गनीमत यह रही कि इस दुर्घटना में कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद बस चालक और कार चालक के बीच कुछ देर तक कहासुनी भी हुई, मगर बाद में दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से मामला सुलझा लिया। इस कारण किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस क्षेत्र में ओवरटेकिंग के कारण पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर गति सीमा के कड़े पालन और चेतावनी साइन बोर्ड लगाने की व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों पर अंकुश लगाया जा सके। पिछले एक सप्ताह में ऊना-धर्मशाला मार्ग पर आधा दर्जन से अधिक सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें एक व्यक्ति की मौत भी हुई है। लगातार बढ़ती दुर्घटनाओं ने क्षेत्रवासियों और यात्रियों में चिंता का माहौल पैदा कर दिया है।

## 'मेरी लगी श्याम संग प्रीत दुनिया क्या जाने'

**अनंत ज्ञान, हरोली।** हरोली क्षेत्र के गांव दुलैहड़ के गोविंद धाम गोशाला में स्थापित श्री राधे कृष्ण मंदिर में श्री मद्भागवत कथा का आयोजन जारी है। कथा आचार्य तरुण डोगरा आज कथा को विश्राम देंगे। सप्ताह भर चली कथा में कथावाचक ने संगतों को भगवान के नाम का जप करने का उपदेश दिया व कथा व भजन मेरी लगी श्याम संग प्रीत, मुझे चरणों से लगा ले, अपनी शरण में बसा लो आदि सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्री राधे कृष्ण के भजन व जयकारे लगाकर माहौल भक्तिमय बना दिया। गोशाला के सेवादार पंडित किशोरी लाल ने बताया कि समागम में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह में भक्तों ने भगवान का स्मरण करने का संकल्प लिया। भगवान की महिमा का गुणगान मंदिर व गांव क्षेत्र में किया। पंडित किशोरी लाल ने बताया कि 30 तक आचार्य तरुण डोगरा श्रीमद् भागवत साप्ताहिक कथा का गुणगान करेंगे।

## चंवोआ में जांचा 80 लोगों का स्वास्थ्य


सांसद स्वास्थ्य मोबाइल के तहत मरीजों का चेकअप करने के उपरांत पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय वॉलीबाल फेडरेशन संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र व स्वास्थ्य कर्मी।

**अनंत ज्ञान, जोल**

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन में प्रयास संस्था द्वारा संचालित सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की टीम ने अस्पताल हर घर, हर द्वार कार्यक्रम के तहत कुटलैहड विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत डीहर के गांव चंवोआ के शिव मंदिर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया।

इसमें पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय वालीबॉल संघ फेडरेशन के अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने विशेष रूप से शिरकत की। पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने सांसद अनुराग सिंह ठाकुर और प्रयास संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल न केवल स्वास्थ्य जांच तक सीमित है, बल्कि गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी एक प्रभावी माध्यम बन गई है। डॉक्टर आंशु शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में 80 लोगों की जांच की गई और लोगों के लैब के माध्यम से यूरिक एसिड, कैस्ट्रॉल, शुगर आदि के 30 टेस्ट किए गए। मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गईं। इस शिविर में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम की तरफ से डॉक्टर आंशु शर्मा, फार्मासिस्ट रितु राणा, लैब टेक्नीशियन सेजल, पायलट शैखर और कुटलैहड के पूर्व युवा मोर्चा उपाध्यक्ष विजय शर्मा सन्नी, सतीश कुमार, समाजसेवी रिटायर्ड शास्त्री ओंकार दास शर्मा, पंचायत सदस्य संदला देवी, सतपाल शर्मा, हाकम चंद, अशवनी कुमार, सोहनलाल, डॉ. रत्नचंद, राजेश शर्मा व स्थानीय स्वयंसेवकों के सहयोग से संपन्न हुआ।

## निर्वाचन आयोग की नई पहल, कश्मीर डिवीजन के प्रवासी मतदाताओं के लिए रहेगी मतदान की ऑनलाइन सुविधा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भारत निर्वाचन आयोग ने लोकतंत्र को और अधिक सहभागी एवं सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जम्मू-कश्मीर के कश्मीर डिवीजन के प्रवासी मतदाताओं के लिए एक नई ऑनलाइन सुविधा प्रारंभ की है।

इस सुविधा का उद्देश्य उन मतदाताओं को उनके वर्तमान स्थान से ही सुरक्षित, सरल और पारदर्शी तरीके से मतदान का अधिकार उपलब्ध कराना है, जो किसी कारणवश अपने गृह क्षेत्र से बाहर रह रहे हैं। यह ऑनलाइन सुविधा आगामी 27-बड़गाम विधानसभा क्षेत्र (केंद्र शासित प्रदेश जम्मू एवं कश्मीर) के वर्ष 2025 के उपचुनाव के लिए लागू की गई है। वे सभी प्रवासी मतदाता जिनके पास रिलीफ एवं रिहैबिलिटेशन कमिश्नर, जम्मू-कश्मीर द्वारा जारी वैध प्रवासी प्रमाण-पत्र है, वे भारत के किसी भी



हिस्से में रहते हुए इस नई सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बताया कि प्रवासी मतदाता दिल्ली, उधमपुर और जम्मू में स्थापित विशेष मतदान केंद्रों पर जाकर एम फॉर्म या डाक मतपत्र के माध्यम से सी फॉर्म के जरिए मतदान कर सकते हैं। इसके लिए मतदाता अपने निकटतम निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में जाकर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन के साथ भरा हुआ एम फॉर्म या सी फॉर्म, वर्तमान निवास प्रमाण तथा प्रवासी प्रमाण-पत्र संलग्न करना आवश्यक है। प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच संबंधित ईआरओ अधिकारी द्वारा ऑनलाइन पोर्टल ईआरओनेट पर की जाएगी तथा सभी दस्तावेजों की स्कैन प्रतिलिपियाँ पोर्टल पर अपलोड की जाएंगी। इसके पश्चात एआरओ अधिकारी आवेदन की पुन: जांच कर अंतिम अनुमोदन प्रक्रिया पूर्ण करेंगे। एम फॉर्म एक ही परिवार के सभी पात्र सदस्यों के लिए सामूहिक रूप से भरा जा सकता है, जबकि सी फॉर्म केवल व्यक्तिगत रूप से ही भरा जाएगा। इस नई व्यवस्था से जम्मू-कश्मीर के प्रवासी नागरिकों को मतदान का अधिकार अधिक सुगमता से प्राप्त होगा और वे अपने स्थान परिवर्तन के कारण मतदान से वंचित नहीं रहेंगे। यह पहल भारतीय लोकतंत्र को अधिक सशक्त, समावेशी और सहभागी बनाने की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी पात्र प्रवासी मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने मताधिकार का जिम्मेदारीपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि यह न केवल उनका संवैधानिक अधिकार है।

## निबंध में बेबी व नारा लेखन में दीपिका छाई

**अनंत ज्ञान, हरोली।** मोहनलाल दत्त राजकीय महाविद्यालय खड्डु में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में और डॉक्टर आरती और प्रोफेसर वीरेंद्र सिंह के निर्देशन में निबंध लेखन व नारा लेखन प्रतियोगिताएं करवाई गईं। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में 38 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें प्रथम स्थान बेबी, द्वितीय स्थान गुरबख्श और सिमरन, तृतीय स्थान दीया ने हासिल किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में 55 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें प्रथम स्थान दीपिका और हरप्रीत कौर, द्वितीय स्थान अंकिता ठाकुर और हर्षिता ने, तृतीय स्थान नाजिया बेगम और अंकिता ने हासिल किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले स्टूडेंट्स के बेहतर प्रदर्शन को लेकर प्रधानाचार्य ने शाबाशी दी। कंपीटिशन में भाग लेने वालों को ओर अधिक ज्ञान हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

## नागरिकों को पारदर्शिता और भ्रष्टाचार विरोधी सोच अपनाने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, ऊना**

सतर्कता जागरूकता सप्ताह (विजिलेंस अवेयरनेस वीक) 2025 के अंतर्गत इंडियन ऑयल के उत्तरी क्षेत्र पाइपलाइन्स ऊना द्वारा आज (बुधवार) को बस स्टैंड ऊना में एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता में सतर्कता, ईमानदारी और भ्रष्टाचार मुक्त भारत के निर्माण के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ावा देना था।

यह नुक्कड़ नाटक सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी थीम पर आधारित रहा। यह जागरूकता कार्यक्रम भारत आरक्षित वाहिनी बनगढ़ के एकलव्य कला मंच द्वारा प्रथम भारत रिज़र्व वाहिनी की आईपीएस कमांडेंट, डॉ. आकृति शर्मा के नेतृत्व में प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने रोज़मर्रा की ज़िंदगी से जुड़ी परिस्थितियों के माध्यम से ईमानदारी, नैतिक आचरण और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को बखूबी प्रदर्शित किया। कार्यक्रम के दौरान सतर्कता जागरूकता जिंगल्स भी प्रसारित किए गए, जिनके माध्यम से नागरिकों को ईमानदारी, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार विरोधी सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर इंडियनऑयल ऊना के अधिकारी, एचआरटीसी ऊना के जिला मंडल प्रबंधक, सहित 100 से अधिक यात्री और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए इस रचनात्मक पहल की सराहना की। इंडियनऑयल के अधिकारियों ने बताया कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्देश्य समाज में नैतिक मूल्यों को सशक्त बनाना और भ्रष्टाचार मुक्त भारत के निर्माण में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। यह कार्यक्रम सामुदायिक स्तर पर जागरूकता फैलाने और ईमानदारी को जन आंदोलन के रूप में स्थापित करने की दिशा में इंडियनऑयल की एक सार्थक और प्रेरणादायी पहल साबित होगी।

**आयोजन**

### एनएसएस शिविर में वोकेशनल शिक्षा से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास

# आत्मविश्वास, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की सीख

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**

**लठियानी।** उपमंडल बंगाणा के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्वयंसेवियों को वोकेशनल शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भरता और कौशल विकास की दिशा में प्रेरित किया गया।



थानाकलां में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के आयोजन पर मौजूद स्वयंसेवी।

शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना की सह-कार्यक्रम अधिकारी संयोगिता शर्मा ने विद्यार्थियों को पेपर आर्ट, सजावटी वस्तुएं बनाना, गेहूं के आटे से सेवइयां और शीरा तैयार करना, कमीज में बटन-काज लगाना, तीरपाई जैसी उपयोगी घरेलू और व्यावसायिक कलाओं का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि ऐसे प्रशिक्षण से छात्र-छात्राएं न केवल आत्मनिर्भर बन सकते हैं, बल्कि स्वरोजगार के क्षेत्र में भी आगे बढ़ सकते हैं। शिविर में भाग लेने वाली हाशिमा, नंदिनी, पूजा, रितिका, साक्षी और श्रुति ने कहा कि यह शिविर हमें वोकेशनल शिक्षा का वास्तविक महत्व समझने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि अपनी सृजनात्मकता और कौशल को सही दिशा देकर हम भविष्य में न केवल आत्मनिर्भर बन सकते हैं बल्कि समाज में अपनी पहचान भी बना सकते हैं। केशव, रिआंश, अर्जुन, अंकुश और विशाल ने कहा कि शिविर ने उन्हें स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। अब वे स्वयं रोजगार स्थापित कर दूसरों को भी प्रेरित कर सकते हैं। प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य युवाओं में सेवा, समर्पण और आत्मनिर्भरता की भावना को प्रबल करना है। ऐसे शिविर विद्यार्थियों को अपने कौशल को निखारने और स्वरोजगार के नए अवसर खोजने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। कार्यक्रम अधिकारी नंद लाल ने कहा कि शिविर न केवल व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करते हैं बल्कि युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना भी विकसित करते हैं। शिक्षक बलविंदर शर्मा ने कहा कि एनएसएस के माध्यम से जीवनोपयोगी कौशल सिखाकर विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी बनाया जाता है। इस अवसर पर प्रवेश राणा, हंसराज, देवेंद्र, पंकज, हरिंदर, विनोद, अमित, रजनीश, कमल, संदेश कुमारी, कांता देवी, आशा देवी, सुमन लता, पवना, रामकली सहित सभी शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## स्टूडेंट्स को बताया योग का महत्व

**अनंत ज्ञान, जोल**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तलमेहड़ा में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के तीसरे दिन की शुरुआत स्कूल परिसर में बने सरस्वती मंदिर में भजन कीर्तन एवं प्रभात फेरी के साथ हुई। उसके उपरांत तलमेहड़ा से डीहर सड़क के मध्य स्वयंसेवियों द्वारा गांव रौणखर के बाबा पहाड़िया मंदिर के आसपास की साफ सफाई की और उसके बाद मंदिर परिसर में भजन कीर्तन किया और चाय पान का आनंद लिया।

इस शिविर में योगा इंस्ट्रक्टर खुरवाई विजय शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को योग का अभ्यास कराया।सुखी और संतुष्ट जीवन जीने के टिप्स दिए। विद्यालय में प्रशिक्षण के दौरान योगाचार्य ने स्वयंसेवियों को सूर्य नमस्कार पर अधिक बल देते हुए कहा कि सूर्य नमस्कार की कम से कम दस आवृत्ति का प्रतिदिन अभ्यास करके अल्प समय में ही हम संपूर्ण शरीर को स्वस्थ, सुंदर, सुडौल और आजीवन बना सकते हैं।

शर्मा ने कहा कि जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफल होने के लिए सबसे पहले अपने तन और मन को स्वस्थ रखना आवश्यक है जीवन में किसी भी भौतिक सुख का अनुभव वही व्यक्ति प्राप्त कर सकता है जिसका तन और मन स्वस्थ है। योगाभ्यास के पश्चात स्वयंसेवको ने विद्यालय प्रांगण में अभियान चला कर सफाई की। इस अवसर पर बौद्धिक सत्र में साक्षरता के लिए युवा विषय पर कार्यकारी प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने शिक्षा के महत्व पर चर्चा की। इस मौके पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र शर्मा,सह प्रभारी कांता देवी एवं समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

## विधायक विवेक शर्मा ने झंबर गांव की बीमार बेटी को इलाज के लिए दिए दस हजार रुपए

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा एक बार फिर अपने जनसेवा और मानवीय संवेदनाओं के उदाहरण पेश कर रहे हैं। अपने व्यस्त राजनीतिक कार्यक्रमों के बावजूद वे लगातार जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए तत्पर रहते हैं। बुधवार को विवेक शर्मा ने अपने कार्यालय जोगी पंगा में अपने विधानसभा क्षेत्र की झंबर पंचायत के गांव झंबर की बीमार बेटी, पुत्री हरि मोहन को इलाज के लिए दस हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की।



विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि यह सहायता मात्र एक शुरुआत है, आवश्यकता पड़ने पर परिवार को और अधिक आर्थिक मदद दी जाएगी ताकि बेटी का इलाज बिना किसी रुकावट के जारी रह सके।उन्होंने कहा कि मेरा कुटलैहड़, मेरा परिवार केवल एक नारा नहीं, बल्कि मेरे जीवन का उद्देश्य है। कुटलैहड़ के हर जरूरतमंद परिवार की सहायता करना मेरा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को बीमारी, आपदा या किसी भी संकट की घड़ी में अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। ज्ञात हो कि विधायक विवेक शर्मा अपने मात्र एक वर्ष पांच माह के कार्यकाल में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के 658 जरूरत मंद आपदा ग्रस्त और बेसहारा परिवारों को अब तक कुल 2.88 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध करा चुके हैं।

यह मदद शिक्षा, स्वास्थ्य, विवाह सहायता, आवास निर्माण और अन्य आपात परिस्थितियों में दी गई है। स्थानीय लोगों ने विधायक विवेक शर्मा के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि वे केवल राजनीतिक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक सच्चे जनसेवक हैं, जो लोगों के दुख-दर्द को समझते हैं और बिना किसी भेदभाव के सहायता करते हैं। ग्राम झंबर के हरि मोहन ने भावुक होकर कहा कि हमारी बेटी के इलाज के लिए जो सहायता विधायक विवेक शर्मा ने दी है, वह हमारे लिए बहुत बड़ी राहत है। भगवान उन्हें हमेशा स्वस्थ और दीर्घायु रखें। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि कुटलैहड़ का कोई भी व्यक्ति आर्थिक तंगी या बीमारी के कारण परेशान न रहे। उन्होंने अधिकारियों से भी अपील की कि वे ऐसे मामलों में संवेदनशीलता दिखाएं ताकि जरूरतमंद लोगों तक मदद शीघ्र पहुंच सके। विधायक विवेक शर्मा ने अपने छोटे कार्यकाल में कुटलैहड़ में जनसेवा की नई परंपरा स्थापित की है। उनका यह कार्य न केवल राजनीति से ऊपर उठकर सेवा का संदेश देता है, बल्कि यह भी साबित करता है कि यदि नीयत साफ हो तो जनप्रतिनिधि लोगों की जिंदगी में सच्चा बदलाव ला सकता है।

# सस्ती जैकेट खरीदनी हो तो आएं कुल्लू

## अस्थायी मार्केट में अधिकारी से लेकर गरीब तबके के लोग खरीदारी में व्यस्त, व्यापार में आया उछाल, व्यापारियों के चेहरे खिले

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू में अंतराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के बाद सजे व्यापारिक मेले में गर्म कपड़ों की हर दिन खूब खरीदारी हो रही है। सर्दियों के मौसम का आगाज हो चुका है और सुबह व शाम के समय ठंड भी बढ़ गई है इसी के चलते कुल्लू के अंतराष्ट्रीय दशहरा उत्सव खत्म होने के बाद सजी इन दुकानों में सबसे अधिक व्यापार गर्म कपड़ों का हो रहा है।

कुल्लू के खेल मैदान में लगी फल्ली मार्केट में हर रोज लाखों रुपए का कारोबार हो रहा है और शहरवासियों से लेकर दुर्गम क्षेत्र व जनजातीय क्षेत्रों के लोग गर्म कपड़ों की खरीदारी करने में मशगूल हैं। हर वर्ष दशहरा उत्सव में सजी विभिन्न अस्थायी दुकानों और डोम में जहां करोड़ों रुपए का कारोबार होता है। वहीं, खेल मैदान में सजी इस मार्केट में बाहरी राज्यों के व्यापारी दिवाली तक करोड़ों रुपए का कारोबार करके खूब चांदी कूटते हैं। इस मार्केट की खासियत यह है कि यहां पर 50 रुपए से लेकर 5000 हजार तक की जैकेट व स्वेटर उपलब्ध हैं और हर साल लोग यहां से पूरे साल के लिए गर्म कपड़ों की खरीदारी करते हैं।


अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के समापन के बाद कुल्लू में सजे व्यापारिक मेले में गर्म व सस्ते कपड़ों की खरीदारी करने में व्यस्त लोग।

कुल्लू जिले के साथ लगते जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति व पांगी व मंडी जिले के लोग सबसे अधिक खरीदारी इसी मार्केट में करते हैं और पूरी सर्दियों में इस्तेमाल होने वाले गर्म कपड़ों से लेकर अन्य दुकानों में बर्तन, तंदूर, स्वेटर, जुराबें, जूता मार्केट से जूते सहित अन्य सामान खरीदते हैं।

कबाड़ मार्केट में पिछले लगभग 10-15 सालों से दुकान लगाने वाले डेविल, दिल्ली के महेश व यूपी के मोहम्मद व अन्य व्यापारियों ने बताया कि कुल्लू दशहरा उत्सव के खत्म होने के बाद ही यहां पर व्यापार में उछाल आया है। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में और जगह भी कई मेले लगते हैं, लेकिन अकेले कुल्लू जिले में ही गर्म कपड़ों की इतनी अधिक मात्रा में खरीदारी होती है।

उन्होंने बताया कि हर वर्ष व्यापारियों के पीपल मेले व दशहरा उत्सव में प्लॉट के दाम में बढ़ोतरी हो रही है, जिसके चलते शुरू-शुरू में व्यापारियों को थोड़ी परेशानी झेलनी पड़ती है, लेकिन उत्सव के संपन्न होने के बाद दिवाली तक हर रोज फल्ली मार्केट में खरीदारी करने के लिए लोगों का खूब हुजूम उमड़ता है। उनके अनुसार इस मार्केट में बड़े से बड़ा अधिकारी और छोटे से छोटा गरीब तबके का व्यक्ति भी खरीदारी करने पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि अब एक-दो दिनों से व्यापार में इजाफा हो रहा है और अब धनतेरस और दीवाली में और अच्छा कारोबार होने की उम्मीद है। लिहाजा, डोम से लेकर फल्ली मार्केट, जूता मार्केट, मीना बाजार, सहित अन्य स्थान ग्राहकों से खचाखच भरे हुए हैं और लोग 20 से लेकर हजारों रुपए तक का सामान खरीदने में मशगूल हैं।

### बेसब्री से करते हैं लोग इंतजार

**जिला** कुल्लू सहित जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति, पांगी व कुल्लू के साथ सटे मंडी जिला के भी दूरदराज क्षेत्र के लोग यहां पर सर्दियों के लिए गर्म कपड़ों के अलावा अन्य सामान की खरीददारी करते हैं। सालभर खेतों व बगीचों में मेहनत करने के बाद फसलें व सेब सहित अन्य उत्पाद बेचकर एक-एक पैसा जोड़ते हैं और इस उत्सव का बेसब्री से इंतजार करते हैं ताकि सस्ते दामों में सालभर के लिए जरूरत का हर सामान एक ही जगह आसानी से खरीद सकें।धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक व आर्थिक जरूरतों से जुड़े अंतराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव के आर्थिक पक्ष पर यदि गौर करें तो देखा जा सकता है कि देश के विभिन्न हिस्सों से छोटे-बड़े व्यापारी नई-नई चीजें लेकर यहां आते हैं। यही नहीं पहाड़ों पर बसे दूर-दराज के गांवों के लोग भी दशहरा में दुकानें लगाकर पहाड़ी व्यंजन, हस्तशिल्प सहित अन्य सामान की मिली अच्छी कीमत से यहां के कई लोगों के गांव के लोगों का सालभर घर चलता है।

# लाहौल-स्पीति में बिना अनुमति जिपलाइन गतिविधियों पर पूर्ण रोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति जिले में बिना अनुमति संचालित की जा रही जिपलाइन गतिविधियों पर अब पूरी तरह रोक लगा दी गई है। केलांग की उपमंडलाधिकारी कल्याणी तिवाना ने बताया कि जिले के सिस्सु और कोकसर क्षेत्रों में कुछ ऑपरेटर हिमाचल प्रदेश साहसिक गतिविधि नियम, 2017 और हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास एवं पंजीकरण अधिनियम, 2002 का उल्लंघन कर जिपलाइन गतिविधियाँ चला रहे थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी जिपलाइन ऑपरेटर तत्काल प्रभाव से अपनी गतिविधियां स्थगित या बंद करें, जब तक कि पर्यटन विभाग से आवश्यक पंजीकरण और स्वीकृति प्राप्त न हो। बिना वैध अनुमति गतिविधियां संचालित पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उपमंडलाधिकारी ने चेतावनी दी कि किसी भी दुर्घटना या घटना की जिम्मेदारी पूरी तरह संबंधित ऑपरेटर की होगी। इस कदम का उद्देश्य पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और नियमों का पालन कराना बताया गया है।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर केलांग में आयोजित होगा यूनिटी मार्च

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता रवि ठाकुर ने कहा है कि आज हम सब एक ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बन रहे हैं। यह बात उन्होंने बुधवार को केलांग में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। उन्होंने कहा कि आने वाले महीनों में देशभर में शुरू होने वाली ' सरदार150 यूनिटी मार्च' पदयात्रा की जानकारी देने का एक मंच है।

उन्होंने कहा कि यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्र की चेतना को जगाने वाला अभियान है। रवि ठाकुर ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। कहा कि इस कार्यक्रम में सांसद कंगना रनौत भी शामिल होंगी। जिसके लिए वह 31 अक्टूबर को केलांग आएंगी ।उन्होंने कहा कि सरदार पटेल जी को लौह पुरुष कहा जाता है, लेकिन उनकी असली शक्ति केवल दृढ़ इच्छाशक्ति नहीं, बल्कि यह विश्वास था कि भारत एक है, भारत अखंड है और भारत सदा-सर्वदा अखंड रहेगा। यही वह भावना है जिसे आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत 2047 के संकल्प के रूप में आगे बढ़ा रहे हैं। पूर्व विधायक ने बताया कि इस अभियान की शुरुआत 6 अक्टूबर को केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने डिजिटल माध्यम से देशभर में की थी।

इस अभियान के तहत युवा सोशल मीडिया रील प्रतियोगिता, निबंध लेखन, और यंग लीडर कार्यक्रम जैसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। रवि ठाकुर ने कहा कि आने वाले दो महीनों तक देश का युवा हर माध्यम से सरदार पटेल के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने में जुटा रहेगा। उन्होंने बताया कि अभियान का दूसरा चरण 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक चलेगा, जिसके दौरान जिला स्तर पर पदयात्राएं निकाली जाएंगी। इन पदयात्राओं में योग और स्वास्थ्य शिविर, व्याख्यान, वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी और नशा मुक्त भारत का संकल्प लिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### कुल्लू में मनाया विजिलेंस जागरूकता सप्ताह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राज्य सतर्कता व भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो शिमला मुख्यालय के आह्वान पर प्रदेश में विजिलेंस जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। बुधवार को विजिलेंस की कुल्लू टीम ने जागरूकता रैली आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने जागरुकता रैली के माध्यम से भ्रष्टाचार के प्रति लोगों को जागरूक किया। रैली में स्कूल के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

### अल्पसंख्यक मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** भाजपा लाहौल-स्पीति ने बुधवार को अपने अल्पसंख्यक मोर्चा की नई कार्यकारिणी की घोषणा की। कार्यकारिणी की सूची पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी सदस्य रवि ठाकुर ने जारी की। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष रिगजिन हायरपा और एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष मंगल मानेपा भी मौजूद रहे। रवि ठाकुर ने कहा कि लाहौल-स्पीति जिला में भाजपा दिन-प्रतिदिन और मजबूत होती जा रही है तथा संगठनात्मक स्तर पर पार्टी को और सशक्त बनाने की दिशा में यह एक अहम कदम है।

### चार को पूर्व छात्र संगठन अरछंडी स्कूल की मासिक बैठक

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** पूर्व छात्र संगठन राजकीय उच्च विद्यालय अरछंडी, जिला कुल्लू के पूर्व छात्र संगठन की आवश्यक बैठक आगामी 4 नवंबर (मंगलवार) को प्रातः 11 बजे विद्यालय के मीटिंग हॉल में आयोजित की जाएगी। बैठक में विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र ठाकुर, एसएमसी अध्यक्ष लालचन्द्, शिक्षकों, पंचायती प्रतिनिधियों तथा पूर्व छात्रों की उपस्थिति रहेगी। बैठक में विद्यालय परिसर के खेल मैदान एवं शौचालय निर्माण कार्य, वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह तथा अन्य आवश्यक विषयों पर समीक्षा की जाएगी।

# उपमंडलाधिकारी ने पारदर्शी समयबद्ध निपटान पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, बंजार**

उपमंडलाधिकारी (नागरिक) बंजार पंकज शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को उपमंडल कार्यालय के सभागार में वन भूमि पर अधिकारों की मान्यता से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में तहसीलदार बंजार, खंड विकास अधिकारी भुंतर एवं बंजार, पंचायत निरीक्षक भुंतर व बंजार, सहायक अरण्यपाल वन्य जीव शमशी व बंजार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा गैर सरकारी सदस्य उपस्थित रहे।इस दौरान विकास खंड बंजार और भुंतर क्षेत्र में अब तक प्राप्त वन भूमि अधिकार दावों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में प्राप्त आवेदनों और उनके निपटारे की जानकारी उपमंडलाधिकारी को दी।

**बंजार में वन भूमि अधिकारों की मान्यता पर महत्वपूर्ण बैठक**

उपमंडलाधिकारी पंकज शर्मा ने कहा कि वन भूमि पर अधिकारों से संबंधित मामलों की प्रक्रिया को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी तक प्राप्त कई मामलों का निपटारा कर दिया गया है और शेष मामलों के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दावे नियमों के अनुसार सही जांच प्रक्रिया के बाद ही निपटाए जाएं ताकि पात्र लाभार्थियों को उनका अधिकार मिल सके। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सभी लंबित मामलों को शीघ्र निपटाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# जल बहाव सिंचाई उप-परियोजना अप्पर सेऊबाग कृषक संघ को सौंपी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश में फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (चरण II) जायका (कृषि) के तहत खंड परियोजना प्रबंधन इकाई कुल्लू द्वारा मनाली विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गाहर के गांव सेऊबाग में जल बहाव सिंचाई योजना, अप्पर सेऊबाग का निर्माण कार्य पूरा होने के पश्चात विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने पंचायत प्रधान रोहित वत्स धामी की उपस्थिति में योजना का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष वीर सिंह ठाकुर, पंचायत समिति चेयरमैन खेख राम और समिति सदस्य टेक चंद भी उपस्थित रहे। जिला परियोजना प्रबंधक मंडी डॉश हेम राज वर्मा ने मुख्यातिथि का पारंपरिक कुल्लवी टोपी और मफलर पहनाकर स्वागत किया। खंड परियोजना प्रबंधक कुल्लू डॉश जयंत रतना ने स्वागत संबोधन में जायका परियोजना के तहत किए जा रहे विभिन्न कार्यों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि अप्पर सेऊबाग वहाव सिंचाई योजना पर कुल 56,12,905/ रुपए खर्च किए गए हैं और इस योजना के अंतर्गत लगभग 29.55 हेक्टेयर भूमि शामिल की गई है, जिससे 130 किसान परिवार लाभान्वित होंगे। परियोजना के तहत बने कृषक विकास संघ सेऊबाग के प्रधान प्रेम चंद ने निर्माण कार्य के दौरान अनुभव साझा किए। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने योजना का निरीक्षण कर वाल्व घुमा कर इसका औपचारिक शुभारंभ किया और कृषक विकास संघ को परियोजना हस्तांतरण प्रमाण पत्र, किचन गार्डनिंग किट और अन्य आवश्यक औजार प्रदान किए।


विधायक गाहर पंचायत के सेऊबाग में जल वहाव सिंचाई योजना का शुभारंभ करते हुए।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रधान ने अधिकारियों का धन्यवाद करते हुए लाभार्थियों से कहा कि वे योजना का निरंतर रख-रखाव करें। डॉश जयंत रतना ने परियोजना निदेशक डॉश सुनील चौहान का शुभकामना संदेश प्रस्तुत किया। विधायक ने योजना और अन्य चल रही परियोजनाओं के बारे में लाभार्थियों को जानकारी दी और निर्माण कार्य पूरा होने पर बधाई दी। डॉश हेम राज वर्मा ने बताया कि परियोजना के तहत जल भंडारण टैंक निर्माण, जलग्रहण क्षेत्र उपचार, सोलर फोटो वोल्टिक इकाई, कृषि सड़कों का सुदृढ़ीकरण, पॉली हाउस और पॉली टनल, डेयरी, मशरूम खेती, सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली, प्रशिक्षण और किसान संगठनों के गठन जैसे अनेक विकासात्मक कार्य किए जा रहे हैं। जायका परियोजना का मुख्य उद्देश्य नगदी फसलों की खेती के माध्यम से फसल विविधकरण कर किसानों की आय में वृद्धि करना है। सिंचाई की सुविधा मिलने से किसान फसलों की बेहतर पैदावार और अच्छे मूल्य प्राप्त कर अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार कर सकेंगे। इस अवसर पर बीश डीश ओश नगर मुकेश कुमार, जिला परियोजना प्रबंधक मंडी डॉश खुब राम ठाकुर, कृषक विकास संगठन सेऊबाग के उप प्रधान ओम प्रकाश, निर्माण अभियंता भरत भूषण, कनिष्ठ अभियंता मनमोहन सिंह, कृषि प्रसार अधिकारी जया प्रधा और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# आपदा प्रभावित परिवारों से मिले शौरी

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी बुधवार को सैंज घाटी की शैंशर व देहूरीधार पंचायतों के एक दिवसीय दौरे पर रहे। इस दौरान विधायक शौरी ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जाकर आपदा प्रभावित परिवारों से मुलाकात की, उनकी समस्याओं को सुना तथा राहत एवं पुनर्वास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

विधायक शौरी ने अपने दौरे के दौरान ग्राम पंचायत देहूरीधार के अंतर्गत तुंग गांव में गो सदन निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों से गौवंश संरक्षण का आह्वान किया और कहा कि यह न केवल धार्मिक बल्कि पर्यावरणीय दृष्टि से भी आवश्यक कदम है।इसके साथ ही विधायक शौरी ने वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शैंशर का औचक निरीक्षण किया तथा विद्यालय में सुधारात्मक कार्यों और आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए अधिकारियों के साथ चर्चा की। विधायक शौरी ने कहा कि क्षेत्र में बस सेवा की बहाली को लेकर जनता पिछले चार महीनों से प्रतीक्षा कर रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। वहीं, राहत व पुनर्वास कार्यों की गति अत्यंत धीमी है और लगभग 30 परिवार सीधे तौर पर प्रभावित हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार अब तक क्षेत्र में कोई ठोस पहल नहीं कर पाई है, जिससे जनता में गहरा रोष व्याप्त है। शौरी ने कहा कि सरकार की निष्क्रियता और संवेदनहीनता लज्जाजनक है तथा जनता की पीड़ा को लेकर सरकार ने मुंह दिखाई तक नहीं की है।


तुंग गांव में गो सदन निर्माण कार्य के शुभारंभ मौके पर विधायक सुरेंद्र शौरी।

# पुष्पेंद्र भाजपा सोशल मीडिया प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य नियुक्त

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व ने पुष्पेंद्र ठाकुर को पार्टी के सोशल मीडिया विभाग की प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य नियुक्त किया है। पुष्पेंद्र ठाकुर ग्यारह वर्षों से भाजपा के कई पदों निरंतर सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने इस दायित्व के लिए प्रदेश संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। पुष्पेंद्र ठाकुर ने कहा कि यह दायित्व उनके लिए सम्मान का विषय होने के साथ-साथ संगठन के प्रति निष्ठा और जनसेवा का संकल्प है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, भाजपा प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक सुशील राठौर, प्रदेश आईटी व सोशल मीडिया प्रभारी चेतन सिंह ब्रागटा, जिला अध्यक्ष अमित कुमार सूद और पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे।

# लुहरी में किसान सभा व सेब उत्पादक संघ का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, आनी**

किसान सभा और सेब उत्पादक संघ आनी-निरमंड ने बुधवार को लुहरी में वनमंडलाधिकारी कार्यालय का घेराव करते हुए सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अगुवाई पूर्व विधायक और कॉमरेड नेता राकेश सिंघा ने की।

इस दौरान किसानों और बागवानों ने लुहरी बाजार में रैली निकालकर डीएफओ कार्यालय तक मार्च किया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर किसान-बागबान विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द अमल नहीं हुआ तो लुहरी बंद किया जाएगा।सभा को संबोधित करते हुए राकेश सिंघा ने कहा कि दोनों सरकारें आपदा प्रभावित किसानों को राहत देने में विफल रही हैं और पुनर्वास-पुनर्स्थापना के नाम पर केवल दिखावा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जमीन बेदखली, घरों में तालाबंदी और मकान गिराने जैसी कार्रवाइयां गरीब किसानों के साथ अन्याय हैं। वहीं, राकेश सिंघा ने चेतावनी दी कि यदि बंसी लाल की हैलनैंट वापस नहीं की गई तो लुहरी में दिन-रात का मोर्चा लगाया जाएगा।किसान सभा ने घोषणा की कि आनी और निरमंड में जल्द अधिवेशन आयोजित कर आगामी संघर्ष की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इस मौके पर देवकी नंद, पदम प्रभाकर, पूर्ण ठाकुर, प्रताप ठाकुर, बिक्रम, सुभाष, रंजीत, दलीप, हेमराज, दुर्गा चांद, बिबेक सहित सैकड़ों किसान-बागवान उपस्थित रहे।


सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए किसान सभा व फल उत्पादक संघ के सदस्य।

# मनाली में एपीआरओ कार्यालय खोलने की मांग

**अनंत ज्ञान, मनाली।** पत्रकार संसद कुल्लू के जिला अध्यक्ष डीआर जोशी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू को पत्र लिखकर मनाली में सहायक लोक संपर्क अधिकारी का कार्यालय खोलने की मांग की है। डीआर जोशी ने कहा कि मनाली एक अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल है। उन्होंने कहा कि यहां देश-विदेश के लोगों का आना लगा रहता है। उन्होंने कहा कि आम जनता की सुविधा के लिए सहायक लोक संपर्क अधिकारी का कार्यालय होना अति आवश्यक है। उन्होंने पत्र की प्रतिलिपि मनाली के विधायक भुवनेश्वर को भी भेजी है। जोशी ने कहा कि मनाली में प्रदेश सरकार की सहायक लोक संपर्क अधिकारी का कार्यालय होने से प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को आसानी से जनता तक पहुंचा जा सकेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री सहित विधायक से मनाली में सहायक लोक संपर्क अधिकारी का कार्यालय शीघ्र खोलने की मांग की है।

# छह नवंबर को देवसदन में पहाड़ी बोलियों के प्रोत्साहन के लिए होंगी विभिन्न प्रतियोगिताएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला भाषा अधिकारी कुल्लू प्रोमिला गुलेरिया ने कहा कि भाषा एवं संस्कृति विभाग जिला कुल्लू द्वारा पहाड़ी बोलियों के प्रोत्साहन के लिए पहाड़ी सप्ताह के उपलक्ष्य पर 6 नवंबर को देवसदन में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस मौके पर जिला कुल्लू के विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी पाठशालाओं के 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों की भाषण, निबंध लेखन एवं लोकोक्तियां/मुहावरे लेखन तथा पहेलियां लेखन चार प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस में विभिन्न प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें भाषण प्रतियोगिता कुल अंक 50 समय सीमा 3 से 5 मिनट, विषय पहाड़ी भाषा की समर्थक हिमाचली बोलियां। निबंध लेखन प्रतियोगिता कुल अंक50, समय सीमा डेढ़ घंटा, शब्द सीमा 300 से 400 शब्द विषय जिला के पारंपरिक परिधान एवं आभूषण। जिला में प्रचलित पारंपरिक त्योहार (कोई एक)प्रतिभागी को किसी एक विषय पर निबंध लिखना होगा। प्रतिभागी को 1 घंटे का समय दिया जाएगा जिसमें प्रतिभागी को अधिक से अधिक जिला में प्रचलित पारंपरिक को ठेठ लोकोक्तियां मुहावरे उनके हिंदी में अर्थ सहित लिखने होंगे।

पहेलियां लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभागी को 1 घंटे का समय दिया जाएगा जिसमें प्रतिभागी को अधिक से अधिक जिला में प्रचलित बोली में पारंपरिक और ठेठ पहेलियां उनके उत्तर सहित लिखनी होगी। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रत्येक पाठशाला से चार विद्यार्थी (प्रत्येक प्रतियोगिता में एक) भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को विभाग द्वारा सम्मानित किया जाएगा ।अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 01902222 406 पर संपर्क कर सकते हैं। इच्छुक पाठशालाएं दिनांक 4 नवंबर तक भाषा एवं संस्कृति विभाग कार्यालय में विद्यार्थियों के नाम भेज सकते हैं। सभी विद्यार्थी अपने साथ कार्डबोर्ड अवश्य लाएं। निबंध लेखन के लिए कागज विभाग द्वारा दिए जाएंगे।


**परेशानी** भाजपा-कांग्रेस दोनों ही सरकारों के कार्यकाल में वामतट मार्ग हुआ अनदेखी का शिकार

# अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा कुल्लू-मनाली वामतट मार्ग

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**

**मनाली।** कुल्लू, मनाली के साथ साथ लाहुल स्पीति व पांगी सहित लेह लद्दाख के लिए लाइफ लाइन बनी वामतट मार्ग अब अपनी हालात पर खुद आंसू बहा रहा है । समझ नहीं आता है कि सड़क में गड्ढे हैं या गढों में ही सड़क बनी है। 26 अगस्त को मनाली में हुई भारी बारिश और बाढ से कुल्लू मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग को भारी नुकसान हुआ तो वामतट मार्ग ही सहारा बनी।

2023 में भी ब्यास नदी में आई बाढ से कुल्लू मनाली नेशनल हाईवे को नुकसान हुआ था तब भी वामतट मार्ग ही खरा साबित हुआ था। इतने महत्वपूर्ण मार्ग होते हुए भी आज वामतट मार्ग अनदेखी का शिकार है। कुल्लू मनाली वामतट मार्ग पर काइस,सजला, हरिपुर और जगतसुख में डबल लेन पुलों का निर्माण तो किया गया मगर सड़क को डबल लेन करना प्रदेश की सरकारेंल गई ।नतीजा ये है कि इस मार्ग पर हमेशा जाम लगा रहता है। इसके अलावा सड़क के किनारे बेतरतीब खड़े वाहन भी जाम को बढ़ावा दे रहे हैं। पिछले दिनों हुई बारिश से बिजली दफ्तर के पास सड़क क्षतिग्रस्त हुई जिसे लोक निर्माण विभाग ने जैसे तैसे वाहन आने जाने योग्य तो बना दिया ।सिंगल लेन होने के कारण अभी वहां घंटों जाम लग रहा है ।अभी मनाली में पर्यटकों की संख्या भी बहुत कम है ।आजकल की हालात देख कर ही स्थानीय लोग चिंतित हैं कि आने वाले पर्यटन सीजन में क्या होगा। यहां लग रहे जाम से स्थानीय लोगों के साथ साथ स्कूल आने जाने वाले बच्चों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।स्थानीय निवासी रमेश लाल ,ओम प्रकाश,बीर सिंह ने बताया कि बामतट मार्ग ही हालात बद से बदतर है ।अलेउ में बिजली दफ्तर के पास अभी इतना जाम लग रहा है पर्यटन सीजन में क्या होगा ।अगर बामतट मार्ग को डबललेन किया जाए तो ट्रेफिक जाम से निजात मिल सकती है। लोक निर्माण विभाग के एसडीओ आकाश सूद में बताया कि बिजली दफ्तर के पास फिलहाल टूटी सड़क के नीचे ब्यास नदी में रिटेनिंग वॉल का काम जल्द शुरू किया जाएगा और अगले बारिश के सीजन से पहले तैयार किया जाएगा । उन्होंने बताया कि तापमान उपयुक्त नहीं होने के कारण फिलहाल वामतट मार्ग पर ब्लेकटॉप करना संभव नहीं है ।फिलहाल सड़क में कहीं गढ़े हैं तो उन्हें भरने का काम जारी है।


कुल्लू-मनाली वामतट सड़क मार्ग पर ट्रैफिक जाम में फंसे वाहन।

# तंबाकू के खिलाफ एकजुट प्रयासों से ही स्वस्थ सशक्त समाज का निर्माण संभव: किरण भड़ाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जिला लाहौल-स्पीति के केलांग स्थित उपायुक्त कार्यालय परिसर में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3 का शुभारंभ उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने किया।

इस अवसर पर सहायक आयुक्त एवं परियोजना अधिकारी (आईटीडीपी) कल्याणी गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी (स्वास्थ्य) डॉ. मनोज कुमार गांधी तथा डॉ. योगेश वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे ।यह अभियान भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 9 अक्तूबर 2025 से 8 दिसंबर, 2025 तक चलाया जा रहा है। इस विशेष अभियान का उद्देश्य सभी शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी कार्यालयों तथा ग्राम पंचायतों को तंबाकू मुक्त बनाना है। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान के दौरान जिला में विभिन्न जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इनमें जिला के सभी शैक्षणिक एवं सरकारी संस्थानों में नो टोबैको प्रतिज्ञा दिलाना, सेल्फी प्वाइंट की स्थापना, युवाओं में तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों पर जागरूकता अभियान चलाना, रैली,



निबंध लेखन व पोस्टर प्रतियोगिताएं जैसी स्कूल आधारित गतिविधियां शामिल हैं। इसके अतिरिक्त गांवों को तंबाकू मुक्त बनाने व घोषित करने, सोशल मीडिया के माध्यम से जनसंपर्क बढ़ाने, तथा कोटपा और पीईसीए अधिनियमों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु क्षमता निर्माण व प्रवर्तन कार्य भी किए जाएंगे। उपायुक्त ने इस अवसर पर कहा कि तंबाकू से जनस्वास्थ्य को गंभीर खतरा है और समाज को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए सभी विभागों, शिक्षण संस्थानों और युवाओं की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि तंबाकू सेवन के विरुद्ध एकजुट प्रयासों से ही स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने जिला के सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और दूसरों को भी तंबाकू से दूर रहने के लिए प्रेरित करें।

## न्यूज ब्रीफ

### चंदन बने सिरमौर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद पर एडवोकेट चंदन दीप शाह की सर्वसम्मति से ताजपोशी की गई है। सिरमौर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में एडवोकेट चंदन शाह के मुकाबले कोई अन्य उम्मीदवार मैदान में नहीं उतरा, ऐसे में शाह को निर्विरोध अध्यक्ष घोषित कर दिया गया। एडवोकेट चंदन शाह 29 साल से नाहन में वकालत कर रहे हैं और तभी से बार एशोसिएशन में एनरोल हुए हैं।

### ब्याज के पैसों को लेकर हुए विवाद में मारपीट

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** ब्याज के पैसों को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति से मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है। मामला थाना दाड़लाघाट में धारा 126(2), 115(2), 351(2), 352 बीएनएस के तहत पंजीकृत किया गया है। शिकायतकर्ता ऋषिराज गांधी पुत्र नंदलाल, निवासी गांव कशलोग ने बताया कि जब वह अपने घर से दाड़लाघाट की ओर आ रहा था, तो चौक पर भागीरथ ठाकुर पुत्र सरनू राम निवासी खाता ने उसका रास्ता रोक लिया और गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि आरोपी ने उसे मां-बहन की गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। शिकायतकर्ता के अनुसार उसने वह ब्याज के सभी पैसे चुका दिए हैं। इसके बावजूद आरोपी ने उसके खिलाफ अदालत में झूठे केस दायर कर रखे हैं। इसी बात पर आरोपी भड़क गया और शिकायतकर्ता को कॉलर से पकड़कर थप्पड़ जड़ दिया। किसी तरह वह वहां से बचकर निकला। डीएसपी दाड़लाघाट संदीप शर्मा ने पुष्टि करते हुए बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नालागढ़ में होगा अंडर-19 गर्ल्स नेशनल स्पोर्ट्स इवेंट

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला सोलन खेल इतिहास में नया अध्याय जोड़ने जा रहा है। जिले के नालागढ़ में पहली बार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। आगामी जनवरी माह में आयोजित होने वाले इस अंडर-19 गर्ल्स नेशनल स्पोर्ट्स इवेंट की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। डॉ. गोपाल चौहान ने बताया की इस प्रतियोगिता का आयोजन गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नालागढ़ में किया जाएगा। फिलहाल प्रतियोगिता की संभावित तिथियां 15 से 19 जनवरी तय की गई हैं, हालांकि अंतिम कार्यक्रम में कुछ संशोधन संभव है, लेकिन यह आयोजन जनवरी माह में ही संपन्न होगा। डॉ. चौहान ने बताया कि इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में कुल 45 टीमें भाग लेंगी, जिनमें 28 राज्यों, 8 केंद्र शासित प्रदेशों और 9 निजी संघों की टीमें शामिल होंगी। प्रतिभागियों के आवास, भोजन और परिवहन की उत्कृष्ट व्यवस्था की जा रही है। सभी व्यवस्थाएं पांच किलोमीटर के दायरे में सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि खिलाड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### पंचायतों में छूटे हुए नाम किए जाएंगे शामिल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने बताया कि विकास खंड राजगढ की ग्राम पंचायत रानाघाट, कोठिया जाजर, कोटि पधोग, नेहरपाब, जदोल टपरोली, छोगटाली, टिक्कर और सेर जगास की निर्वाचक नामावली की तैयारी के दौरान कुछ मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज करने से छुट गए हैं, जिन्हें उक्त ग्राम पंचायत की मतदाता सूचियों में शामिल किया जाना है। इसी तरह विकास खंड पच्छाद की ग्राम पंचायत टिक्करी कुठार की निर्वाचक नामावली की तैयारी के दौरान 23 मतदाता वार्ड नंबर-1 के स्थान पर वार्ड नंबर-2 में शामिल किए गए है, जिन्हें वार्ड नंबर-2 से वार्ड नंबर-1 में शामिल किया जाना है। उन्होंने बताया कि 3 नवंबर को उपायुक्त कार्यालय में सायं 3.30 बजे छुट गए मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली सूची में दर्ज करने और 23 मतदाताओं को वार्ड नंबर-1 में शामिल करने पर विचार किया जाएगा। यदि किसी मतदाता को इस संबंध में आपत्ति हो तो वह विचार किए जाने के समय अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं।

### 50 प्रतिभागियों ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सतर्कता जागरूक सप्ताह के अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक सर्कल कार्यालय सोलन द्वारा आज ज़िला आयुर्वेदिक अस्पताल सोलन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता पंजाब नेशनल बैंक सोलन के उपमण्डल प्रमुख रविंद्र सिंह नेगी ने की। रविंद्र सिंह नेगी ने कहा कि रक्तदाता द्वारा दिए गए रक्त से ज़रूरतमंद लोगों के जीवन की रक्षा करने में सहायता मिलती है। उन्होंने कहा रक्तदान जहां एक अमूल्य जीवन को बचाने में सहायक है वहीं व्यक्ति स्वयं के स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। उन्होंने कहा कि 2 नवंबर तक चलने वाले सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान पंजाब नेशनल बैंक द्वारा इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शिविर में 50 प्रतिभागियों ने रक्तदान कर पुनीत कार्य किया। इस अवसर पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी सोलन डॉ. निशा वर्मा पंवर, डॉ. अनिता गौतम तथा क्षेत्रीय अस्पताल सोलन की ब्लड बैंक की टीम सहित रक्तदाता उपस्थित थे।

### मंच ने संगत सिंह के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सिरमौर कल्याण मंच सोलन के वरिष्ठ सदस्य संगत सिंह पुंडीर की माता की माता छम्मी देवी का बीती रात सोलन में निधन हो गया। वे 100 वर्ष की थी। सिरमौर जिले की नौहराधार तहसील के भुजौंड़ गांव में बुधवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। मंच ने उनके निधन पर शोक जताया और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। यहां जारी बयान में सिरमौर कल्याण मंच के प्रधान प्रदीप मंमगाईं, महासचिव यशपाल कपूर के अलावा बलदेव चौहान, कंवर वीरेंद्र सिंह, पदम पुंडीर, डॉ. एसएस परमार, जोगिंद्र सिंह चौहान, अशोक चौहान, रमेश शर्मा, डॉ. लोकेश मंमगाई, डॉ. रामगोपाल शर्मा, सत्यपाल ठाकुर, संजय चौहान, कविराज चौहान, जयप्रकाश चौहान, राजेंद्र शर्मा, सुभाष अत्रि, उमेश कमल, कमल सिंह कमल, वरूण चौहान, अजय कंवर, नवीन निश्चल शर्मा, महेंद्र गौतम, संजीव अवस्थी, जय ठाकुर, जयचंद शर्मा, एलआर दहिया,अजय शर्मा,पीडी भारद्वाज, सुखदर्शन ठाकुर, शमशेर ठाकुर, जोगिंद्र हाब्बी, रमेश मेहता, कुलदीप,हरिंद्र ठाकुर, मनोज पुंडीर, दर्शन सिंह पुंडीर,रोहित वर्मा समेत अन्य सदस्यों ने संगत सिंह पुंडीर की माता के निधन पर शोक जताया।

### दिनेश खेलेंगे एशियन मास्टर एथलेटिक्स

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले के शिलाई उपमंडल की ग्राम पंचायत बेला के गांव डिम्टी के दिनेश ठाकुर एशियन मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतियोगिता आगामी 5 से 9 नवंबर, 2025 तक चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित की जा रही है। दिनेश ठाकुर 200 मीटर और 400 मीटर रेस में भारत की ओर से मैदान में उतरेंगे। इस बात की जानकारी मास्टर एथलेटिक्स फेडरेशन के सचिव भीष्म चौहान ने दी। राष्ट्रीय स्तर पर पंजाब रेजिमेंट में अपनी पहचान बना चुके गोल्ड मेडलिस्ट दिनेश ठाकुर ने लगभग 9 वर्ष वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नैनीधार में बतौर व्यवसायिक शिक्षक भी अपनी सेवाएं दी हैं। इसके साथ ही वह इन दिनों सिविल अस्पताल शिलाई में काउंसलर के रूप में समाज सेवा में भी सक्रिय हैं।

### प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाने की तैयारियां जोरों पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में पांवटा साहिब नगरी श्रद्धा और भक्ति के रंग में रंगने लगी है। पूरा नगर इस पावन अवसर पर दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है, जबकि गुरुद्वारा श्री पांवटा साहिब और आसपास का क्षेत्र रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा है। यह तीन दिवसीय प्रकाश उत्सव 3 नवंबर से 5 नवंबर तक बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के उपप्रधान जत्थेदार जोगा सिंह और प्रबंधक सरदार जागीर सिंह ने बताया कि इस अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी संख्या में आगमन की संभावना है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तीन अखंड पाठों का शुभारंभ किया गया है। कमेटी इंचार्ज गुरमेल सिंह ने बताया कि पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पांवटा साहिब पहुंचेंगे। उनके ठहरने, भोजन और सुरक्षा की विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। एनआरआई बिल्डिंग को विशेष रूप से सजाया जा रहा है, वहीं गुरुद्वारा परिसर में लाइटिंग, सफाई और अन्य प्रबंधों का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष का प्रकाश पर्व पहले से अधिक भव्यता और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी इंतज़ाम पुख्ता किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के तहत 4 नवंबर को भव्य नगर कीर्तन निकाला जाएगा, जबकि 5 नवंबर को समापन समारोह के साथ यह तीन दिवसीय धार्मिक पर्व संपन्न होगा। पूरा क्षेत्र इन पवित्र आयोजनों के चलते भक्ति, प्रकाश और उत्साह के माहौल में सराबोर हो गया है।

# जिला परिषद की बैठक में 8 सदस्य रहे नदारद

## विकास कार्यों के लिए बजट न मिलने से सदस्य नहीं दिखा रहे रुचि

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**सोलन।** जिला परिषद के सदस्यों को विकास कार्यों के लिए बजट न मिलने से यह वर्ग सरकार से नाराज चल रहा है। कार्य लंबित होने से जिला परिषद सदस्यों ने त्रैमासिक बैठक में आना बंद कर दिया है। पिछली बैठक में भी सदस्यों ने बजट नहीं मिलने से नाराजगी जाहिर की थी।



जिला परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते अध्यक्ष रमेश ठाकुर।

बुधवार को हुई जिला परिषद सोलन की बैठक में 8 सदस्य नदारद रहे। वहीं, जिला परिषद सोलन के अध्यक्ष रमेश ठाकुर ने जिला परिषद सदस्यों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियां एवं कर्मचारियों से आग्रह किया कि विकास कार्यों को पूर्ण करने के लिए बेहतर समन्वय स्थापित कर गति प्रदान करें, ताकि समय पर परियोजनाओं का लोगों को लाभ मिल सके। जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि गत वर्षों में ज़िला के सभी अधिकारियों ने जिला परिषद के सदस्यों के साथ पूर्ण सहयोग किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जो लंबित मुद्दे हैं उनका समाधान जल्द करें, ताकि लोगों को सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि विकास एक निरंतर प्रक्रिया है और सभी के सहयोग से ही समयबद्ध विकास सुनिश्चित हो सकता है। बैठक में खंड विकास अधिकारी नालागढ़ से अवगत करवाया कि 15वें वित्तायोग के अंतर्गत शौचालयों से संबंधित कार्य स्वच्छ भारत मिशन के तहत करवाया जा रहा है। इसमें से तीन शौचालय का निर्माण हो चुका है और शेष का कार्य प्रगति पर है। बैठक में हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों को विभिन्न रूटों पर चलाने और रूट बढ़ाने के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। हिमाचल पथ परिवहन निगम के अधिकारियों ने विश्वास दिलाया कि निगम की नई बसें आने पर आवश्यक रूटों पर चला दी जाएंगी। बैठक में अधिकारियों को भारी वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों व पेयजल योजनाओं को जल्द दुरुस्त करने के निर्देश दिए। बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने जिला परिषद अध्यक्ष को उपमंडल चंडी के अंतर्गत आने वाली सड़कों को वास्तुस्थिति के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि उपमंडल की 15 सड़कों में से 14 सड़कों को बसों के लिए बहाल किया जा चुका तथा शेष एक सड़क को भी शीघ्र बहाल किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त सोलन ने विश्वास दिलाया कि जिला प्रशासन, चुने हुए प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर जन समस्याओं के निवारण के लिए प्रयासरत है। उन्होंने अधिकारियों से निर्देश दिए कि विकासात्मक कार्यों में गुणवत्ता के साथ-साथ गतिशीलता भी लाएं। बैठक में 30 पुराने मद व 4 नए मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, फोरलेन, सिंचाई सहित अन्य समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में ज़िला परिषद के सदस्यों को 3 मई से 17 अक्तूबर, 2025 तक के आय-व्यय का ब्यौरा भी दिया गया। ज़िला पंचायत अधिकारी जोगिंदर राणा ने बैठक की कार्यवाही का संचालन किया। इस अवसर पर विभिन्न जिला परिषद सदस्य व पंचायत समिति के अध्यक्ष, समस्त खंड विकास अधिकारी, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ ब्लॉक व जिला मुख्यालयों में होंगे प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, सोलन



सीटू का राज्य सम्मेलन सोलन में संपन्न हुआ। सम्मेलन में राज्य भर के लगभग 300 प्रतिनिधि शामिल रहे। सम्मेलन में 19 पदाधिकारियों सहित 53 सदस्य राज्य कमेटी चुनी गई।

विजेंद्र मेहरा को प्रदेशाध्यक्ष, प्रेम गौतम को महासचिव, जगत राम को कोषाध्यक्ष, कश्मीर सिंह ठाकुर, भूपेंद्र सिंह, अजय दुलटा, सुदेश कुमारी, रविंद्र कुमार, केवल कुमार, कुलदीप डोगरा, नीलम जसवाल को प्रदेश उपाध्यक्ष, वीना शर्मा, जोगिंद्र कुमार, राजेश शर्मा, राजेश ठाकुर, आशीष कुमार, मोहित वर्मा, अमित कुमार, बालक राम को प्रदेश सचिव चुना गया। ओमदत्त शर्मा, नरेंद्र कुमार, गुरनाम सिंह, विजय शर्मा, संतोष कुमार, चमन ठाकुर, राजेश तोमर, राकेश कुमार, मदन नेगी, गुरदास वर्मा, सुरेंद्र कुमार, बिमला देवी, सुदर्शना देवी, अंजुला, सुनील मेहता, शांति देवी, निशा, हिमी देवी, पदम प्रभाकर, बलबीर चौहान, अनिल कुमार, वीरेंद्र पामटा, रंजन शर्मा, राम प्रकाश, चतर सिंह, चानन सिंह, संदीप कुमार, तेंडुप फंचोक, लजया देवी, सुदेश कुमारी, पूनम देवी, अयूब खान, संजीव कुमार, विक्की राज्य कमेटी सदस्य चुने गए। नव निर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा व महासचिव प्रेम गौतम ने कहा कि मोदी सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ 26 नवंबर, 2025 व 19 जनवरी, 2026 को ब्लॉक व जिला मुख्यालयों पर प्रदेशव्यापी प्रदर्शन होंगे।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा मजदूर विरोधी चार लेबर कोड के जरिए मजदूरों पर गुलामी थोपने व बंधुआ मजदूरी कायम करने के खिलाफ, 26 हजार न्यूनतम वेतन, योजना कर्मियों, आउटसोर्स, ठेका प्रथा, मल्टी टास्क, टेंपररी, कैजुअल, ट्रेनी की जगह नियमित रोजगार देने, मनरेगा बजट में बढ़ोतरी, मनरेगा मजदूरों के लिए न्यूनतम वेतन लागू करने, श्रमिक कल्याण बोर्ड के आर्थिक लाभ सुनिश्चित करने आदि मांगों पर हिमाचल प्रदेश में सीटू निरंतर संघर्षशील रहा है।

# तरसेम भारती पुन: बने रेहड़ी-फड़ी व झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक

अनंत ज्ञान, सोलन



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हिमाचल प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व ने एक बार फ़िर तरसेम भारती में अपना विश्वास जताते हुए उन्हें रेहड़ी-फड़ी एवं झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया है।

इस घोषणा से रेहड़ी-फड़ी विक्रेताओं और झुग्गी-झोपड़ी समुदाय के कार्यकर्ताओं में अपार उत्साह और ख़ुशी की लहर दौड़ गई है। अपनी नियुक्ति के उपलक्ष्य में, आज भारती ने सोलन में रेहड़ी-फड़ी के विक्रेताओं और कार्यकर्ताओं से भेंट की और उनके समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भारती ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, संगठन महामंत्री हिमाचल प्रदेश सिद्धार्थन, नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, सांसद अनुराग ठाकुर, सांसद सुरेश कश्यप और भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश समस्त प्रकोष्ठ के संयोजक पुरुषोत्तम गुलेरिया का हृदय से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति पार्टी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास सिद्धांत में विश्वास का प्रतीक है। तरसेम भारती ने कहा कि उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे उसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे।

# साइबर क्राइम के बारे में किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय महाविद्यालय पझौता के आइक्यूएसी, रोड सेफ्टी क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता, नशा निवारण एवं साइबर क्राइस के प्रति जागरूकता को लेकर एक व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। शिलाबाग पुलिस चौकी के एएसआई बृजेश कुमार एवं अजय ठाकुर मुख्य वक्ता के तौर पर शामिल रहे। कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर शिवानी शर्मा द्वारा वक्ताओं के औपचारिक स्वागत के पश्चात दिए गए अपने सरस व ज्ञानवर्धक उद्बोधन में बृजेश कुमार ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों, उनके अनुपालन व महत्व से अवगत करवाया। इसके साथ ही उन्होंने नशे में लिप्त युवाओं की पहचान तथा उनसे अनुपूरक व्यवहार की जानकारी भी विद्यार्थियों को दी।

# 15 दिनों में सड़कें ठीक न हुई, तो जनता उग्र आंदोलन करने पर होगी मजबूर : डॉ. बिंदल

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान

**नाहन।** भारतीय जनता पार्टी ने नाहन विधानसभा क्षेत्र में सड़कों की दुर्दशा के विरोध में औद्योगिक क्षेत्र मोगीनंद में एक सांकेतिक विरोध-प्रदर्शन किया और सड़कों की खराब हालत पर अपना विरोध जताया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने किया।




नाहन में सांकेतिक धरना-प्रदर्शन करते भाजपा कार्यकर्ता।

इस प्रदर्शन में विभिन्न पंचायतों के पंचायत प्रतिनिधि, स्थानीय लोग, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने इस अवसर पर कहा कि सड़कों को पहाड़ों की भाग्य रेखाएं कहा जाता है, लेकिन वर्तमान कांग्रेस सरकार के निकम्मेपन के कारण इन भाग्य रेखाओं की हालत अत्यंत खस्ता है। ऐसा लगता है कि हिमाचल की भाग्य रेखओं का स्थान गड्ढों ने ले लिया है। डॉ. बिंदल ने कहा कि नाहन विधानसभा क्षेत्र में सड़कों की हालत अत्यंत खस्ता है, हर समय दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है, जबकि सरकार और स्थानीय विधायक चुप बैठे हुए हैं। उच्च मार्ग सहित ग्रामीण सड़कों की हालत चिंता जनक है।

उन्होंने कहा कि यदि आगामी 15 दिनों के भीतर नाहन क्षेत्र की सड़कों की हालत नहीं सुधारी गई तो जनता को उग्र आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा। डॉ. बिंदल ने कहा कि खेदनजक है कि आज नाहन विधानसभा क्षेत्र एक ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां पिछले एक साल से सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे पड़े हैं और गड्ढों में मिट्टी डालकर खाना पूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि सड़कों में पड़े गड्ढों में मिट्टी डलने के कारण लोगों का जीना दूभर हो गया है। बरसात के दिनों में गड्ढों की यह मिट्टी दलदल और कीचड़ बन जाती थी और अब बरसात के बाद चारों ओर धूल ही धूल हो रही है। बिंदल ने कहा कि सड़कों के किनारे रहने वालों लोगों की जिंदगी बरबाद हो गई है और नियमित रूप से वाहन में सफर करने वाले लोगों की हालत भी खस्ता है।

# नुक्कड़ नाटक से आपदा के प्रति किया जागरूक

अनंत ज्ञान, सोलन

सूचना एवं जन संपर्क विभाग के संबद्ध कलाकारों ने जिला सोलन के विभिन्न क्षेत्रों में गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को आपदा के दौरान सुरक्षा एवं बचाव के बारे में जागरूक किया।



राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुमती में नुक्कड़-नाटक के दौरान छात्र व शिक्षक।

पूजा कला मंच बाड़ीधार के कलाकारों ने अर्की बस अड्डे तथा राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुमती में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अवगत करवाया कि उन आपदाओं के बारे में जानिए जो पहले भी आपके क्षेत्र में हो चुकी है और जानो-माल की हानि व स्थानीय समुदाय को प्रभावित कर चुकी हैं। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण व सरल उपाय जैसे भूकंप के दौरान 'झुको-ढको-पकड़ो' और पहने हुए कपड़ों के आग पकड़ लेने पर 'रुको-झुको-पलटो' का नियमित अभ्यास करें। पर्वतीय लोक कला मंच कसौली के कलाकारों द्वारा धर्मपुर तथा परवाणू में गीत-संगीत के माध्यम से लोगों को अवगत करवाया कि आपदाओं को रोका नहीं जा सकता, लेकिन पूर्वाभ्यास से जानो-माल के नुकसान को न्यून किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आपदा से बचाव के लिए घरों में प्राथमिक उपचार किट रखें, ताकि आपदा के उपरांत घायल व्यक्ति को त्वरित उपचार दिया जा सके। इससे बहुमूल्य जीवन को बचाने में सहुलियत होगी। शिव शक्ति कला मंच के कलाकारों द्वारा ग्राम पंचायत दिग्गल और ग्राम पंचायत रामशहर में लोगों को आपदा से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। लोगों को अवगत करवाया गया कि आपदा की स्थिति से निपटने के लिए पूर्व में ही सभी तैयार करना सुनिश्चित बनाएं। आपदा किट, टॉर्च या रिचार्जेबल लाइट, प्राथमिक उपचार किट तथा सम्पर्क सूची एकत्रित कर रखें और परिवार के सभी सदस्यों को इससे अवगत करवाएं, ताकि आपात स्थिति में इनका इस्तेमाल किया जा सके। इस दौरान लोगों को हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा तैयार की गई प्रचार सामग्री भी वितरित की गई।

# चौकी में लंगर भवन के लिए रीना कश्यप ने दिए तीन लाख

अनंत ज्ञान, राजगढ़

राजगढ़ उपमंडल की डिंबर पंचायत में आयोजित तीन दिवसीय चौकी मेला रविवार को संपन्न हुआ। समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि विधायक रीना कश्यप ने शिरकत की। इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता के साथ दंगल का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक रीना कश्यप ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवी-देवताओं की भूमि है और चौकी का यह मेला झंडा जी के नाम से वर्षों से परंपरागत रूप से आयोजित होता आ रहा है। ग्रामीणों एवं मेला कमेटी की मांग पर उन्होंने विधायक निधि से जेठा स्थान भगोडीया (चबूतरा) के लिए डेढ़ लाख रुपये, ऐच्छिक निधि से मेला कमेटी को 50 हजार रुपए और चौकी में लंगर भवन के निर्माण के लिए तीन लाख रुपए देने की घोषणा की। इस दौरान विधायक ने ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मेलों से लोगों में आपसी एकता और सामाजिक समरसता को बल मिलता है।

# 31 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू एक को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला रोजगार अधिकारी जगदीश कुमार ने जानकारी दी कि 31 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू प्रथम नवंबर को जिला रोजगार कार्यालय सोलन में आयोजित किया जाएगा। इनमें अनंत ज्ञान, सोलन में 21 पद, मैसर्ज़ वर्मा सन्स ज्वैलर्स चौक बाजार सोलन में तथा जेएम लैबोरेट्रीज सोलन में हेल्पर के 10 पद शामिल हैं। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक या स्नातकोत्तर तथा आयु सीमा 21 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है। सिक्योरिटी गार्ड पद हेतु शस्त्र लाइसेंस अनिवार्य है। इच्छुक उम्मीदवार ईईएमआईएस पोर्टल पर कैंडिडेट लॉगिन टैब के माध्यम से पंजीकरण कर अपनी योग्यता अनुसार आवेदन कर सकते हैं। आवेदन से पूर्व रोजगार कार्यालय में नाम पंजीकृत होना आवश्यक है। उम्मीदवार अपने सभी आवश्यक प्रमाण-पत्रों सहित 1 नवंबर को प्रात: 10:30 बजे सोलन कार्यालय में उपस्थित हों। यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

**आयोजन** शिक्षा मंत्री ने भनोग स्कूल के नव निर्मित विज्ञान प्रयोगशाला भवन का किया लोकार्पण

# शिक्षा मंत्री से सम्मान पाकर खिले मेधावियों के चेहरे

अनंत ज्ञान, नाहन

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर सिरमौर जिला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भनोग के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे तथा उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थीयों को पुरस्कार भी वितरित किए ।



कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर व अन्य।

इस दौरान शिक्षा मंत्री ने 51 लाख रुपए की लागत से नव निर्मित विज्ञान प्रयोगशाला भवन का लोकार्पण किया। शिक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने शिक्षा के स्तर को और अधिक सुदृढ करने तथा विद्यार्थियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना के अंतर्गत स्नातकोत्तर शिक्षा के लिए एक प्रतिशत ब्याज दर पर 20 लाख रुपए तक की शिक्षा ऋण सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया है तथा लाभार्थी विद्यार्थी के परिवार की आय सीमा को भी 4 लाख रुपये से बढ़ाकर 12 लाख रुपए प्रति वर्ष कर दिया गया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार के सुधारवादी निर्णयों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं से 87 हजार से अधिक विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया है। बाल पोषण आहार योजना के तहत 15,181 स्कूलों के 5.34 लाख से अधिक छात्रों को पौष्टिक भोजन प्रदान किया जा रहा है तथा स्कूलों में स्मार्ट ड्रेस प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त कृषि, बागवानी तथा पर्यटन जैसे स्वरोजगार उन्मुख पाठ्यक्रम को वैकल्पिक विषय के रूप में आरंभ किया गया है, ताकि स्वरोजगार अपनाकर युवा अपनी आर्थिकी सुदृढ कर सके।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार के कार्यकाल में हिमाचल प्रदेश ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है और पूरी तरह से साक्षर राज्य बनने का लक्ष्य हासिल किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश वर्ष 2021 में 21वें स्थान पर था और अब आगे बढ़कर शीर्ष पांच राज्यों में शामिल हो गया है। छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप तैयार करने के लिए सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा शुरू की गई है, और अगले शैक्षणिक सत्र से 100 सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को सीबीएसई बोर्ड से संचालित किया जाएगा।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया । शिक्षा मंत्री ने अपनी ऐच्छिक निधि से 20 हजार रुपए की राशि भी प्रदान की। इस दौरान जिला परिषद सदस्य आन्नद परमार, कांग्रेस नेत्री दयाल प्यारी तथा पूर्व विधान सभा अध्यक्ष गंगूराम मुसाफिर ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा क्षेत्र वासियों की ओर से मुख्य अतिथि का अभिनंदन किया और क्षेत्र की समस्याओ व मांगो को मुख्य अतिथि के समक्ष रखा। इस दौरान क्षेत्र वासियो ने अपनी समस्याएं व मांगे भी शिक्षा मंत्री के समक्ष रखी।

# एनसीसी कैंप से एकता व अनुशासन का सबक लेकर लौटे 400 कैडेट्स



एनसीसी कैंप में हिस्सा लेते कैडेट्स।

अनंत ज्ञान, सोलन

फर्स्ट एचपी एनसीसी ब्वॉयज बटालियन सोलन की ओर से बद्दी स्थित चितकारा यूनिवर्सिटी में चल रहा 10 दिवसीय एनसीसी कैंप संपन्न हुआ।

फर्स्ट एचपी एनसीसी ब्वॉयज बटालियन सोलन कर्नल राजीव थॉमस के नेतृत्व में आयोजित इस कैंप में 400 कैडेट्स एकता और अनुशासन का सबक लेकर लौटे। पहली एचपी एनसीसी बॉयज बटालियन सोलन कर्नल राजीव थॉमस ने अपने संबोधन में एकता, अनुशासन और देशभक्ति के मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश दिया। कर्नल राजीव थॉमस ने कहा कि शिविर के मुख्य उद्देश्य अनुशासन, जिम्मेदार और बेहतर नागरिकों का विकास करना है। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स के भविष्य को आकार देने में अनुशासन, टीमवर्क और नैतिक मूल्यों के महत्व पर बल दिया। कर्नल थॉमस ने कहा कि एनसीसी युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करती है और उन्हें राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा देती है। प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स के अलावा 5 जेसीओ, 13 एनसीओ, 3 ईएसएम, 7 सिविल स्टाफ,4 एएनओ और आरडीसी 120 कैडेट्स ने भाग लिया। विभिन्न गतिविधियों, परेड अभ्यास, फायरिंग, व्यक्तित्व विकास सत्रों और देशभक्ति से जुड़ी कार्यशालाओं के माध्यम से कैडेट्स के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित रहा। इस अवसर पर कर्नल एएस सिद्धू, एडमिन ऑफिसर एडमिन ऑफिसर सुबेदार मेजर सुनील कुमार, एएनओ अनिल राणा, अंजना ठाकुर, ज्योति, डॉ. प्रशांत, नीरज राठौर विकास, जैस्मिन समेत अन्य मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### पंचकूला में सनातन संस्कृति जागरण अभियान 30 से

**अनंत ज्ञान, पंचकूला।** सुधांशु जी महाराज और डॉ. अर्चिका दीदी के नेतृत्व में विश्व जागृति मिशन 30 अक्तूबर से 2 नवंबर तक पंचकूला में सनातन संस्कृति जागरण अभियान का आयोजन कर रहा है। यह चार दिवसीय कार्यक्रम देशभर से आए श्रद्धालुओं और विशेष अतिथियों को भारत की सनातन परंपराओं और मूल्य आधारित जीवन के प्रति जागरूक करेगा। आयोजन में सत्संग, भक्ति कीर्तन और प्रवचन शामिल होंगे, जिनका उद्देश्य श्रद्धा, सद्भाव और सांस्कृतिक चेतना का पुनर्जागरण करना है। इस अवसर पर योगगुरु स्वामी रामदेव, आचार्य बालकृष्ण, केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय नेता, संत और विद्वान उपस्थित रहेंगे। सुधांशु जी महाराज ने इसे 'राष्ट्रीय चेतना का जागरण' बताया, जबकि डॉ. अर्चिका दीदी ने युवाओं को संस्कार और सांस्कृतिक गौरव की ओर मार्गदर्शन देने का महत्त्व रेखांकित किया।

### सामाजिक सेवा और भक्ति का संगम: 188वां अन्न भंडारा

**अनंत ज्ञान, पंचकूला।** छठ पूजा के अवसर पर पुरुषोत्तम दास रुंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट ने इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-1 में भक्ति और सेवा के साथ अन्न भंडारा आयोजित किया। इस अवसर पर व्रतधारी महिलाएं भी उपस्थित हुईं और भोजन ग्रहण कर अपना व्रत खोला। यह ट्रस्ट का 188वां भंडारा था। भंडारे की शुरुआत भगवान सूर्य देव और माता छठी माई के नाम से हुई। सैकड़ों जरूरतमंदों और राहगीरों को भोजन वितरित किया गया, जबकि व्रतधारी महिलाओं ने अपना व्रत खोला। ट्रस्ट के संस्थापक अभिताभ रुंगटा ने कहा कि यह पर्व सूर्य उपासना और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है, और अन्न भंडारा समाज के सभी वर्गों तक सेवा और सहयोग की भावना पहुंचाता है। अनुपमा रुंगटा, चैतन्य रुंगटा और अन्य सदस्यों ने सक्रिय रूप से सेवा कार्य में भाग लिया।

### सेवा भावना से मजबूत होती है सामाजिक व्यवस्था

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के सहकारिता, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार गरीब, वंचित और पात्र परिवारों के उत्थान के लिए समर्पित है। उन्होंने सामाजिक और धार्मिक संगठनों तथा समाजसेवियों की सेवा भावना को समाज की मजबूती का आधार बताया। डॉ. शर्मा मंगलवार को गोहाना में आयोजित सामाजिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और 300 से अधिक पात्र महिलाओं को कुल 13 लाख रुपए की पेंशन चेक वितरित किए। उन्होंने बताया कि सामाजिक सुरक्षा भत्ता को 3000 रुपए से बढ़ाकर 3200 रुपए मासिक किया गया है, जो नवंबर से लाभार्थियों को प्रदान किया जाएगा। सहकारिता मंत्री ने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के माध्यम से पात्र परिवारों को मुख्यधारा से जोड़ने और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने पर जोर दिया। उन्होंने समाजसेवी विजय करवाल और उनके परिवार की पेंशन वितरण में सहयोग के लिए प्रशंसा की। डॉ. शर्मा ने सभी को जरूरतमंदों की सहायता करने की अपील की और मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत पात्र महिलाओं को पंजीकरण के लिए प्रेरित किया। अब तक 6 लाख से अधिक महिलाओं ने योजना के लिए पंजीकरण करवाया है और उन्हें 2100 रुपए मासिक सहायता प्राप्त होगी।

### हमेशा किसानों के साथ खड़ी है हरियाणा सरकार : कृषि मंत्री

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार प्रदेश के किसानों के साथ खड़ी है और लगातार किसानों की भलाई के कार्य कर रही है। प्रदेश की मंडियों में एमएसपी पर फसलों का दाना-दाना खरीदा जा रहा है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि फसल खरीद के दौरान किसी भी किसान को परेशानी का सामना ना करना पड़े। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा आज चरखी दादरी में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कृषि मंत्री ने समिति के समक्ष रखी गई कुल 16 शिकायतों में से 8 का मौके पर ही समाधान करवाया और 8 शिकायतों के समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। पत्रकारों से बात करते हुए श्री राणा ने कहा कि राज्य सरकार लगातार किसानों की भलाई के कार्य कर रही है। किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए सरकार की ओर से कल्याणकारी योजनाएं भी लागू की गई हैं। सरकार की योजना के अनुसार जल्द ही भावांतर भरपाई योजना की राशि जारी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बारिश के कारण खराब हुई फसलों के सत्यापन का कार्य अंतिम चरण में है और जल्दी ही किसानों के बैंक खातों में ज्यादा बरसात से खराब हुई फसलों का मुआवजा डाला जाएगा।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत बन रहा आर्थिक शक्ति : सीएम सैनी

## जीएसटी सुधार और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में नीतियां मील का पत्थर होंगी साबित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और केंद्र सरकार की क्रांतिकारी आर्थिक नीतियों की वजह से भारत तेजी से विकास की राह पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि 'एक राष्ट्र, एक टैक्स' की अवधारणा के तहत जीएसटी लागू होने से भारत एक एकीकृत बाजार में बदल गया है, जिससे व्यापार सुगम हुआ और राज्यों के बीच करों का जाल खत्म हुआ। हाल ही में किए गए जीएसटी सुधार आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे।

मुख्यमंत्री ने बिहार के पटना में बिहार चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 'स्वदेशी' और 'मेक इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड' के आह्वान ने विनिर्माण क्षेत्र को नई दिशा दी है। डिजिटल इंडिया के तहत यूपीआई और डीबीटी जैसी पहलों ने पारदर्शिता बढ़ाई है और भ्रष्टाचार कम कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सड़क, रेल, हवाई अड्डा और बंदरगाहों में अभूतपूर्व निवेश हुआ है, जिससे व्यापार और लॉजिस्टिक्स की लागत कम हुई है। 'विकसित भारत-2047' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए राज्यों को मिलकर काम करना होगा। बिहार में डबल इंजन की सरकार ने जीडीपी वृद्धि दर 14 प्रतिशत से अधिक दर्ज की है और औद्योगिक क्षेत्र का योगदान 23 प्रतिशत हो गया है।

मुख्यमंत्री ने युवाओं को उद्योग-आधारित प्रशिक्षण देने के लिए, भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर स्किल यूनिवर्सिटी और 'एक जिला-एक उद्योग' योजना का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि मखाने को विश्व बाजार में स्थापित करने के लिए मखाना बोर्ड की स्थापना का उल्लेख किया। बिहार में निवेशकों के लिए नीतिगत सुधार किए जा रहे हैं और उद्योगों को निशुल्क भूमि देने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि बिहार में चमड़ा और कपड़ा उद्योग सहित अन्य क्षेत्रों को प्रोत्साहन मिल रहा है, जिससे युवाओं को रोजगार और अर्थव्यवस्था में गुणात्मक सुधार सुनिश्चित होगा। इस अवसर पर बिहार चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया।

# हरियाणा में औद्योगिक विकास को नई उड़ान : अनुराग रस्तोगी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में एमएसएमई और अवसंरचना योजनाओं की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य छोटे और मध्यम उद्यमों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना और निवेशकों के लिए हरियाणा को सबसे आकर्षक गंतव्य बनाना है।

**पंचकूला में 13.59 करोड़ रुपए से बना ग्लोबल इंटरफेस फॉर ट्रेड फैसिलिटेशन 'गिफ्ट सेल'**

पंचकूला में ग्लोबल इंटरफेस फॉर ट्रेड फैसिलिटेशन (गिफ्ट सेल) की स्थापना की गई है, जिस पर 13.59 करोड़ रुपए खर्च किए गए। इसमें 8 विशेषज्ञ अधिकारी राज्य के छोटे और मध्यम उद्योगों को निर्यात, गुणवत्ता प्रमाणन और वैश्विक बाजार में विस्तार के लिए मार्गदर्शन दे रहे हैं। अंबाला, फरीदाबाद और गुरुग्राम में भी विशेषज्ञ टीमें उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय व्यापार में भाग लेने और विदेशी खरीदारों से जोड़ने में मदद कर रही हैं।

मुख्य सचिव ने हरियाणा की क्लस्टर 'प्लग एंड प्ले' योजना का उल्लेख करते हुए बताया कि अब तक 64 परियोजनाओं को मंजूरी मिली है, जिन पर 318.49 करोड़ रुपए अनुदान स्वीकृत किए गए हैं। साथ ही 143 प्रखंडों में लघु औद्योगिक पार्क स्थापित किए जा रहे हैं।

सरकार ने 1,113 अनुपालनों को समाप्त कर उद्योग जगत को राहत दी है और 842 व्यवसाय-संबंधी नियमों को सरल बनाया है। महिला सुरक्षा और युवाओं के कौशल विकास के लिए 33 महिला थाने, 200 सहायता डेस्क और 86 उन्नत कौशल केंद्र स्थापित किए गए हैं।

रस्तोगी ने इसे हरियाणा की ग्रामीण औद्योगिक क्रांति बताया, जिससे छोटे शहरों और गांवों में रोजगार और उद्यमिता दोनों को बल मिलेगा।

# वनीत इन्फ्रा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, जिरकपुर**

वनीत इन्फ्रास्ट्रक्चर्स एंड डेवलपर्स प्रा. लि., उत्तर भारत की प्रमुख रियल एस्टेट कंपनी, ने अपनी उत्कृष्ट टीम के सदस्यों का सम्मान करते हुए दीपावली की पूर्व संध्या पर भव्य रिवार्ड्स एंड रिकग्निशन गाला आयोजित किया। Building Trust, Delivering Excellenc के सिद्धांत पर काम करने वाली कंपनी ने Parivar Greens, City Court, FashionTV PARC, Aerotown Bazaar, Sunwise, और The Mall of Chandigarh जैसे कई लैंडमार्क प्रोजेक्ट्स सफलतापूर्वक पूरे किए हैं। इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को Baleno, Grand Vitara और Swift कारों के साथ iPhones और अंतरराष्ट्रीय यात्राओं से नवाजा गया। कंपनी के चेयरमैन बीडी गर्ग, प्रबंध निदेशक वीनीत गर्ग, और जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर जेएस सलूजा ने विजेताओं को उनके लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन और टीम भावना के लिए बधाई दी। वीनीत गर्ग ने कहा कि हमारे लोग हमारी सफलता की असली नींव हैं। उनकी ऊर्जा और प्रतिबद्धता हर उपलब्धि को सार्थक बनाती है। आज की शाम उसी भावना का उत्सव है।

# हरियाणा में अनुसूचित जाति के 428 लाभार्थियों को दी वित्तीय सहायता

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान सितंबर 2025 तक अनुसूचित जाति के 428 लाभार्थियों को कुल 328.17 लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की है, जिसमें 32.03 लाख रुपए सब्सिडी भी शामिल है। निगम के प्रवक्ता ने बताया कि यह सहायता कृषि, औद्योगिक, व्यापार और स्व-रोजगार क्षेत्रों में दी गई। कृषि क्षेत्र में 214 लाभार्थियों को डेयरी फार्मिंग, भेड़ पालन और सूअर पालन के लिए 176.05 लाख रुपए उपलब्ध कराए गए, जिसमें 164 लाख बैंक ऋण और 12.05 लाख सब्सिडी थी। औद्योगिक क्षेत्र के लिए 214 लाभार्थियों को 152.12 लाख रुपए प्रदान किए गए, जिसमें 116.93 लाख बैंक ऋण, 19.98 लाख सब्सिडी और 15.21 लाख मार्जिन मनी शामिल हैं। प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि केवल उन अनुसूचित जाति परिवारों को लाभ मिलता है जिनकी वार्षिक आय ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 3 लाख रुपए से अधिक नहीं है। निगम बैंकों के सहयोग से डेयरी फार्मिंग, ब्यूटी पार्लर, टेंट हाउस, वेल्डिंग, किराना दुकान, बैंड पार्टी आदि जैसी आय सृजन योजनाओं में ऋण प्रदान करता है। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम (एनएसएफडीसी) की योजनाओं में व्यवसाय की पात्रता मानदंड पूरा करने वाले परिवार लाभ उठा सकते हैं, जिसमें आय सीमा की बाध्यता नहीं है।

# चंडीगढ़ विजिलेंस ने आयोजित किया सतर्कता जागरूकता सप्ताह

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



पुलिस स्टेशन विजिलेंस, चंडीगढ़ द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 के अंतर्गत पुलिस लाइन, सेक्टर-26, नगर निगम कार्यालय, सेक्टर-17 तथा एस्टेट कार्यालय, सेक्टर-17, चंडीगढ़ में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें लगभग 250 अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

इन कार्यक्रमों के दौरान विजिलेंस शाखा के अधिकारियों ने व्याख्यान दिया और सार्वजनिक सेवा में ईमानदारी एवं पारदर्शिता बनाए रखने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने सभी को सतर्कता का मूलमंत्र अपनाने, पीआईडीपीआई Public Interest Disclosure and Protection of Informers संकल्प को समझने तथा पुलिस स्टेशन विजिलेंस, चंडीगढ़ में उपलब्ध 24×7 विजिलेंस हेल्पलाइन का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

यदि किसी प्रकार की रिश्वत की मांग, अनुचित लाभ हेतु दबाव या भ्रष्टाचार संबंधी कोई शिकायत हो, तो नागरिक निम्न माध्यमों से चंडीगढ़ विजिलेंस विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

## देश-विदेश

# ट्रंप को मलाल, तीसरी बार नहीं बन सकेंगे राष्ट्रपति

**एजेंसी, सियोल**

**डोनाल्ड** ट्रंप ने तीसरी बार अमेरिका का राष्ट्रपति न बन पाने को लेकर अपनी निराशा जताई है। ट्रंप ने कहा कि कानून की वजह से वे ऐसा नहीं कर सकते। पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने यह बात कही। 2028 के चुनावों में उपराष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने के बारे में पूछा गया था।

इस पर ट्रंप ने कहा था कि उन्हें इसकी परमिशन है, लेकिन वे ऐसा नहीं करेंगे। ट्रंप ने कहा कि अगर वे ऐसा करते हैं तो यह लोगों को पसंद नहीं आएगा। ट्रंप आज साउथ कोरिया के दौरे पर पहुंचे हैं। उन्होंने साउथ कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्युंग से मुलाकात की। साउथ कोरिया ने राष्ट्रपति ट्रंप को अपने सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड ऑर्डर ऑफ मुगुंगह्वा' से नवाजा है। इसके साथ ही राष्ट्रपति म्यूंग ने ट्रंप को एक सोने का मुकुट भी गिफ्ट किया। ट्रंप साउथ कोरिया में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग के कारोबारी नेताओं के साथ लंच कार्यक्रम शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'सबसे अच्छा दिखने वाला इंसान' बताया है। ट्रंप ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी एक शानदार दिखने वाले व्यक्ति हैं। लेकिन वह एक किलर हैं, बहुत सख्त हैं। उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की भी तारीफ की। (अनंत ज्ञान)

### प्रधानमंत्री मोदी ने जापान की नई पीए साने ताकाइची से की बातचीत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची से बातचीत कर उन्हें पदभार संभालने पर बधाई दी।

इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-जापान के विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को और सुदृढ़ करने पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पोस्ट में इसकी जानकारी साझा करते हुए कहा कि बातचीत में आर्थिक सुरक्षा, रक्षा सहयोग और प्रतिभा आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया। दोनों देशों ने इस बात पर सहमति जताई कि भारत-जापान के बीच मजबूत संबंध वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। (अनंत ज्ञान)

# नागपुर में किसानों का प्रदर्शन, हाईवे जाम सीएम बोले- बातचीत से हल निकालें

**एजेंसी, नागपुर**

**महाराष्ट्र** के नागपुर में कर्ज माफी की मांग को लेकर किसानों के प्रदर्शन का बुधवार का दूसरा दिन है। यह प्रदर्शन प्रहार जनशक्ति पार्टी के नेता बच्चू कडू के नेतृत्व में हो रहा है। किसानों ने स्टेट हाईवे को जाम किया है। बच्चू कडू ने दावा किया कि प्रदर्शन में एक लाख किसान शामिल हो रहे हैं।

इनमें महिलाएं भी होंगी। उधर, सीएम देवेंद्र फडणवीस ने बच्चू कडू से अपील की कि वे किसानों के मुद्दों पर सरकार के साथ चर्चा करें, न कि ऐसे आंदोलन करें, जिनसे जनता को असुविधा हो। एक दिन पहले मंगलवार को भी हजारों किसान नागपुर-हैदराबाद हाईवे (एनएच-44) पर उतर आए थे। उन्होंने करीब 7 घंटे तक हाईवे जाम रखा था। किसानों की मांग है कि सरकार ने चुनावों के दौरान कर्ज माफी और फसल बोनस का वादा किया था, लेकिन अब तक किसी को राहत नहीं मिली। फडणवीस पुणे में एक कार्यक्रम के लिए पहुंचे थे। वहां उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आंदोलन से पहले, हमने एक बैठक बुलाई थी और आश्वासन दिया था कि बातचीत के जरिए समाधान निकाला जा सकता है। बच्चू कडू पहले तो राजी हो गए थे, लेकिन उन्होंने बताया कि वह बैठक में शामिल नहीं हो पाएंगे। राज्य मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने भी कडू से संपर्क किया है। बातचीत के बाद ही कोई रोडमैप तैयार किया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

### कोलकाता में ईडी का छापा, कारोबारी के घर से एक करोड़ रुपए की नकदी बरामद

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलाकाता स्थित तारातला इलाके में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार सुबह एक कारोबारी के घर पर छापेमारी कर एक करोड़ रुपए से अधिक नकद और भारी मात्रा में आभूषण बरामद किए हैं। इसके साथ ही ईडी की एक अन्य टीम ने बागुईआटी में भी छापेमारी की है। ईडी सूत्रों के अनुसार, यह जांच नगर निगम नियुक्ति घोटाले के तहत हुई है और तलाशी अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि तारातला में कारोबारी के आवास से अब तक लगभग एक करोड़ 20 लाख रुपए नकद मिले हैं। नोटों की गिनती जारी है। जांच अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि इतनी बड़ी राशि कारोबारी के पास कैसे पहुंची और क्या इसका सीधा संबंध नगर निगम नियुक्ति घोटाले से है। इससे पहले, मंगलवार को भी ईडी ने बेलघाटा समेत कोलकाता के कई स्थानों पर छापेमारी की थी। बेलघाटा के हेमचंद्र नस्कर रोड स्थित एक कारोबारी के घर पर की गई उस कार्रवाई में भी कई अहम दस्तावेज हाथ लगे थे। (अनंत ज्ञान)

### पाल में हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, पायलट सुरक्षित

**एजेंसी, काठमांडू।** नेपाल में सगरमाथा एवरेस्ट बेस कैंप के पास सोलुखुम्बु के लोबुचे में बुधवार सुबह अल्टिच्यूट एयर का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पायलट सुरक्षित है। सोलुखुम्बु के पुलिस उपाधीक्षक मनोजित कुंवर ने इसकी पुष्टि की। पुलिस उपाधीक्षक कुंवर ने बताया कि हेलीकॉप्टर में केवल पायलट विवेक खड़का सवार थे। वे सुरक्षित हैं। यह हेलीकॉप्टर एक पर्यटक के बचाव के लिए गया था और लैंडिंग के दौरान बर्फ में फिसलने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया। (अनंत ज्ञान)

### मध्य वियतनाम में बाढ़, 9 की मौत, कई लापता


**एजेंसी, हनोई।** वियतनाम के मध्य इलाके में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य व्यक्ति लापता बताए गए हैं। सरकार की ओर से बुधवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। बाढ़ में एक लाख से भी ज्यादा घर जलमग्न हो गए हैं और बिजली एवं पानी की आपूर्ति बाधित हुई है। बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले इलाकों में देश के प्रमुख पर्यटन स्थल ह्यू और होई आन शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

### केंद्रीय रक्षा मंत्री कुआलालंपुर में 12वीं आसियान रक्षा मंत्री बैठक प्लस में लेंगे भाग

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एक नवंबर को मलेशिया के कुआलालंपुर में 12वीं आसियान रक्षा मंत्री बैठक प्लस (एडीएमएम-प्लस) में भाग लेंगे। वे 'एडीएमएम-प्लस के 15 वर्षों पर चिंतन और भविष्य की रूपरेखा' विषय पर आयोजित मंच को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही मलेशिया की अध्यक्षता में 31 अक्टूबर को आसियान-भारत रक्षा मंत्रियों की दूसरी अनौपचारिक बैठक होगी, जिसमें आसियान के सभी सदस्य देशों के रक्षा मंत्री भाग लेंगे। इस बैठक का उद्देश्य आसियान देशों और भारत के बीच रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करना तथा 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' को आगे बढ़ाना है। (अनंत ज्ञान)

# संसद में बना कानून कोई नहीं हटा सकता: राजनाथ सिंह

**एजेंसी, छपरा।** पटना के बाढ़ में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आरजेडी और कांग्रेस के राज में विकास पर ब्रेक लग गया था। इस ब्रेक को अगर कोई तोड़ सकता है, तो वह केवल एनडीए सरकार ही है। हमें जंगलराज नहीं चाहिए, विकास चाहिए। उन्होंने कहा, पहले एक नारा था- ना खाता न बही, जो लालू कहे वही सही। अब ये नहीं चलेगा। अगर एक भी बच्चे का अपहरण हो जाए तो हम उसको उल्टा कर देंगे। देश को बनाना हमारी जिम्मेदारी है। परिवार बनाने के लिए हम राजनीति नहीं करना चाहते। बाढ़ के बाद राजनाथ सिंह छपरा जाने वाले थे, लेकिन मोन्था तूफान के चलते उनका कार्यक्रम रद्द हो गया है। इससे पहले राजनाथ ने दरभंगा के हायाघाट विधानसभा में सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राजद के लोगों ने किस तरीके से बिहार को केवल सारी दुनिया में बदनाम किया। क्या-क्या आरोप लगते हैं? जो यहां का मुख्यमंत्री रह चुका हो उसको सालों तक जेल की हवा खानी पड़ती है। (अनंत ज्ञान)



# भारत-चीन के बीच सैन्य वार्ता पूर्वी लद्दाख की स्थिति पर चर्चा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** और चीन की सेनाओं ने उच्च स्तरीय सैन्य वार्ता की, जिसमें पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति और सुरक्षा बनाए रखने पर फोकस किया गया। चीन के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी।

मंत्रालय ने बताया कि कोर कमांडर स्तर की 23वें दौर की वार्ता 25 अक्तूबर को भारतीय क्षेत्र में मोल्दो-चुशुल सीमा पर मिलन बिंदु पर हुई।

दोनों पक्षों ने चीन-भारत सीमा के पश्चिमी भाग के प्रबंधन पर सक्रिय और गहन चर्चा की। हालांकि, भारतीय अधिकारियों की तरफ से इस बैठक को लेकर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। चीन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के फैसले के अनुसार संवाद और वार्ता जारी रखने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने कहा, वे (सेनाएं) दोनों देशों के नेताओं की बीच बनी अहम सहमति के मार्गदर्शन में सैन्य और राजनयिक माध्यमों से संचार और बातचीत जारी रखने व चीन-भारत सीमा क्षेत्रों में संयुक्त रूप से शांति और स्थिरता बनाए रखने पर सहमत हुए। 2020 में गलवां घाटी में भारत और चीन के बीच टकराव हुआ था। (अनंत ज्ञान)

### पाकिस्तान बोला- भारत हमें छोटी जंग में उलझाना चाहता, तालिबान कर रहा मदद

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि भारत उनके देश को छोटे पैमाने पर लगातार संघर्षों में उलझाए रखना चाहता है, ताकि पाकिस्तान की सुरक्षा और स्थिरता पर दबाव बना रहे। उन्होंने दावा किया कि इस रणनीति में अफगानिस्तान की तालिबान सरकार भी भारत की मदद कर रही है। उन्होंने यह बात मंगलवार रात पाकिस्तानी चैनल 'जियो न्यूज' के एक कार्यक्रम में कही। आसिफ ने कहा कि अफगान तालिबान सरकार को पाकिस्तान से आधिकारिक बातचीत करने का कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि उसका पूरे अफगानिस्तान पर नियंत्रण नहीं है। उनके मुताबिक, कई इलाकों में स्थानीय गुट खुद फैसले लेते हैं और तालिबान सरकार उन्हें रोकने में नाकाम है। कुछ घंटे बाद पाक के सूचना मंत्री ने ऐलान किया कि पाकिस्तान और अफगान तालिबान के बीच चल रही शांति वार्ता विफल हो गई है। हाल के दिनों में दोनों देशों की सेनाओं के बीच सीमावर्ती इलाकों पर कई झड़पें हुई हैं। पाकिस्तान ने आरोप लगाया है कि अफगान सीमा की ओर से तहरिक-ए-तालिबान पाकिस्तान जैसे आतंकी गुटों को शरण और समर्थन मिल रहा है। (अनंत ज्ञान)

# इस्तांबुल में विफल रही पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच वार्ता

**एजेंसी, इस्तांबुल**

**तुर्किये** के सांस्कृतिक और आर्थिक केंद्र इस्तांबुल में अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच चल रही बातचीत बेनतीजा रही।

पाकिस्तान के संघीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तरार ने कहा कि इस्तांबुल में इस्लामाबाद और काबुल के बीच ताजा वार्ता कोई व्यावहारिक समाधान निकालने में विफल रही। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अपने नागरिकों को आतंकवाद से बचाने के लिए हर संभव कदम उठाएगा। तरार की इस टिप्पणी पर अफगानिस्तान की तरफ से अभी तक कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं आई है। इस्लामाबाद से छपने वाले अखबार डान की रिपोर्ट के अनुसार, सीमा पर कई दिनों तक चली लड़ाई और अफगानिस्तान में गुल बहादुर समूह के शिविरों पर इस्लामाबाद के हमलों के बाद सबसे पहले दोनों देशों ने दोहा में वार्ता की। दोहा वार्ता के बीच अस्थायी युद्धविराम पर सहमति बनी। दोनों देशों के बीच स्थायी शांति और स्थिरता के लिए तंत्र पर काम करने के लिए तुर्किये के इस्तांबुल में वार्ता करने की घोषणा की गई। पिछले हफ्ते दोनों पक्षों के बीच तुर्किये में दूसरे दौर की वार्ता शुरू हुई। (अनंत ज्ञान)

# इसराइल ने गाजा पर फिर किया हमला, 60 की मौत

## हमास पर सीजफायर के उल्लंघन का आरोप, 20 दिन पहले हुआ था समझौता

**एजेंसी, तेल अवीव**

**गाजा** में सीजफायर लागू होने के बीच इसराइल ने एक बार फिर हवाई हमले किए। इनमें 60 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो गई।

इसराइल ने दावा किया कि हमास ने पहले सीजफायर का उल्लंघन कर गाजा में तैनात उसके सैनिकों पर हमला किया। इसके जवाब में यह कार्रवाई की गई। हालांकि हमास ने आरोपों से इनकार किया है और कहा है कि वह सीजफायर का पालन कर रहा है। मंगलवार को इसराइल की ओर से किए गए हवाई हमलों ने



गाजा सिटी, खान यूनिस, बेत लहिया और अल-बुरैज जैसे घनी आबादी वाले इलाकों को निशाना बनाया। गाजा के अस्पतालों के मुताबिक, मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। गाजा सिटी के साबरा इलाके में एक मकान पर बमबारी में तीन महिलाओं सहित चार लोगों की मौत हुई।

### इसराइली रक्षामंत्री बोले- हमास ने 'रेडलाइन' क्रॉस की

**इसराइल** और हमास के बीच तनाव एक बार फिर तेज हो गया है। इसराइली रक्षा मंत्री इस्राइल कैट्ज ने आरोप लगाया कि हमास ने गाजा में मौजूद इजराइली सैनिकों पर हमला किया और मृत बंधकों के शव लौटाने के समझौते का उल्लंघन किया। उन्होंने कहा कि हमास ने रेडलाइन क्रॉस की है और अब उसकी इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उधर, इसराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार रात बयान जारी कर हमास के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के आदेश दे दिए हैं। दूसरी तरफ, हमास ने सभी आरोपों को खारिज किया है। संगठन का कहना है कि उसका किसी हमले से कोई संबंध नहीं और वह सीजफायर पर कायम है। हमास ने इजराइल की हवाई कार्रवाई को नागरिकों पर सीधा हमला बताया और आरोप लगाया कि इजराइल जानबूझकर सीजफायर तोड़ने की कोशिश कर रहा है।

इसराइल और हमास के बीच 20 दिन पहले सीजफायर समझौता हुआ था। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नेतन्याहू की मौजूदगी में 29 सितंबर को 20 सूत्री शांति योजना पेश की थी, जिस पर हमास ने 9 अक्तूबर को हामी भरी थी। (अनंत ज्ञान)

# दार्जिलिंग के महाकाल मंदिर में महिलाओं के लिए ड्रेस कोड लागू

**एजेंसी, दार्जिलिंग**

**शहर** के महाकाल मंदिर में 'मिनी स्कर्ट' या ऐसी कोई भी छोटी पोशाक पहनकर प्रवेश करने पर पाबंदी लगा दी गई है। मंदिर कमेटी की ओर से एक पोस्टर भी लगाया गया है। इसमें लिखा है कि महिलाओं को स्कर्ट पहनकर मंदिर परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं है। दरअसल, दार्जिलिंग में साल भर बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं।

विभिन्न पर्यटन स्थलों के साथ-साथ, महाकाल मंदिर भी एक पर्यटन स्थल है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग मंदिर में पूजा-अर्चना करने आते हैं। इस बार मंदिर में महिलाओं के लिए ड्रेस कोड लागू किया गया है। हालांकि, मंदिर में एक वैकल्पिक




व्यवस्था भी की गई है। अगर कोई स्कर्ट पहनती भी है, तो मंदिर में प्रवेश के लिए एक लंबा घाघरा पहनाया जाएगा। वहीं से उन्हें वह पोशाक पहनकर मंदिर में प्रवेश करना होगा। हालांकि इस तरह के दिशा-निर्देश से श्रद्धालुओं में असंतोष है, लेकिन कई लोगों ने मंदिर अधिकारियों की इस पहल की सराहना की है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### गत चैंपियन टिन्नी गिलिस को हराकर अनाहत सेमीफाइनल में

**एजेंसी, टोरंटो (कनाडा)।** भारत की 17 वर्षीय उभरती खिलाड़ी अनाहत सिंह ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बेल्जियम की गत चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त टिन्नी गिलिस को हराकर यहां कनाडा महिला ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गैर वरीयता प्राप्त अनाहत ने मंगलवार की रात को 36 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में दुनिया की सातवें नंबर की अपनी प्रतिद्वंद्वी को 3-0 (12-10, 11-9, 11-9) से हराया। यह भारतीय खिलाड़ी वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर है। यह अनाहत की अपने करियर की सबसे बड़ी और शीर्ष 10 खिलाड़ियों के खिलाफ पहली जीत है। वह इस टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में हैं, जो कि पीएसए टूर सिल्वर लेवल की प्रतियोगिता है। उन्होंने प्री-क्वार्टर फाइनल में फ्रांस की विश्व की 20वें नंबर की खिलाड़ी मेलिसा अल्वेस को हराया था। अब सेमीफाइनल में उनका मुकाबला इंग्लैंड की विश्व की 10वें नंबर की खिलाड़ी और चौथी वरीयता प्राप्त जीना कैनेडी से होगा। अनाहत ने जीत हासिल करने के बाद कहा, ''मैं वास्तव में उत्साहित हूं और वह (टिन्नी गिलिस) शीर्ष 10 खिलाड़ियों में से एक है और यह पहली बार है जबकि मैं शीर्ष 10 में शामिल किसी खिलाड़ी को हराने में सफल रही।'' (अनंत ज्ञान)

### नेट प्रैक्टिस के दौरान क्रिकेटर को सिर पर लगी गंभीर चोट, हालत नाजुक

**एजेंसी, मेलबर्न।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 सीरीज शुरू होने से पहले कंगारू धरती से एक दिल दहला देने वाली खबर आई है। मेलबर्न में एक युवा क्रिकेटर नेट प्रैक्टिस के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गया है। सिर पर गेंद लगने के बाद खिलाड़ी की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है और फिलहाल वह अस्पताल में लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर है। जानकारी के मुताबिक, यह हादसा 28 अक्तूबर की शाम करीब 4:45 बजे फर्नट्री गली के वॉली ट्यू रिजर्व मैदान पर हुआ। खिलाड़ी अपने क्लब मैच से पहले वार्मअप कर रहा था, तभी एक तेज गेंद सीधे उसके सिर पर लगी। घटना के बाद साथी खिलाड़ियों और अधिकारियों ने तत्काल मदद पहुंचाई। एंबुलेंस और पैरामेडिक टीम ने मौके पर ही प्राथमिक इलाज के बाद घायल क्रिकेटर को मोनाश मेडिकल सेंटर में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। (अनंत ज्ञान)

### पाक क्रिकेट में मचा बवाल, मोहम्मद रिजवान और पीसीबी में टकराव

एजेंसी, लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट एक नए विवाद में घिर गया है. रिपोर्ट के अनुसार टीम के विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड द्वारा जारी किए गए नए केंद्रीय अनुबंध पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया है। हाल ही में शाहीन शाह अफरीदी की जगह रिजवान को वनडे टीम का कप्तान बनाया गया था, लेकिन टी20 टीम में उनकी गैर-चयन और अनुबंध में की गई कटौती से वे नाराज बताए जा रहे हैं। रिपोर्टों के अनुसार, 30 अनुबंधित खिलाड़ियों में से केवल रिजवान ही ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने अब तक अनुबंध पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। इसे बोर्ड के हालिया फैसलों के प्रति असहमति का संकेत माना जा रहा है। पीसीबी ने अपने नए ढांचे में बड़ा बदलाव करते हुए एलीट श्रेणी 'ए' को खत्म कर दिया है, जो पहले केवल बाबर आजम, शाहीन अफरीदी और रिजवान जैसे शीर्ष खिलाड़ियों के लिए आरक्षित थी. अब, वरिष्ठ खिलाड़ियों समेत दस क्रिकेटरों को श्रेणी 'बी' में रखा गया है। (अनंत ज्ञान)

### शर्मिला निकोलेट का खूबसूरत अंदाज

**शर्मिला** निकोलेट भारत की एक इंडो-फ्रेंच प्रोफेशनल गोल्फर हैं जो यूरोपीय टूर के लिए क्वालीफाई करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय खिलाड़ियों में से एक हैं।



केवल 58 गेंदों का खेल हुआ, इंडिया ने एक विकेट पर बना लिए थे 97 रन

# भारत-ऑस्ट्रेलिया पहला टी-20 बारिश के कारण रहा बेनतीजा

**एजेंसी, कैनबरा**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच कैनबरा में खेला गया पहला टी20 मुकाबला बारिश में धुल गया, जिस कारण मैच बेनतीजा समाप्त हुआ। ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया था। बारिश ने मैच में दो बार खलल डाली। पहली बार मैच पांच ओवर की समाप्ति पर रुका, लेकिन दो ओवर की कटौती कर इसे दोबारा शुरू किया गया। जब मैच दोबारा शुरू हुआ तो 18-18 ओवर का मुकाबला कराने का फैसला किया गया।



भारत ने 9.4 ओवर में जब एक विकेट पर 97 रन बनाए थे, तब तेज बारिश के कारण मैच फिर रुका, लेकिन मैच दोबारा शुरू नहीं हो सका और लगातार बारिश के कारण मैच बेनतीजा घोषित करना पड़ा। भारत के लिए इस मैच में शुभमन गिल और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अच्छी बल्लेबाजी की और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए अर्द्धशतकीय साझेदारी हुई। गिल और सूर्यकुमार ने खेल रुकने तक 62 रनों की साझेदारी कर ली थी। सूर्यकुमार 24 गेंदों पर तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 39 रन और गिल 20 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 37 रन बनाकर नाबाद रहे। अभिषेक शर्मा 19 रन बनाकर आउट हुए जिनका विकेट नाथन एलिस ने लिया। (अनंत ज्ञान)

## वुमंस वर्ल्ड कप : साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड में कांटेदार टक्कर



**एजेंसी, गुवाहाटी**

साउथ अफ्रीका ने वुमंस वनडे वर्ल्ड कप के पहले सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 320 रन का टारगेट दिया है। जवाबी पारी में इंग्लैंड ने 29 ओवर में 5 विकेट पर 143 रन बना लिए थे। नैट सिवर-ब्रंट (64) और एलिस कैप्सी (50) रन बनाकर आउट हो गईं।

**एलिस कैप्सी अर्द्धशतक लगाकर आउट, ब्रंट की सिक्स से फिफ्टी पूरी**

ब्रंट-कैप्सी ने चौथे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी करके पारी को संभाल लिया है। इंग्लिश टीम ने शून्य पर टॉप-3 विकेट गंवा दिए थे। एमी जोन्स, हीथर नाइट और टैमी ब्यूमोंट जीरो पर पवेलियन लौट गईं। गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। साउथ अफ्रीका ने 50 ओवर के बाद 7 विकेट के नुकसान पर 319 रन बनाए। कप्तान लौरा वोलवार्ट ने 143 बॉल पर 169 रन की पारी खेली। उन्होंने 20 चौके और 4 छक्के लगाए। मारिजान कैप ने 42 और क्लो ट्रायॉन ने नाबाद 33 रन बनाए। सोफी एकलस्टन ने चार विकेट झटके। लॉरेन बेल को 2 विकेट मिले। (अनंत ज्ञान)

## रोहित शर्मा ने रचा इतिहास, बने दुनिया के नंबर-1 वनडे बल्लेबाज

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बुधवार को दुनिया के नंबर-वन वनडे बल्लेबाज बनने वाले सबसे उम्रदराज भारतीय क्रिकेटर बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने अपने वनडे कप्तान शुभमन गिल को पछाड़कर रैंकिंग में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का खिताब अपने नाम किया। मुंबई के 38 वर्षीय इस क्रिकेटर ने बुधवार को दो पायदान की छलांग लगाकर अपने करियर में पहली बार आईसीसी वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर-वन स्थान हासिल किया।

रोहित ने भारतीय कप्तान शुभमन गिल को पीछे छोड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया है। रोहित के नाम पिछले हफ्ते 745 रेटिंग अंक थे। उन्होंने 23 अक्तूबर को एडिलेड ओवल में भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए दूसरे वनडे में 97 गेंदों पर 73 रन बनाए। जबकि 25 अक्तूबर को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए तीसरे मैच में 125 गेंदों पर 121 रन बनाकर नाबाद रहे। रोहित शर्मा के बल्ले से दो बड़े प्रदर्शन ने उन्हें 781 हासिल करने में मदद की। इससे पहले बल्लेबाजों की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज बल्लेबाज महान सचिन तेंदुलकर थे। जब वह 2011 में 38 साल की उम्र में टेस्ट फॉर्मेट की लिस्ट में शीर्ष पर पहुंचे थे। अब रोहित ने अपने साथियों को पीछे छोड़ दिया है। पूर्व भारतीय कप्तान ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने तीन मैचों में 101 की औसत से 202 रन बनाए। इसमें सीरीज के तीसरे और अंतिम मैच में लगाया गया नाबाद शतक भी शामिल है। रोहित ने पारी की शुरुआत करते हुए बल्ले से अपने असाधारण प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी जीता।

रोहित शर्मा अपने शानदार करियर में पहली बार आईसीसी रैंकिंग में नंबर-वन बल्लेबाज बने हैं। वह इतिहास में शीर्ष स्थान पर पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ियों में से एक हैं। रोहित के लिए 38 साल और 182 दिन की उम्र में नंबर एक स्थान हासिल करना निश्चित रूप से एक उपलब्धि है। (अनंत ज्ञान)

वुमंस वर्ल्ड कप | हरमनप्रीत को खेलनी होगी आठ साल पहले जैसी जादुई पारी

## भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरा सेमीफाइनल आज

**एजेंसी, नवी मुंबई**



भाग्य के सहारे अंतिम चार में जगह बनाने वाली भारतीय टीम को महिला वनडे विश्व कप के गुरुवार को यहां होने वाले दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा और उसे उम्मीद रहेगी कि कप्तान हरमनप्रीत कौर आठ साल पहले खेली गई जादुई पारी जैसा करिश्मा दिखाने में सफल रहेगी।

हरमनप्रीत की 2017 में इंग्लैंड के डर्बी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 115 गेंदों में नाबाद 171 रन की पारी एक महत्वपूर्ण क्षण था, जिसने महिला क्रिकेट को सुर्खियों में ला दिया था। सात बार के विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया पर जीत से न केवल भारत का आत्मविश्वास बढ़ेगा, बल्कि आईसीसी खिताब जीतने की उसकी उम्मीदों को भी पंख लग जाएंगे।

भारतीय टीम के प्रदर्शन में अभी तक निरंतरता का अभाव रहा है और उसके पास ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को पराजित करने का यह सुनहरा मौका है, लेकिन इसके लिए उसके खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। वर्तमान विश्व कप में भारतीय टीम का प्रदर्शन अभी तक उतार चढ़ाव वाला रहा है। पहले दो मैच में जीत के बाद उसे लगातार तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके बाद उसने अच्छी वापसी की और सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रही, लेकिन इस दौरान प्रतीका रावल चोटिल होकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई जो भारतीय टीम के लिए करारा झटका है, क्योंकि यह सलामी बल्लेबाज अच्छी फॉर्म में चल रही थी। ऑस्ट्रेलिया की टीम हर विभाग में मजबूत है। शायद ही कोई अन्य टीम हो जो उनके कौशल या दृढ़ता की बराबरी कर सके, लेकिन यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि टीम उस दिन कितना अच्छा खेल दिखाती है। ऑस्ट्रेलिया को इस बात का अच्छी तरह से एहसास होगा कि भारत उसके सामने कड़ी चुनौती पेश कर सकता है। (अनंत ज्ञान)

**मैच : दोपहर 3.00 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारतः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), उमा छेत्री (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, अमनजोत कौर, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, श्री चरणी, राधा यादव।

**ऑस्ट्रेलियाः** एलिसा हीली (कप्तान और विकेटकीपर), ताहलिया मैकग्राथ (उपकप्तान), एलिस पेरी, बेथ मूनी (विकेटकीपर), फोबे लिचफील्ड, जॉर्जिया वोल, एशले गार्डनर, किम गर्थ, हीथर ग्राहम, अलाना किंग, सोफी मोलिनक्स, एनाबेल सदरलैंड, डार्सी ब्राउन, मेगन स्कुट, जॉर्जिया वेयरहैम।

## रेड्डी की गर्दन में ऐंठन, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले तीन टी20 मैचों से बाहर

**एजेंसी, कैनबरा**




ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी गर्दन में ऐंठन के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को यह जानकारी दी।

रेड्डी क्वाड्रिसेप्स की चोट के कारण सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच से बाहर हो गए थे। वह अब एक नई परेशानी से जूझ रहे हैं। बीसीसीआई ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा, ''नीतीश कुमार रेड्डी पहले तीन टी20 मैचों से बाहर हो गए हैं। एडिलेड में दूसरे वनडे के दौरान बाएं क्वाड्रिसेप्स की चोट से उबर रहे इस ऑलराउंडर ने गर्दन में ऐंठन की शिकायत की है, जिससे उनकी रिकवरी प्रभावित हुई है। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी प्रगति पर नज़र रख रही है।'' यह 22 वर्षीय खिलाड़ी इससे पहले भी चोटों से जूझता रहा है। (अनंत ज्ञान)

## अल्काराज पेरिस मास्टर्स के दूसरे दौर में बाहर

**एजेंसी, पेरिस।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने पहला सेट जीतने के बाद लगातार गलतियां की जिसके कारण उन्हें पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में बाहर का रास्ता देखना पड़ा। अल्काराज को गैरवरीय कैमरून नॉरी ने 4-6, 6-3, 6-4 से हराया। छह बार के ग्रैंड स्लैम विजेता ने दूसरा सेट हारने के बाद कोच जुआन कार्लोस फेरेरो के साथ भी चर्चा की। अल्काराज ने मैच के बाद कहा, ''मैं अपने खेल से वास्तव में निराश हूं। आज मुझे अच्छा नहीं लग रहा था और मैंने बहुत सारी गलतियां की।'' इस हार के साथ ही अल्काराज का मास्टर्स प्रतियोगिताओं में 17 मैचों से चला आ रहा विजय अभियान भी टूट गया। यही नहीं उन्हें अपनी नंबर एक रैंकिंग से भी हाथ धोना पड़ सकता है क्योंकि अगर दूसरे स्थान पर काबिज यानिक सिनर यह टूर्नामेंट जीत जाते हैं तो एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच जाएगे। अल्काराज ने इस सत्र में आठ खिताब जीते हैं, जिसमें फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन के अलावा तीन मास्टर्स टूर्नामेंट भी शामिल हैं।



## भारत-ए बनाम दक्षिण अफ्रीका-ए ऋषभ पंत की वापसी पर रहेगी निगाह

**एजेंसी, बेंगलुरु**

भारत ए और दक्षिण अफ्रीका ए के बीच गुरुवार से यहां शुरू हो रहे चार दिवसीय अनौपचारिक टेस्ट मैच में ऋषभ पंत की चोट के कारण तीन महीने के ब्रेक के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी मुख्य आकर्षण होगी।

पंत इस बीच वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में नहीं खेल पाए थे, लेकिन बीसीसीआई के सीओई मैदान पर होने वाले दो अनौपचारिक टेस्ट मैच से उन्हें विश्व चैंपियन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले मैच अभ्यास का महत्वपूर्ण मौका मिलेगा। दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ होने वाले इन मैच में वह भारत ए की कप्तानी भी करेंगे। यह 28 वर्षीय खिलाड़ी सीनियर टीम में ध्रुव जुरेल की जगह ले सकता है, जिन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। वहीं, साई सुदर्शन ने अपना अंतिम मैच इस महीने की शुरुआत में दिल्ली में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में खेला था और ये दो मैच उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज से पहले अपने खेल में निखार लाने का मौका प्रदान करेंगे।



वहीं, दक्षिण अफ्रीका का सवाल है तो वह जुबैर हमजा के प्रदर्शन पर नजर रखेगा, जिन्हें लगभग दो साल के अंतराल के बाद टेस्ट टीम में वापस बुलाया गया है। हमजा इस समय अच्छी फॉर्म में हैं और उन्होंने पिछले छह प्रथम श्रेणी मैचों में दो शतक और दो अर्द्धशतक बनाए हैं। (अनंत ज्ञान)

## दक्षिण अफ्रीका की पाकिस्तान पर बड़ी जीत, खाता भी नहीं खोल पाए बाबर

**एजेंसी, रावलपिंडी**

स्टार बल्लेबाज बाबर आजम की टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी यादगार नहीं रही और वह खाता भी नहीं खोल पाए, जिससे दक्षिण अफ्रीका की अपेक्षाकृत कमजोर टीम टीम ने तीन मैचों की सीरीज के पहले मैच में पाकिस्तान को 55 रन से हरा दिया।

पाकिस्तान की टीम कोर्बिन बॉश के दोहरे झटकों से नहीं उबर पाई और उसकी टीम 195 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 139 रन पर आउट हो गई। इससे पहले कप्तान डोनोवन फरेरा के टॉस हारने और पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने नौ विकेट पर 194 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। उसकी तरफ से सलामी बल्लेबाज रीजा हेंड्रिक्स ने 40 गेंदों पर 60 और जॉर्ज लिंडे ने 22 गेंदों पर 36 रन बनाए।



बाबर ने इससे पहले आखिरी बार दिसंबर 2024 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 मैच खेला था। वह केवल दो गेंद तक टिक सके और पावर प्ले के अंदर कवर में हेंड्रिक्स को कैच दे बैठे। बाबर जब बल्लेबाजी के लिए उतरे तो दर्शकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। उन्हें रोहित शर्मा के टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 4,231 रन के सर्वाधिक रन के रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए नौ रन की जरूरत थी लेकिन वह आते ही पवेलियन लौट गए, जिससे स्टेडियम में सन्नाटा पसर गया। पाकिस्तान की तरफ से सैम अयूब ने 37 और मोहम्मद नवाज ने 36 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से बॉश ने 14 रन देकर चार और लिंडे ने 31 रन देकर तीन विकेट लिए। (अनंत ज्ञान)

वनडे क्रिकेट | सीरीज में 2-0 की बनाई बढ़त, मिचेल-रचिन रवींद्र ने लगाए अर्द्धशतक

## न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड से दूसरा वनडे 5 विकेट से जीता

**एजेंसी, हैमिल्टन**

न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डैरेल मिचेल ने दूसरे वनडे में भी इंग्लैंड के खिलाफ कमाल अर्द्धशतक ठोक अपनी टीम को जीत दिला दी। दूसरे वनडे में जीत के साथ ही न्यूजीलैंड ने सीरीज भी अपने नाम कर ली। तीन मैचों की सीरीज में न्यूजीलैंड को 2-0 की अजेय बढ़त हासिल हो गई है।

इंग्लैंड ने हैमिल्टन वनडे में महज 175 रन बनाए और जवाब में न्यूजीलैंड ने यह लक्ष्य 33.1 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। डैरेल मिचेल ने नाबाद 56 रन बनाए। रचिन रवींद्र ने 54 रनों की पारी खेली। कप्तान मिचेल सैंटनर ने महज 17 गेंदों में नाबाद 34 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। इंग्लैंड की बल्लेबाजी लगातार दूसरे वनडे में फेल हुई है। एक बार फिर यह टीम पचास ओवर भी नहीं खेल पाई।



शॉट खेलता न्यूजीलैंड का बल्लेबाज रचिन रवींद्र।

दूसरे वनडे में इंग्लैंड की टीम सिर्फ 36 ओवर में ढेर हो गई। टिकनर और नाथन स्मिथ ने इंग्लैंड को चोट पहुंचाते हुए मिलकर 6 शिकार किए। टिकनर ने करियर का बेस्ट प्रदर्शन करते हुए 34 रन देकर चार विकेट झटके। इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा 42 रन जेमी ओवर्टन ने बनाए। पिछले मैच के शतकवीर कप्तान हैरी ब्रूक 34 रन पर आउट हो गए। जेमी स्मिथ, डकेट, रूट, जॉस बटलर कोई नहीं चला। न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही, विल यंग बिना खाता खोले आउट हो गए। विलियमसन भी 21 ही रन बना सके, लेकिन इसके बाद रचिन रवींद्र और डैरेल मिचेल ने अर्धशतक जमाकर इंग्लैंड की हार तय कर दी. ।खासतौर पर डैरेल मिचेल ने 2 छक्के और 6 चौकों की मदद से नाबाद 56 रन बनाकर इंग्लैंड को चोट पहुंचाई। बता दें यह बल्लेबाज दोनों मैचों में आउट ही नहीं हुआ। मिचेल वनडे सीरीज में अब तक 134 रन बना चुके हैं। (अनंत ज्ञान)